सुप्रभात
रांची, सोमवार
28.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैशाख, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 283 | 12 | आर्थिक आंकड़ों पर शेयर बाजार की नजर



## न्यूज डायरी

### कुएं में गिरी वैन, 10 लोगों की मौत, चार घायल

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में नारायणगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम काचरिया चौपाटी के पास रविवार दोपहर श्रद्धालुओं से भरी एक तेज रफ्तार वाहन, मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद कुएं में जा गिरी। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गयी, जबकि चार लोग घायल हो गये। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### सचेत ऐप से प्राकृतिक आपदा में पायें सहायता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी ने कहा कि अब प्राकृतिक आपदा की स्थिति में लोग मोबाइल पर सचेत ऐप से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह ऐप, भारत की नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट ऑथोरिटी ने तैयार किया है। बाढ़, साइक्लोन, लैंड-स्लाइड, सुनामी, जंगलों की आग, हिम-स्खलन, आंधी, तूफान या फिर बिजली गिरने जैसी आपदाएं हो, सचेत ऐप आपको हर प्रकार से सूचित और सुरक्षित रखने का प्रयास करता है। इस ऐप से मौसम विभाग से जुड़े अपडेट्स प्राप्त कर सकते हैं।

### युवक की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**दुमका।** जिला के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के सीमावर्ती रामपुरहाट थाना के सालभादरा पेट्रोल पंप के समीप हथियारबंद अपराधियों ने 28 वर्षीय पत्थर व्यवसायी सुदीप बास्की की गोली मारकर हत्या कर दी। मामला पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट थाना क्षेत्र का था। अभी तक किसी अपराधी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।

### झेलम नदी से पानी छोड़ा पीओके में मची तबाही

**इस्लामाबाद/नयी दिल्ली।** भारत की ओर से झेलम नदी से पानी छोड़े जाने से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बाढ़ की चेतावनी जारी कर दी गयी है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने पीओके के हट्टियन बाला जिले में जल आपातकाल की घोषणा की है। वहीं मुजफ्फराबाद क्षेत्र में जल स्तर में तेजी से वृद्धि देखी गयी। नागरिकों में भारी अफरातफरी मच गयी है।

### भारत के कड़ी कार्रवाई से गिड़गिड़ा रहे बिलावल भुट्टो

**नयी दिल्ली।** पहलगाम मामले में भारत के एक्शन से पूरे पाकिस्तान में खौफ है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने भारत को मुहतोड़ जवाब देने की धमकी दी थी। वहीं अब विलावल भुट्टो ने दोनों देशों से विवादों के समाधान के लिए बातचीत का सहारा लेने का आग्रह किया है। पाकिस्तान भी बैकफुट पर आ गया है। बातचीत से तनाव को कम करने के लिए गिड़गिड़ा रहा है। हालांकि भारत ने पाकिस्तानी सरकार की बातचीत की पेशकश ठुकरा दिया। मतलब साफ है कि भारत आतंकी हमले पर पाकिस्तान को करारा जवाब देने के लिए तैयार है।

## पहलगाम को ले कर हर भारतीय का खून खौल रहा है: मोदी

# पीड़ितों को न्याय और दोषियों को कठोर सजा दे कर रहेंगे

**मन की बात कार्यक्रम**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ित परिवारों को न्याय अवश्य मिलेगा और हमले के साजिशकर्ताओं को कठोरतम दंड दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है और आतंकवाद के खिलाफ 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता इस लड़ाई की सबसे बड़ी ताकत है। श्री मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने इस हमले में अपने परिजनों को खोया है, उनका दर्द देश का प्रत्येक व्यक्ति महसूस कर रहा है। हर भारतीय का खून आतंकी हमले की तस्वीरों को देखकर खौल रहा है।

मन की बात के 121वें में एपिसोड में देशवासियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकी हमले के बाद लगातार दुनिया-भर से संवेदनाएं आ रही हैं। मुझे भी वैश्विक नेताओं ने फोन किए हैं, पत्र लिखे हैं, संदेश भेजे हैं। इस जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सभी ने कठोर निंदा की है। पूरा विश्व, आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में भारतीयों के साथ खड़ा है।

उन्होंने कहा, मैं पीड़ित परिवारों को फिर भरोसा देता हूँ कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा। आज दुनिया देख रही है कि इस हमले के बाद भारत एक स्वर में आतंक के खिलाफ खड़ा हुआ है।

> पहलगाम आतंकी हमले में जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, उनका दर्द देश का प्रत्येक व्यक्ति महसूस कर रहा है। हर भारतीय का खून आतंकी हमले की तस्वीरों को देखकर खौल रहा है। पूरा विश्व आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में भारतीयों के साथ खड़ा है।
> **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### जम्मू-कश्मीर में शांति लौट रही थी, ये भारत के दुश्मनों को रास नहीं आया...

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेजों में चहल-पहल थी, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आयी थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमायी बढ़ रही थी, युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हो रहे थे। देश और जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। उन्होंने कहा कि आतंकी और आतंक के आका चाहते हैं, कश्मीर फिर से तबाह हो जाए और इसलिए इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर इस चुनौती का मुकाबला करें। उन्होंने कहा, हमें अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करना है और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में एकजुट रहना है।

### मोहन भागवत बोले- राजा, प्रजा की रक्षा का कर्त्तव्य निभाये

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि हिन्दू संस्कृति में शत्रु का वध भी उसकी कल्याण की कामना के साथ अंतिम उपाय के रूप में किया जाता है, क्योंकि राजा का कर्त्तव्य प्रजा की रक्षा करना है और राजा को यह कर्त्तव्य अवश्य निभाना चाहिए। डॉ. भागवत ने यहां प्रधानमंत्री संग्रहालय में विश्व हिन्दू परिषद के संयुक्त महामंत्री स्वामी विज्ञानानंद की पुस्तक दि हिन्दू मैनिफेस्टो के विमोचन के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। सर संघचालक ने कहा कि विश्व आज दो रास्तों पर चल रहा है लेकिन आज विश्व का तीसरे रास्ते की आवश्यकता है। दुनिया भर के चिंतकों को यह सोचना होगा। उन्होंने कहा कि कुछ सदियों में कई प्रयोग हुए हैं लेकिन सफलता नहीं मिली। सुविधा, सुख बढ़े लेकिन समाधान नहीं निकला। भूमि अशुद्ध हो गयी। विकास हुआ। विश्व के पीछे जड़ता है चैतन्यता नहीं। दुनिया ने दोनों प्रकार के पर्याय देखे हैं। तीसरा पर्याय केवल भारत में है।

# आतंक के खात्मे की तैयारी शुरू सेना का सर्च ऑपरेशन भी जारी

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले सीडीएस, बीएसएफ चीफ भी गृह मंत्रालय पहुंचे

- भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़े फैसले भी लिये।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई शुरू कर दी है। सुरक्षा बल जम्मू-कश्मीर में सर्च ऑपरेशन लगातार चला रहे हैं, जबकि एनआइए इस मामले की गहन जांच में जुट गयी है। इस बीच, रक्षा और सुरक्षा से जुड़े शीर्ष अधिकारियों की बैठकों का दौर भी जारी है। इसी क्रम में रविवार को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ-सीडीएस जनरल अनिल चौहान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर एक अहम बैठक के लिए पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, यह बैठक आतंकियों के खात्मे और जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने की रणनीति पर केंद्रित रही। वहीं दूसरी ओर, बीएसएफ के डायरेक्टर जनरल दलजीत सिंह चौधरी भी गृह मंत्रालय पहुंचे, जहां आतंकवाद के खिलाफ चल रही कार्रवाइयों और सीमा सुरक्षा पर चर्चा हुई।

**सुरक्षा बलों का सर्च ऑपरेशन तेज :** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के जंगलों और संवेदनशील इलाकों में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है, और आतंकियों की तलाश के लिए सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ संयुक्त रूप से अभियान चला रहे हैं।



सीडीएस जनरल अनिल चौहान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर।

### भारत ने दिखायी एंटी शिप मिसाइल की ताकत, नेवी ने कहा- हम तैयार


एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच, भारतीय नौसेना अपनी युद्ध तैयारियों को लगातार पुख्ता करने में जुटी है। रविवार को नौसेना ने बताया कि चालक दल की तत्परता को प्रदर्शित करने के लिए उन्होंने कई सफल एंटी-शिप फायरिंग की। भारतीय नौसेना किसी भी समय, कहीं भी, किसी भी तरह से राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए युद्ध के लिए तैयार है। नौसैनिक ने कई सफल एंटी-शिप फायरिंग टेस्ट को अंजाम दिया गया है। इंडियन नेवी ने अपनी युद्ध तैयारियों को लेकर वीडियो भी शेयर किए हैं, जिनमें जहाजों से मिसाइलें दागी जा रही हैं। इंडियन नेवी के इस पोस्ट को भारत के दुश्मनों के लिए एक स्पष्ट चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है।



**आइएनएस सूरत का सफल मिसाइल परीक्षण :** भारतीय नौसेना ने अपनी ताकत का प्रदर्शन करते हुए, युद्धपोत आईएनएस सूरत का परीक्षण किया। यह परीक्षण भारतीय नौसेना के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह टेस्ट महत्वपूर्ण है, क्योंकि पाकिस्तान द्वारा अरब सागर में अपने आगामी मिसाइल परीक्षण के बारे में समुद्री चेतावनी जारी करने के कुछ ही घंटों बाद हुआ।

### चारधाम यात्रा पर आने वाले पाकिस्तान के हिदू नागरिकों की यात्रा पर रोक



एजेंसी

**देहरादून।** पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तानी हिंदू नागरिकों की चारधाम यात्रा पर रोक लगा दी है। भारत सरकार के इस फैसले के बाद चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके 77 पाकिस्तानी श्रद्धालु अब यात्रा नहीं कर पाएंगे। उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि चारधाम एवं हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए 77 पाकिस्तानी हिंदू यात्रियों ने पंजीकरण कराया था, उन सभी का पंजीकरण सुरक्षा कारणों से तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक 22 लाख से अधिक श्रद्धालु ऑनलाइन पंजीकरण करा चुके हैं। इनमें 185 देशों के 25 हजार से अधिक विदेशी श्रद्धालु भी हैं।

**30 अप्रैल से चारधाम यात्रा हो रही शुरू :** बता दें कि 30 अप्रैल से उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की शुरूआत होने जा रही है। हर साल की तरह इस बार भी बाबा केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है।

# भारत से 537 लोग पाकिस्तान गये, 850 भारतीय स्वदेश आये

एजेंसी

**चंडीगढ़।** भारत में वीजा अवधि समाप्त होने के बावजूद रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी का सिलसिला जारी है। रविवार शाम तक 537 पाकिस्तानी नागरिक अटारी-बाघा बार्डर के रास्ते पाकिस्तान वापस गये। वहीं 850 भारतीय पाकिस्तान से वापस आये।

केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी के लिए दो दिन का समय और बढ़ा दिया है। पिछले चार दिन से अटारी-बाघा बार्डर पर लोगों का जमघट लगा है। अपने मुल्क लौटने वाले हरेक के मन में पीड़ा-टीस और आक्रोश है। यह इसलिए कि कुछ लोगों के कारण दोनों मुल्कों के रिश्ते खराब हुए और उसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। दिल्ली की रहने वाली और पाक में ब्याही राबिका वतन वापसी के दौरान काफी आक्रोशित दिखाई दी। वह बीते पांच सालों से मायके आने के लिए वीजा अप्लाई करती रहीं लेकिन नहीं दिया गया। इस बीच उनकी मां, दो भाई और भतीजे की मौत हो गई, लेकिन उस दौरान भी उनको नहीं आने दिया गया। उन्होंने बताया कि इस बार उनको 45 दिन का वीजा मिला और मायके आयी लेकिन दो दिन में ही वापसी करनी पड़ रही है। वह दोनों ही सरकारों को कोसती हुई वापस चली गयी।



उधर, पाकिस्तान के सिंध प्रांत से आए हिंदुओं का एक दल रविवार को भारत लौट आया। सिंध प्रांत के रहने वाले इस दल में 45 व्यस्क और 15 बच्चे थे। गुरदासपुर, अमृतसर, फिरोजपुर और पंजाब के अन्य सीमावर्ती जिलों से भी कई पाकिस्तानी नागरिक रविवार को सीमा की ओर रवाना हुए। अधिकारियों ने हर स्थान पर दस्तावेजों की जांच की ताकि कोई भी बिना अनुमति भारत में न रह सके।

## आतंकी हमले में मृतकों के प्रति जतायी संवेदना

# पीड़ित परिवारों को चार महीने का वेतन देंगे मंत्री डॉ. इरफान अंसारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस हमले को भारत की आत्मा पर हमला बताया है। साथ ही दरियादिली का परिचय देते हुए इस आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को अपने चार महीने का वेतन देकर श्रद्धांजलि देने की घोषणा की। इस बात का ऐलान उन्होंने सोशल मीडिया के अपने एक्स हैंडल पर किया है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने अपने पोस्ट के जरिये कहा है कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर किया गया हमला न केवल मानवता पर हमला है, बल्कि उन्होंने भारत की आत्मा और प्रत्येक भारतवासी पर हमला किया है। इस घटना ने मुझे काफी अंदर तक झकझोर दिया है। मैंने निर्णय लिया है कि शहीद परिवारों को मैं अपने 4 महीने का वेतन श्रद्धांजलि के तौर पर दूंगा। यह मेरा फर्ज है कि मैं पीड़ित परिवारों के इस दुःख में उनके साथ खड़ा रह सकूं। शहीदों का बलिदान अमूल्य है। परिवारों के साथ मेरी पूरी संवेदनाएं हैं।



## कार्टून कोना




## जंगल में चुपचाप 22 घंटे पैदल चल कर पहलगाम पहुंचे और मचायी तबाही

# एनआइए ने किया बड़ा खुलासा, स्थानीय आदिल थोकर ने आतंकियों को बैसरन घाटी तक पहुंचाया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गृह मंत्रालय के आदेश पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी-एनआईए ने पहलगाम आतंकी हमले का मामला औपचारिक रूप से अपने हाथों में ले लिया है। इस क्रम में एनआइए की टीम बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले को लेकर घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्र कर रही है। इधर जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आये हैं। एनआइए ने खुलासा किया कि आतंकियों ने घने जंगलों के रास्ते घंटों पैदल चलकर इस वारदात को अंजाम दिया। जांच में सामने आया है कि आतंकी जंगलों के रास्ते लगभग 20 से 22 घंटे का कठिन सफर तय कर बैसरन घाटी पहुंचे थे। वह घनी झाड़ियों और पहाड़ी रास्तों से चुपचाप आगे बढ़ते रहे ताकि किसी को भनक तक न लगे। स्थानीय आतंकी आदिल थोकर ने उन्हें सही रास्ता दिखाने और गाइड करने का काम किया।




**आधुनिक और घातक एके-47 और अमेरिकी एम-4 से किया हमला**

जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि हमले में आतंकियों ने आधुनिक और घातक हथियारों का इस्तेमाल किया। घटनास्थल से एके-47 राइफल और अमेरिकी एम-4 असॉल्ट राइफलों के कारतूस बरामद किये गये। ये हथियार उनकी तैयारी और मंशा दोनों को दर्शाते हैं कि वह कितनी बड़ी तबाही फैलाने आये थे। आतंकियों ने पहले पर्यटकों के मोबाइल फोन छीने थे। इसका मकसद यह था कि किसी भी तरीके से सुरक्षा एजेंसियों को खबर न हो और लोकेशन ट्रैकिंग से बचा जा सके। फोन छीनने के बाद उन्होंने हमला तेज कर दिया। बताया जा रहा है कि एक स्थानीय फोटोग्राफर ने हमले के समय डरते-डरते ऊंचाई से इस वीडियो को रिकॉर्ड किया। वीडियो में आतंकियों की हरकतें साफ दिखाई दे रही हैं। इससे एनआइए को हमले की जांच में मदद मिल रही है।

**आदिल थोकर था गाइड की भूमिका में :** जांच में यह बात भी पक्की हो गयी है कि आदिल थोकर नामक स्थानीय आतंकी ने न सिर्फ बाहर से आये पाकिस्तानी आतंकियों को जंगल के रास्ते बैसरन घाटी तक पहुंचाया बल्कि हमले के दौरान भी उनका साथ दिया। फिलहाल आदिल थोकर की पहचान पूरी तरह हो चुकी है और सुरक्षाबलों ने उसकी तलाश तेज कर दी है।

**सेना के अफसर बने चश्मदीद :** सूत्रों के अनुसार, भारतीय सेना के एक अफसर भी घटना के समय घाटी में मौजूद थे। वह छुट्टी पर थे और पहलगाम घूमने गये थे। हमले के बाद उन्होंने तुरंत कुछ महत्वपूर्ण सुराग सुरक्षाबलों और एनआइए को सौंपे हैं जो जांच में बेहद अहम साबित हो रहे हैं।

## पहलगाम आतंकी हमले पर विवादित पोस्ट

# सात राज्यों में 28 हुए गिरफ्तार, इनमें विधायक, पत्रकार, वकील और स्टूडेंट

**कार्रवाई**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देशभर में पहलगाम आतंकी हमले पर विवादित पोस्ट करने पर कई राज्यों में गिरफ्तारियां की जा रही हैं। सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी करने पर 7 राज्यों से 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी गिरफ्तारियों में असम के विपक्षी पार्टी के विधायक, एक पत्रकार, एक वकील, 2 रिटायर्ड टीचर और 23 स्टूडेंट शामिल हैं। सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करने पर उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, असम, मेघालय और त्रिपुरा में गिरफ्तारियों हुई हैं। सबसे अधिक 16 गिरफ्तारी असम से की गयी है।

**विधायक की विवादित टिप्पणी,**



**राजद्रोह का केस दर्ज :** पहलगाम हमले पर सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी करने को लेकर पहली गिरफ्तारी 24 अप्रैल को असम के एक विधायक की हुई। गिरफ्तार विधायक अमीनुल इस्लाम ने 2019 के पुलवामा हमले और 22 अप्रैल के पहलगाम हमले को सरकार की साजिश बताया था। उन पर राजद्रोह का केस दर्ज हुआ और 25 अप्रैल को उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया। इधर विधायक की विवादित टिप्पणी पर पुलिस 24 अप्रैल को गिरफ्तारी के लिए उनके घर पहुंची।

# संविधान बचाओ रैली का उद्देश्य संविधान की मूल प्रस्तावना को बचाना है : केशव कमलेश

- संविधान बचाओ रैली की सफलता को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने की अग्रिम संगठनों के साथ बैठक, नेताओं को दिए दिशा निर्देश




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संविधान बचाओ रैली की सफलता हेतु प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में कार्यकारी अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष, महासचिव एवं प्रमुख कांग्रेसजन, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवा दल, इंटक, ओबीसी, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, फिशरमैन कांग्रेस, विधि विभाग, पंचायती राज, पूर्व सैनिक विभाग, रांची जिला एवं रांची महानगर कांग्रेस अध्यक्ष की बैठक रविवार को हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने विभिन्न मोर्चा संगठनों, अग्रिम संगठनों के अध्यक्षों को रैली के संदर्भ में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस क्रम में श्री कमलेश ने कहा कि देश के छात्रों, युवाओं विभिन्न समुदायों का अधिकारों का हनन किया जा रहा है। संविधान के अनुसार देश की शासन व्यवस्था नहीं चल रही है बल्कि संविधान के प्रावधानों को कुचल कर तानाशाही रवैये के साथ निरंकुश शासन प्रणाली अपनायी जा रही है। छात्रों का भविष्य, युवाओं के सपने, महिलाओं का सम्मान, नागरिकों का आत्म सम्मान कुचला जा रहा है। अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरे लोगों की आवाज कोई नहीं सुन रहा, न्यायपालिका को परोक्ष रूप से धमकाने की कोशिश की जा रही है, संविधान की मूल प्रस्तावना को तार तार करने का प्रयास किया जा रहा है, इसके विरोध में कांग्रेस खड़ी है, कांग्रेस उनके मंसूबों को जन सहयोग से पूरा नहीं होने देगी।

बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि अग्रीम मोर्चा संगठनों को संविधान के संदर्भ में महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, युवाओं, महिलाओं और किसानों के बीच विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। समाज के इन प्रमुख वर्गों के बीच जागरूकता फैलने से आम लोगों को स्वतः संवैधानिक अधिकारों के बारे में जानकारी होगी। संविधान बचाओ अभियान अगले 40 दिनों तक पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा और गंभीरता के साथ इस अभियान की समीक्षा प्रतिदिन की जाएगी। एनएसयूआई को विशेष कर पोस्टर एवं पंपलेट के माध्यम से शिक्षण संस्थानों, महिला कांग्रेस को स्वयंसेवी संस्थाओं एवं महिला समिति से संपर्क कर अभियान की जानकारी देकर रैली में सम्मिलित करने की मुहीम चलाने का निर्देश दिया गया, युवा कांग्रेस को विभिन्न युवा संगठनों धार्मिक-सामाजिक संगठनों के माध्यम से सामाजिक गतिविधियां चलाने वाले युवाओं से संपर्क कर अभियान एवं रैली के संबंध में जागरूक करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदीप तुलस्यान, जयशंकर पाठक, संजय पांडे, अमूल्य नीरज खलको, आलोक कुमार दुबे, राजेश गुप्ता छोटू,सोनाल शांति, अभिलाष साहू, शकील अंसारी, अमरिंदर, राजन वर्मा, राकेश किरण महतो, कुमार राजा, विनय उरांव, सूर्यकांत शुक्ला, सुरजीत नागवाला, अख्तर अली, जोसाई मार्डी, प्रशांत पांडेय, बबलू शुक्ला, पप्पू अजहर, मेरी तिर्की, राजू वर्मा, नीतू देवी, धीरज सिंह, संजय कुमार, अनीता टोप्पो, मो रूसतम अली, महमूद अली, सीमा साहु, पार्वती सिंह, आदि उपस्थित थे।

# मन की बात कार्यक्रम में आतंकवाद के खिलाफ कड़े संदेश : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** रविवार को भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में भी आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज फिर एक बार कहा कि आतंकवाद और उसके संरक्षकों पर कठोर कार्रवाई करने के लिये भारत संकल्पित है। इसमें भारत के 140 करोड़ जनता का भरोसा और विश्वास प्राप्त है।

उन्होंने कहा कि इस लड़ाई में पूरा विश्व भारत के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता प्रधानमंत्री के साथ खड़ी है। आतंकवाद, उग्रवाद विकास का दुश्मन है। विकास और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते हैं। इसलिये, आतंकवाद और उसके संरक्षकों पर कड़ी कार्रवाई का समय आ चुका है।

### हेमंत सरकार आतंकवाद के खिलाफ गंभीर नहीं : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर आतंकवाद के खिलाफ गंभीर नहीं होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुये आतंकी हमले के बाद पूरा देश एकजुट होकर इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। केंद्र और राज्य सरकारें कंधे से कंधा मिलाकर आतंकवाद के सफाये के लिये प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से अपने-अपने राज्यों में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर करने का निर्देश दिया था। लेकिन, झारखंड में हेमंत सरकार आतंकवाद के विरुद्ध ठोस कदम उठाने के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत, झामुमो के मंत्री और प्रवक्ता गैर-जिम्मेदाराना और संवेदनहीन बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी, राजनीति करने के लिये आपको कई अवसर मिलेंगे। लेकिन, इस कठिन समय में साढ़े तीन करोड़ झारखंडवासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुये राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कीजिये। उन्होंने कहा कि राज्य में आतंकियों की बढ़ती सक्रियता ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस भले ही समय-समय पर आतंकियों को गिरफ्तार कर रही हो। लेकिन, सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इन आतंकियों को पनाह कौन दे रहा है। इन्हें संसाधन कौन उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ आतंकियों की गिरफ्तारी से आतंकवाद की समस्या को जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता। जब तक इनके पूरे नेटवर्क और मददगारों का पदार्फाश नहीं होगा, तब तक राज्य पूरी तरह सुरक्षित नहीं हो सकता है।

# शिक्षकों के पारस्परिक अंतर जिला स्थानांतरण के लिए 20 जिलों ने नहीं भेजी सूची

- अंतर जिला स्थानांतरण शिक्षक संघ ने काम जल्द पूरा करने की मांग की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**राची।** शिक्षकों के पारस्परिक अंतर जिला स्थानांतरण के लिए प्राथमिक शिक्षा निदेशालय ने सभी जिलों से सत्यापित ऑनलाइन सूची मांगी थी। तय समय सीमा बीत जाने के बाद भी मात्र चार जिलों ने सूची भेजी है। 20 जिलों ने अभी तक सूची नहीं भेजी है। वहां अभी भी सत्यापन का काम चल ही रहा है। अंतर जिला स्थानांतरण शिक्षक संघ के मुख्य प्रदेश प्रतिनिधि प्रेम प्यारे लाल ने सभी जिलों के जिला शिक्षा अधीक्षक से इस काम को जल्द पूरा करने की मांग की है। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में 18 दिसंबर, 2024 को एक पत्र (ज्ञापांक-1511) जारी किया गया था। पत्र के आलोक में 18 अप्रैल, 2025 तक सभी जिलों से सत्यापित कर राज्य को ऑनलाइन सूची भेजी जानी थी। हालांकि अभी तक मात्र 4 जिलों से शिक्षकों की सूची का सत्यापन किया गया है। अभी भी 20 जिलों में सत्यापन का कार्य जारी है।

इस संबंध में प्रदेश प्रतिनिधि प्रेम प्यारे लाल ने निदेशालय में जाकर संयुक्त सचिव नंदकिशोर लाल से मिलकर बात भी की। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी जिलों को पुनःसुचित किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक शिक्षा मंत्री के आदेश पर सभी शिक्षकों के स्थानांतरण नियमावली संशोधन का कार्य किया जा रहा है। उसमें एक अवसर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को अंतर जिला स्थानांतरण का मौका मिले। ऐसा प्रावधान करने को लेकर श्री लाल शीघ्र ही शिक्षा सचिव से मिल कर बात करेंगे। श्री लाल ने इस मुद्दे पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव राम मूर्ति ठाकुर एवं प्रदेश अध्यक्ष अनूप केसरी से बात की। उनसे आग्रह किया है कि स्थानांतरण नियमावली संशोधन में सुझाव मांगे जाने पर एक अवसर अंतर जिला स्थानांतरण के लिए सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं देने के लिए नियमावली में प्रावधान करने की दें, ताकि शिक्षक-शिक्षिकाओं की परेशानियां दूर हो सके। श्री लाल ने कहा कि काफी शिक्षक मानसिक तनाव में रहकर दूसरे जिले में कार्य कर रहे हैं। इसकी वजह से बहुत शिक्षक-शिक्षिकाएं दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। कई काल के गाल में समा चुके हैं। इसीलिए एक बार अंतर जिला स्थानांतरण होना बहुत जरूरी है।

# टाटानगर रेलवे स्टेशन चौक से बनेगा रिंग रोड, डीपीआर बनाने का निर्देश



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्वी सिंहभूम के टाटानगर रेलवे स्टेशन के पास रिंग रोड बनेगा। यह रिंग रोड टाटानगर रेलवे स्टेशन चौक से टाटा हाता मेन रोड तक बनाया जायेगा। पथ निर्माण विभाग ने इस रिंग रोड निर्माण योजना की मंजूरी दी है और इंजीनियरों को इसका डीपीआर बनाने का निर्देश दिया है। बताया जा रहा है कि जमशेदपुर रेलवे स्टेशन चौक के पास आये दिन जाम लगता है। रेलवे स्टेशन होने की वजह से वाहनों का आवागमन काफी है। ऐसे में बाहर ही बाहर वाहन निकल जायें, इसके लिए काफी समय से रिंग रोड निर्माण की योजना पर काम चल रहा था। अब जाकर विभाग ने इसके निर्माण कार्य के लिए कदम बढ़ाया है। विभाग की ओर से कंसलटेंट की तलाश शुरू कर दी गयी है। वहीं इसका सर्वे करने के बाद डीपीआर तैयार किया जायेगा। डीपीआर की मंजूरी सरकार से मिलते ही निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। विभागीय अधिकारियों का कहना है समय की मांग को देखते हुए सरकार ने रिंग रोड बनाने का फैसला लिया है। रिंग रोड के बन जाने से न केवल स्थानीय लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी, बल्कि शहर का भार भी कम होगा।

# झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का तेलंगाना के कृषि मंत्री टी नागेश्वर राव ने किया स्वागत

- प्रारंभिक बैठक में धान की खेती और उन्नत तकनीक पर हुई चर्चा




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** तेलंगाना के कृषि एवं सहकारिता सह हैंडलूम टेक्सटाइल विभाग मंत्री टी नागेश्वर राव ने हैदराबाद में झारखंड के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का रविवार को गर्मजोशी से स्वागत किया। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के साथ हैदराबाद में प्रारंभिक बैठक के दौरान तेलंगाना कृषि विभाग के सचिव एम रघुनंदन राव के साथ हॉर्टिकल्चर डायरेक्टर शेख यास्मीन बाशा भी मौजूद थीं। प्रारंभिक बैठक में तेलंगाना में धान फसल के पैदावार और उसके संग्रहण पर लेकर चर्चा हुई। तेलंगाना सरकार ने कृषि के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए कृषि पदाधिकारियों को बड़ी संख्या में बहाल कर रखा है, जो किसानों के लिए उनकी खेती-बाड़ी में सबसे ज्यादा मददगार साबित हो रहे हैं। कृषि के क्षेत्र में तेलंगाना सरकार के द्वारा अपनाए जा रहे उन्नत तकनीक को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई। 28 अप्रैल से मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की झारखंड के अधिकारियों के साथ तेलंगाना के संस्थानों का दौरा और उनके अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।

# राज्य के स्कूलों को अब मिलेंगे मिड-डे मील को अधिक पैसे, एक मई से होगी लागू नयी दर

- केंद्र ने बढ़ाई कुकिंग कॉस्ट की राशि, केंद्रांश एवं राज्यांश दोनों बढ़े



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत सरकारी स्कूलों को मिड-डे मील के लिए अब अधिक राशि मिलेगी। केंद्र सरकार ने इसके कुकिंग कॉस्ट के रूप में स्कूलों को मिलने वाली राशि में वृद्धि की है। यह वृद्धि एक मई से लागू होगी। बाल वाटिका एवं प्राथमिक (पांचवीं कक्षा तक) स्कूलों को कुकिंग कॉस्ट के रूप में प्रति छात्र अब 6.19 रुपये की जगह 6.78 रुपये मिलेंगे। इसी तरह, उच्च प्राथमिक (छठी कक्षा से आठवीं) स्कूलों को प्रति छात्र अब 10.17 रुपये मिलेंगे। पहले इस श्रेणी के स्कूलों को इस मद में प्रति छात्र 9.29 रुपये दिए जाते थे।

**केंद्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर करेंगे खर्च वहन :** बाल वाटिका एवं प्राथमिक स्कूलों को कुकिंग कॉस्ट के रूप में प्रति छात्र मिलने वाले 6.78 रुपये में 4.07 रुपये केंद्र सरकार देगी, जबकि 2.71 रुपये का वहन राज्य सरकार करेगी। इसी तरह, उच्च प्राथमिक स्कूलों को प्रति छात्र मिलने वाले 10.17 रुपये में 6.10 रुपये केंद्र सरकार देगी, जबकि 4.07 रुपये का वहन राज्य सरकार करेगी। बताते चलें कि इस योजना के तहत मिड-डे मील बनाने के लिए खाद्यान्न अलग से उपलब्ध कराए जाते हैं। कुकिंग कास्ट की राशि में ईंधन, सब्जी, तेल, मसाला, नमक आदि का खर्च सम्मिलित होता है।

# राजस्व उपनिरीक्षक संघ की बैठक में आठ प्रस्ताव पारित

- राजस्व उपनिरीक्षक के रिक्त पदों को अविलंब भरने की मांग




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजस्व उपनिरीक्षक के रिक्त पदों को अविलंब भरने, हल्का इकाई का पुनर्गठन करने और ग्रेड पे बढ़ाने समेत 8 मांगों को लेकर झारखंड राज्य राजस्व उप निरीक्षक संघ की बैठक रविवार को शहर अंचल कैंपस में हुई। कार्यकारिणी की इस बैठक की अध्यक्षता राज्य अध्यक्ष अमर किशोर प्रसाद ने की। बैठक में राज्य के सभी 24 जिले के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसमें सर्वसम्मति से आठ प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें वैसे राजस्व उप निरीक्षक, जिनका सेवाकाल तीन वर्ष हो गया है, उनका ग्रेड पे 2400 तत्पश्चात वैसे राजस्व उप निरीक्षक जिन्होंने हिंदी टिप्पण प्रारूपण परीक्षा एवं क्षेत्रीय भाषा उत्तीर्ण हैं, उनका ग्रेड पे 2800 रुपए किया जाये। वहीं, जिन्होंने सेवा संपुष्टि एवं विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है और जिनका सेवाकाल 10 वर्ष हो गया है उनका ग्रेड पे 4200 करने की मांग की गयी। सभी मांगों को 2018 में बने नियमावली में शामिल किया जाये।

इसके अलावा राजस्व प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाये। अंचल निरीक्षक के रिक्त पदों को वरीयता एवं सीमित परीक्षा के माध्यम से प्रोन्नति दी जाए, सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के लिए अनुभव 5 वर्ष निर्धारित किए जायें, हल्का इकाई का पुनर्गठन किया जाए और राजस्व उप निरीक्षक के रिक्त पदों को अविलंब भरा जाए।

संघ ने कहा कि सरकार अगर उनकी मांगों पर दो माह के भीतर कार्रवाई नहीं करती है तो संघ आंदोलन करने को बाध्य होगा।

बैठक को संघ के मुख्य संरक्षक भारत कुमार सिन्हा, महामंत्री दुर्गेश मुंडा, कार्यकारी महामंत्री राजेश कुमार, संयुक्त मंत्री रविंद्र प्रसाद, महावीर प्रसाद, धर्मराज मिश्रा, बिंदेश्वर प्रसाद, रविंद्र शुक्ला, राजेश्वर पंडित, आनंद कुमार, प्रीत लाल रजक, आशुतोष चौबे, मनोज कुमार सिंह, दीपक कुमार पांडे, सुनील कुमार सिंह और बसंत कुमार ने भी संबोधित किया।

मौके पर रितेश कुमार महतो, राजेश्वर पंडित, मुरारी महतो, गुरदेव सिंह मुंडा, साइमन, सुनील कुमार महतो, सुनील कुमार सिंह, संदीप प्रजापति, बेंजामिन कुजूर, प्रवीण कुमार, रवींद्र शुक्ला, आशुतोष चौबे, अमृत पाणिग्रही समेत बड़ी संख्या में राजस्व उप निरीक्षक मौजूद थे।

# लगभग 15 सौ दिनों से लोकायुक्त का पद रिक्त

## भ्रष्टाचार व लोक शिकायत से संबंधित लगभग तीन हजार से अधिक मामले लंबित हैं, नहीं हो रही सुनवाई

- तत्कालीन लोकायुक्त जस्टिस डीएन उपाध्याय के असामयिक निधन के बाद से रिक्त है पद




**उदय चौहान**

**रांची।** अब झारखंड में लोकायुक्त का पद बेमानी हो गया है। करीब 15 सौ दिनों से लोकायुक्त का पद रिक्त है। दरअसल, तत्कालीन लोकायुक्त जस्टिस डीएन उपाध्याय के असमय निधन के बाद से राज्य सरकार इस पद पर बहाली की औपचारिकता पूरी करने से परहेज कर रही है। इसके कारण भ्रष्टाचार से संबंधित दर्ज मामलों की सुनवाई नहीं हो पा रही है। जबकि भ्रष्ट आचरण, भ्रष्टाचार व लोक शिकायत से संबंधित लगभग तीन हजार से अधिक मामले लंबित हो गये हैं। वर्ष 2025 में भी दर्जनों मामले दर्ज किये जा चुके हैं। इसके अलावा, हाइकोर्ट ने भी जल्द से जल्द लोकायुक्त के पद पर बहाली के लिये कड़े निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार के तंत्र में भ्रष्टाचार, कदाचार एवं निष्क्रियता से निपटने के लिये लोकायुक्त कार्यालय की स्थापना की गयी है। ताकि आम व्यक्ति का विश्वास एवं आस्था राज्य प्रशासन में कायम रह सके। झारखंड लोकायुक्त का पद 29 जून 2021 से रिक्त पड़ा हुआ है। तत्कालीन लोकायुक्त जस्टिस डीएन उपाध्याय के आकस्मिक निधन के बाद से ही यह खाली है।

लोकायुक्त कार्यालय में दर्ज किसी परिवाद पर रिपोर्ट मंगाना या समन की कार्रवाई करना जैसे कार्य भी फरवरी 2022 से पूरी तरह से ठप हो गया है। कार्यालय में किसी प्रकार का कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। हालांकि, अधिकारी व कर्मचारी प्रतिदिन समय पर कार्यालय आते हैं। कार्यालय अवधि समाप्त होने पर घर लौट जाते हैं। वेतन की निकासी भी होती है। कार्यालय कर्मी लोकायुक्त की नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, लोकायुक्त का पद रिक्त रहने के कारण परिवाद दायर करनेवाले लोग मायूस हैं।

इधर, राज्य सरकार ने लोकायुक्त के पद पर शीघ्र नियुक्ति का भरोसा दिया है। वहीं, प्रमुख विपक्षी दल भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार के मामलों को संरक्षण देने में जुटी है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के रहते भ्रष्टाचार पर अंकुश लगना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने में जुटी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को लोकायुक्त, सूचना आयोग, महिला आयोग एवं मानवाधिकार आयोग जैसे संस्थाओं को क्रियाशील बनाने के लिये संवेदनशील होना चाहिये।

# सेठी परिवार ने शादी की 25वीं वर्षगांठ पर कराया 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में रविवार को सेठी परिवार ने अपनी शादी की 25वीं वर्षगांठ पर जरूरममंद 26 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया। जीतो संस्था की पूर्व अध्यक्ष पायल सेठी का विवाह श्रवण सेठी के साथ 25 वर्ष पूर्व हुआ था।

इस मौके उन्होंने अपनी शादी की 25वीं वर्षगांठ को यादगार वर्षगांठ बनाने के लिए जरूरममंद 26 जोड़ों का सामूहिक विवाह डंगरा टोली स्थित स्वर्णभूमि हॉल में कराकर इसे एक यादगार पल बना दिया।

सामूहिक विवाह के सभी रस्म पायल-श्रवण सेठी व अन्य गणमाण्य व्यक्तियों द्वारा आचार्य शंकरलाल शर्मा के सान्निध्य में पूरे किये गये। जहां वर-वधू पक्ष के अलावा सैकड़ों लोग विवाह के साक्षी बने।



### भगवान की कृपा से 25 वर-वधू का विवाह कराने का सौभाग्य मिला : पायल सेठी

पायल सेठी ने कहा कि आज भले ही हम अपने शादी की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। लेकिन सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि भगवान की कृपा से 25 वर-वधू का विवाह कराने का सौभाग्य मिला। यह मेरे अब तक के जीवन का सबसे बेहतर पल है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विशिष्ट अतिथि उमादेवी-प्रदीप नारसरिया के अलावा बंधु तिर्की, सांसद महुआ माजी, आईजी अखिलेश झा, डीटीओ अखिलेश कुमार, पूर्व उपमहापौर अजयनाथ शाहदेव, धार्मिक न्यास बोर्ड अध्यक्ष जयशंकर पाठक, नरेंद्र कुमार गंगवाल, झूमरमल सेठी, नरेंद्र पांड्या, अनंत काला, अमित रारा, प्रतिक मोर, पिंटू मुरारका, प्रियंका पाटनी, सरोज पांड्या, अनिता पांड्या सहित कई अन्य समाजीक, धार्मिक संस्थाओं के लोग उपस्थित थे।

# फैशन फॉरवर्ड के रैंप पर दिखा कमाल के कस्टूम कलेक्शन

## अरका जैन विश्वविद्यालय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अरका जैन विश्वविद्यालय के फैशन डिजाइन विभाग ने बेल्डीह क्लब हल में फैशन फरवर्ड नाम से एक फैशन शो अंग्रेजी विभाग के सहयोग से आयोजित कर अपने इन-हाउस डिजाइन कलेक्शंस को दर्शकों के सामने रैंप वाक के माध्यम से रखा। 60 से अधिक मडल्स ने रैंप पर फैशन के ट्रेंड सेट करते हुए कस्टूम्स पेश किये जिसे काफी सराहा गया।

इस शो में जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा दास साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी जिन्होंने कहा कि अरका जैन विश्वविद्यालय कम ही समंय में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में काफी ऊँचा मुकाम हासिल किया है और फैशन फरवर्ड जैसे फैशन शो से विश्वविद्यालय ने साबित किया है कि ये बड़े शहरों के संस्थाओं के समकक्ष खुद को स्थापित कर लिया है। विशिष्ट अतिथियों में को-ओपरेटिव कलेज के प्राचार्य डा अमर सिंह, टाटा स्टील के कर्पोरेट कम्युनिकेशन के पूर्व हेड रूना राजीव कुमार, बंगलोर के और लैक्मे फैशन वीक फेम डिजाइनर पद्म राज केसरी, समाज-सेवी सोनिया खनूजा समेत शहर के नामचीन हस्तियां मौजूद रहीं। विश्वविद्यालय के बोर्ड अफ मैनेजमेंट के अध्यक्ष प्रो एसएस रजी, निदेशक-सह-कुलसचिव ड अमित कुमार श्रीवास्तव, कैंपस डायरेक्टर ड अंगद तिवारी, वित्त पदाधिकारी ऋचा गर्ग, संयुक्त कुलसचिव ड जसबीर सिंह धंजल, फैशन डिजाइन विभाग के प्रोग्राम कोअर्डिनेटर उषा किरण बारला ने अतिथियों का अभिनन्दन किया और अंग्रेजी विभागाध्यक्ष ड राजकुमारी घोष ने औपचारिक स्वागत भाषण दिया।



रैम्प पर जलवा बिखेरते मॉडल।






इस अवसर पर ड अंगद तिवारी ने विश्वविद्यालय की ओर से कहा कि इस शो के मनमोहक कस्टूम्स विश्वविद्यालय के फैशन डिजाइन के विद्यार्थियों ने बनाया है जो इस बात कि अब जमशेदपुर में भी फैशन डिजाइन में ऊँचे स्तर की स्किल बेस्ड पढ़ाई कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि अरका जैन विश्वविद्यालय के फैशन डिजाइन विभाग ने समय को जाना है और अपने विद्यार्थियों को नीड बेस्ड स्किल दिया है।

कुलसचिव ड अमित श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी कोशिश है कि शहर और झारखण्ड राज्य से किसी भी क्षेत्र के शिक्षा के लिए किसी को बाहर पलायन न करना पड़े।

विदित हो कि मुख्य शो के बाद शहर के कई स्कूलों के विद्यार्थियों ने एक रैंप वाक कांटेस्ट में भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम के दरम्यान कंदिशा नृत्य ने भी काफी तालियां बटोरी। उक्त शो को सफल करने में फैशन डिजाइन के विभागीय प्रधान प्रो उषा किरण बारला, सहायक प्राध्यापक अनूप कुमार सिंह, मनीषा सिंह, पूनम कुमारी का विशेष योगदान रहा। साथ ही एमओयू पार्टनर्स कला मंदिर, स्वच्छता पुकारे एवं आदिवासी डट अर्ग के अलावे प्रोजेक्ट रिडेनीम, लैक्मे अकादमी, एक्टिव फर एवर और डर्टी पज का भी सहयोग रहा।

## स्पीड न्यूज




### स्टील एक्सप्रेस में 3 एसी इकोनामी की वृद्धि : अरुण जोशी

**जमशेदपुर।** टाटानगर से हावड़ा के लिए परिचालित ट्रेन संख्या 12814/13 स्टील एक्सप्रेस में एक सेकंड सीटिंग ( डी-12) डब्बे को हटाकर एक 3 एसी इकोनामी कोच का डब्बा लगाया जाने की मांग को पूरा होने पर खुशी व्यक्त करते हुए जेडआरयूसीसी के सदस्य अरुण जोशी ने कहा कि यात्रियों के हित में मेरी यह पुरानी मांग थी। इस मांग को कई बार जेडआरयूसी सही मीटिंग में भी उठाया गया था। श्री जोशी ने कहा कि आज जब स्टील एक्सप्रेस का इसी वर्ष 1 अप्रैल को 55 वर्ष पूरे हुए तो एक बार फिर से इस ट्रेन में वातानुकूलित शयनयान कोच की सुविधा मिलने जा रही है जो कि वर्ष 2018 से इस प्रकार के डब्बे को एलएचबी डब्बे मिलने के दौरान हटा दिया गया था। इस सुविधा से वृद्ध, बीमार लोगों को अब एक सेकंड सीटिंग कोच की जगह लगने से अब सोकर सफर करने की सुविधा मिल जाएगी एवं रेल के राजस्व में भी वृद्धि होगी। उन्होंने इस मांग को पूरा करने लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के उच्चाधिकारीयों एवं इस मांग को पूरा कराने में सहयोग के लिए टाटानगर के रेल फैंस शशांक शेखर स्वाई एवं सोमांको तिरु के प्रति आभार जताया।

### पूर्व सैनिकों ने पाक के राष्ट्रीय ध्वज को रौंदा

**जमशेदपुर।** पहलगाम घटना के बाद पूरा देश गुस्सा से जल रहा है। आज उसी क्रम में पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम की फिटनेस टीम जय हो अपने सहयोगी एवं स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार सिविल समाज के नागरिकों के साथ मिलकर डिमना की वादियों में आक्रोश रैली निकाला। इस रैली में रविवार की छुट्टी होने की वजह से खेलने एवं घूमने आए युवा एवंआम नागरिक भी शामिल हुए। इस रैली में पाकिस्तान मुर्दाबाद आतंकियों को फांसी दो भारतीय सेना जिंदाबाद मोदी जी तुम एक्शन लो हम तुम्हारे साथ हैं आदि के नारे लगे। आक्रोशित भीड़ ने पाकिस्तान के जनरल मुनीर का पुतला एवं पाकिस्तान का झंडा जलाया। लोगों का कहना था की बीते दिनों में भारत सरकार एवं सेना की तरफ से पाकिस्तान को आतंकवाद का रास्ता छोड़ने एवं अमन शांति का पैगाम देने का अनेकों प्रयास हुआ। इसके बदले पाकिस्तान अपने फितरत के अनुरूप कारगिल युद्ध उरी अटैक पुलवामा अटैक और अभी-अभी पहलगाम की घटना को अंजाम दिलाया। जिसमें 28 निर्दोष भारतीय पर्यटकों को धर्म पूछकर मारा गया। आज पूरा देश पाकिस्तान पर हमला करने की मांग कर रहा है। और हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि भारतीय सरकार अपनी सशत्र सेना के अधिकारियों की सूझबूझ से इस निंदनीय घटना का बदला जरूर लेगी। जिससे 140 करोड़ भारतीयों के साथ-साथ पहलगाम में मारे गए नागरिकों के परिवार के कलेजा को ठंडक पहुंचेगी।

# घाघीडीह सेंट्रल जेल के सामने फायरिंग करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार, जेल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** परसूडीह थाना क्षेत्र के घाघीडीह सेंट्रल जेल के सामने 22 अप्रैल को हुई फायरिंग मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने एक संवाददाता सम्मेलन में उक्तजानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना के दिन दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने जेल के सामने फायरिंग की थी और मौके पर एक पर्ची फेंककर फरार हो गए थे। पर्ची में अभिजीत मंडल उर्फ कांडी का नाम लिखा हुआ था, जिसे लेकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। इस मामले की जांच में जुटी पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है, जिनमें शामिल हैं: गणेश कर्मकार एमजीएम थाना क्षेत्र के तुरियाबेड़ा, ब्लू बेल्स हाई स्कूल के पास का निवासी अविनाश कुमार , तुरियाबेड़ा निवासी सौरभ सिंह उर्फ तोड़े और परसूडीह थाना क्षेत्र के गोल पहाड़ी निवासी, राजू मौर्य कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर निवासी।



संवाददाता सम्मेलन में गिरफ्तार आरोपियों को प्रस्तुत करते सिटी एसपी कुमार शिवाशीष व सहयोगी पुलिस पदाधिकारी।

गिरफ्तार आरोपियों में सौरभ सिंह उर्फ तोड़े का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ सीतारामडेरा थाना में हत्या और लूट के दो मामले दर्ज हैं।

सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने प्रेस कन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि सभी आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस इस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

## भोजपुरी साहित्यकार नागेंद्र सिंह की जयंती पर अंगना संस्था का भव्य कवि सम्मेलन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साहित्यिक संस्था 'अंगना' द्वारा भोजपुरी के मूर्धन्य साहित्यकार नागेंद्र सिंह की जयंती के अवसर पर भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कुंवर विजय प्रताप सिंह देव बालिका उच्च विद्यालय, सरायकेला में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक नारायण कुमार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में गायत्री परिवार के राजेश साहू और डीएससी राजेश्वर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके बाद माधवी उपाध्याय ने माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। इसके पश्चात विद्यालय



की छात्राओं ने सुंदर काव्य पाठ किया। साथ ही 11 कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्राओं के उत्ष्ट प्रदर्शन के लिए अंगना संस्था द्वारा पाँचों छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डक्टर संध्या सिन्हा सूफी ने प्राचार्य, कार्यक्रम प्रतिनिधि अनामिका मिश्रा और सभी कवि-कवयित्रियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन विश्व रंजन त्रिपाठी ने अत्यंत सराहनीय ढंग से किया।

## संत कुटिया गुरुद्वारा में गुरुअर्जुन देव जी महाराज के शहीदी दिवस पर 51 यूनिट रक्तदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहीदों के सरताज गुरु अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी दिवस को समर्पित, संतकुटिया गुरूद्वारा कमेटी, सिख नौजवान सभा संतकुटिया, स्त्री सत्संग सभा संतकुटिया ने संयुक्त रूप से ब्रह्मानंद नारायण हस्पिटल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 51 लोगों ने रक्त दान किया। शिविर में रक्तदाताओं की हौंसला अफजाई के लिए मुख्य रूप से सेंट्रल गुरूद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह, चेयरमैन सरदार शैलेन्द्र सिंह,



रक्तदान करते भक्त।

गुरूद्वारा नानक प्याऊ गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथि सिंह साहब नछतर सिंह, सुखविंदर सिंह राजू, सुरेन्द्र सिंह शिंदे, सुखदेव सिंह बिट्ठू, सरबजीत सिंह, जसवंत सिंह जस्सू, आगाज संस्था के संस्थापक अध्यक्ष इंदरजीत सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता सिमरन भाटिया, सेंट्रल नौजवान सभा के महासचिव सुखवंत सिंह,गुरबचन सिंह राजू, बहादुर गतका ग्रुप के सदस्य आदि उपस्थित रहे। उपस्थित सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। रक्तदाताओं को प्रस्तुति पत्र सह उपहार देकर सम्मानित किया गया। रक्तद्दान शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से गुरूद्वारा कमेटी संत कुटिया के प्रधान जसबीर सिंह संधू, मीत प्रधान कमलजीत सिंह, सचिव गुरचरण सिंह, राजपाल सिंह, हरकल्याण सिंह, सतिंदर सिंह, सिख नौजवान सभा के प्रधान जगप्रीत सिंह, मलविंदर सिंह, प्रभदीप सिंह, सरबजोत सिंह, चरणदीप सिंह, हरपाल सिंह, संजीत सिंह भी थे।

## झारखंड में सॉफ्टबॉल स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने का निर्णय, हर जिले में बनेगी कमेटी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड सॉफ्टबॉल एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा 2025 की बैठक रविवार, जमशेदपुर के साक्ची स्थित पुराना कोर्ट परिसर के टी आई सी होटल के सभा कक्ष में आयोजित की गयी। बैठक का उद्घाटन अजय शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि झारखंड राज्य सॉफ्टबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष अमलेश कुमार, लक्ष्मण महतो, परम आशीष महतो, संरक्षक अनिल चौबे ने किया। बैठक की अध्यक्षता झारखंड सॉफ्टबॉल एसोसिएशन के महासचिव बलराम कुमार तांती ने किया। बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं अध्यक्ष पूर्वी सिंहभूम सॉफ्टबॉल एसोसिएशन अजय शर्मा ने झारखंड राज्य सॉफ्टबॉल एसोसिएशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा आज जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है उसे स्वीकार करते हुए मजबूत इरादों के साथ इस खेल को नई दिशा देने का भरपूर प्रयास करूंगा।



## नारायण आईटीआई में पहलगाम में मृत पर्यटकों को दी गयी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रविवार को नारायण प्राइवेट आईटीआई चांडिल में डा. जटाशंकर पांडे (प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा) के नेतत्व में जम्मू कश्मीर के अनंतनाग के पहलगाम में आतंकी हमले में जो निर्दोष पर्यटको की हत्या हुई उनलोगों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मन रखा गया।

भाजपा नेता जटाशंकर पांडे ने कहा कि जम्मू कश्मीर के अनंतनाग के पहलगाम में आतंकी हमले में जो निर्दोष पर्यटको की



हत्या हुई उसके लिए हमलोग प्रधानमंत्री जी से आग्रह करते है कि खून के एक एक कतरा का हिसाब पाकिस्तान से लिया जाय और अब समय आ गया है कि भारत सरकार को इस आतंकी हमले के खिलाफ में सरकार को करवाई करना चाहिए और संभव हो पाकिस्तान के ऊपर चढ़ाई भी करना चाहिए। विश्वास है पीएम इस अभियान में सफल होंगे।

## शहीद परिवार एवं पूर्व सैनिकों के भारत माता की जय से गूंज उठा कालीमाटी रोड

# पीएम मोदी की मन की बात से जुड़ा नमन परिवार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 121वें संस्करण से आज पूरे झारखंड में केवल जमशेदपुर के नमन संस्था को प्रत्यक्ष रूप से जुड़ने का गौरव प्राप्त हुआ। इस विशेष आयोजन में शहीद परिवारों और पूर्व सैनिकों को सीधे प्रधानमंत्री से जुड़ने और उनके विचार सुनने का अवसर मिला। आयोजन का उद्देश्य देश के लिए बलिदान देने वाले परिवारों के अदम्य साहस को सम्मानित करना और राष्ट्रीय एकता व गौरव की भावना को सशक्त करना था।



शहीद परिवार और पूर्व सैनिकों संग मन की बात सुनती विधायक पूर्णिमा साहू दास व नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले।

कार्यक्रम का आयोजन नमन संस्था के तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में नमन के संस्थापक श्री अमरप्रीत सिंह काले ने उपस्थित सभी वीर नारियों, पूर्व सैनिकों और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। श्री काले ने बताया कि झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल सहित पूरे पूर्वी भारत से केवल नमन का चयन 'मन की बात' से प्रत्यक्ष जुड़ने के लिए हुआ, जो जमशेदपुर और पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है।

कार्यक्रम के दौरान हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करके श्री काले ने कहा कि इस दर्दनाक घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। उन्होंने शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उनकी शहादत हमारे संकल्प को और मजबूत बनाती है और देश के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम के दौरान वीर नारियों और पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया।

## एक नजर में

### मायुमं ने चेशायर होम में बच्चों को कराया भोजन



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच, स्टील सिटी शाखा द्वारा आनंद सबके लिए' राष्ट्रीय सेवा कार्यक्रम के तहत रविवार को सुंदरनगर स्थित चेशायर होम में विशेष बच्चों को भोजन कराकर उनके साथ खुशियां बांटी गयी। यह मानवीय सेवा मंच की सामाजिक जिम्मेदारी एवं सेवा भावना का परिचायक है। इस आयोजन का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों तक सहायता पहुंचाना और युवाओं को सेवा के लिए प्रेरित करना रहा। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष अनंत मोहनका, सचिव कौशिक चौधरी, कार्यक्रम संयोजक रमेश अग्रवाल, अजय चेतानी, अंकुर मोदी, रिषव चेतानी, अनिमेष छापोलिया आदि का योगदान रहा।

### आदित्यपुर ब्राह्मण समाज ने निकाला कैंडल मार्च



**जमशेदपुर।** रविवार को आदित्यपुर ब्राह्मण समाज के आह्वान पर कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा निहत्थे और निर्दोष भारतियों पर्यटकों को धर्म पूछकर निर्मम तरीके से हत्या पर विरोध प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन आकाशवाणी चौक, आदित्यपुर में किया गया। इस अवसर पर कैंडल मार्च भी निकाला गया। वक्ताओं ने कहा कि हमारे देश में धार्मिक रूप से देश वासियों को बांटकर लड़ाई लगवाने कि जो घृणित काम पाकिस्तान द्वारा किया गया है। इस विरोध प्रदर्शन के बाद ब्राह्मण समाज के डा पवन पांडेय ने कहा कि आज हम सभी भारतवासियों को जो दर्द पाकिस्तान ने दिया है। उसे हम सभी भारतवासी कभी नहीं भुला सकते हैं। हम केंद्र सरकार से यह मांग करते हैं कि देश के सभी धर्मों एवं जातियों एवं पार्टी के लोग एक स्वर में सरकार के समर्थन में हैं और सरकार से यह चाहते हैं कि पाकिस्तान को हर हाल में सबक सिखाया जाए। ताकि भविष्य में पाकिस्तान कि सरकार भारत में इस प्रकार कि किसी तरह की आतंकवादी हरकत करने से पहले हजार बार सोचे। साथ ही साथ इस आतंकी हमले में बेवजह ही मारे गए लोगों को सरकारी फंड से एक एक करोड़ रुपया की आर्थिक सहायता राशि दी जाए। जिससे मृत परिवारों को इस दुखद धटना से उबरने के लिए कुछ महरम लगाया जा सके। इस कार्यक्रम में आबकारी विभाग के निरक्षक आशीषरंजन मिश्रा, रामाशंकर पाण्डेय, बाला शंकर तिवारी, अजय ओझा, सतीश मिश्रा, धर्मेन्द्र तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### एम जी एम अस्पताल के लिए बन रहे नये इंटक वेल का काम छह महीने से बंद



**जमशेदपुर।** डिमना स्थित एमजीएम मेडिकल कलेज के प्रांगण में बने नए एम जी एम अस्पताल के भवन में सुचारू रूप से जलापूर्ति करने हेतु मानगो शंकोसाईं श्याम नगर स्थित नदी के तराई में इंटक वेल का निर्माण किया जा रहा है श्याम नगर स्थित स्वर्णरेखा नदी से पानी को संकोसाईं रोड नंबर एक होते हुए डिमना मुख्य सड़क के माध्यम से सीधे अस्पताल प्रांगण में ले जाने का योजना सरकार के द्वारा बनाया गया है योजना के नियमित छः महीना पूर्व संवेदक के द्वारा कार्य का शुभारंभ किया गया था निर्माण कार्य की शुरुआत शंकोसाई में नदी के जल स्तर बढ़ने पर नदी का पानी प्रवेश न करें इसके लिए बनाए गए कोपर डैम की मिट्टी को पूरी तरह काट किया गया है। कोपर डैंम की मिट्टी कटाई के समय स्थानीय लोगों ने विरोध करते हुए कहा था की डैम मिट्टी अगर काट दिया गया तो पूरा संकोसाई जलमग्न हो जाएगा। नदी का जलस्तर बढ़ने पर कई मकान नदी में समा जाएंगे। तब मौके में मौजूद संवेदक और कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा था की एक महीने के भीतर इंटक वेल का निर्माण कार्य पुरा कर लिया जाएगा और पूर्व की तरह बनाए गए कोपर डैम को मिट्टी भरकर सुद्दढ़ और मजबूत कर दिया जाएगा। मौके में मौजूद संवेदक ने स्थानीय लोगों को बताया था की पानी की किल्लत के कारण एमजीएम अस्पताल का नया भवन सुचारू रूप से चालू नहीं हो पा रहा है इसलिए सरकार ने नदी से पानी ले जाने के लिए योजना बनाया है इसके नियमित यह कार्य चल रहा है।

### विकास की पटरी पर जल्द ही दौड़ेगा गुदड़ी का बांदु पंचायत : जोबा माझी



**सोनुवा।** पश्चिमी सिंहभूम के सबसे पिछड़े प्रखंड में शुमार गुदड़ी प्रखंड के बांदु पंचायत में रविवार को सांसद जोबा माझी और मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगत माझी पहुंचे। ग्रामीणों के अनुसार करीब दो दशक बाद बांदु की धरती पर विधायक और पहली बार किसी सांसद के कदम पड़े हैं। सांसद और विधायक को अपने बीच पाकर ग्रामीण खुशी से झूम उठे। गांव की महिला और पुरुषों ने ढोल नगाड़ों और पारंपरिक नृत्य के साथ स्वागत किया। गांव में सांसद और विधायक से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं जानी। इस दौरान ग्रामीणों ने सांसद और विधायक के समक्ष मोबाइल कनेक्टिविटी, एफसीआई गोदाम, अस्पताल, सभी गांवों में सड़क, बिजली, पेयजल समेत सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि यहां समस्याएं बहुत हैं और उम्मीद की किरण भी आप ही हैं। कहा कि बिना सांसद और विधायक का चेहरा देखे ही हम वोट देते हैं, इसलिए हमारी समस्याओं का समाधान जरूर करें। सांसद जोबा माझी ने कहा यहां के ग्रामीणों को हम परिवार की तरह मानते हैं।

## स्पीड न्यूज

### चतरा सांसद ने मृतक करेश राम के परिजन को दिया आर्थिक सहयोग



**मनातू (पलामू)।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने मनातू क्षेत्र का दौरा किया। इसी बीच मृतक करेश राम के परिजन से उन्होंने मुलाकात किया। मौके पर सांसद ने मृतक के परिजन को आर्थिक सहयोग किया। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के एससी मोर्चा के अध्यक्ष को कुछ दिन पहले कुछ व्यक्तियों के द्वारा हत्या करने का सूचना मिली थी। उन्होंने इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मैं परिजनों के साथ हूं। उन्होंने कहा कि मृतक के हत्यारे को कड़ी सजा दिलाई जायेगी। इस हत्या के साजिशकर्ता के खिलाफ पुलिस जांच कर निश्चित रूप से कार्रवाई करेगी। मौके पर मनातू सांसद प्रतिनिधि बिगु साहू ,मंडल अध्यक्ष अंतू यादव, विलास साहू, वीरेंद्र सिंह यादव, मंझौली पंचायत पूर्व मुखिया सचिंद्रजीत सिंह, सुकेश्वर गिरी व कई ग्रामीण थे।

### मृत पर्यटकों को दी गयी श्रद्धांजलि



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम के शांतिपुरी आवास पर पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा मारे गए देश के नागरिकों की आत्मा की शांति हेतु भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेत्री सह सांसद श्री राम की सुपुत्री स्मिता आनंद ने की। मौके पर भाजपा नेता बिभाकर नारायण पांडेय, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, ईश्वरी पाण्डेय, सोमेश सिंह, स्मिता आनंद, विभाकर नारायण पांडेय, प्रफुल्ल कुमार सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, रूपा सिंह, जिला मंत्री सोमेश सिंह, ईश्वरी पाण्डेय, संसद के निजी सचिव अलख दुबे, जय दुबे, विजय कुशवाहा, जितेन्द्र तिवारी, अविनाश कुमार सिन्हा, मंडल अध्यक्ष श्रवण गुप्ता, सुनील पांडेय, शशिभूषण पाण्डेय, भोला पाण्डेय, पंकज तिवारी, आनन्द सिंह, शुभक तिवारी, मनीष पांडेय, राजेश सिंह व कई कार्यकर्ता थे।

### जपला में पाक पीएम का पुतला दहन

**हुसैनाबाद पलामू।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के बैनर तले शुक्रवार जपला में आक्रोश मार्च व पाकिस्तान पीएम का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहर के महावीर जी स्थान से हजारों की संख्या में हाथ में तख्तियां लिए हुए लोगो ने बाजार भ्रमण किया व पाकिस्तान पीएम होश में आओ, जेहाद के नाम पर इस्लामिक आतंकवाद बन्द करो के नारे लगाये। लोगो ने गांधी चौक, पुरानी बाजार लंबी गली, मुख्य बाजार होते हुए शहर के जेपी चौक पंहुचे जहां पर एक नुक्कड़ सभा को सम्बोधित किया गया। देश के नागरिकों के श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रहकर शोक व्यक्त किया गया। वहीं नुक्कड़ को संचालित करते हुए सचिन आनंद ने कहा कि पाकिस्तान बार बार कायराना हरकत से बाज नहीं आ रहा है। दिनेश कश्यप ने कहा कि सेकुलरिज्म का मतलब ये नही की हमारी देश सभ्यता व संस्कृति की हत्या हो, हम इस कायराना हमला को कड़े शब्दों में निंदा करते है। मौके पर आरएसएस के जिला संघ चालक दिनेश प्रसाद कश्यप, संतोष गुप्ता, सचिन आनंद, संदीप सोनी, राजीव ठाकुर, बजरंग दल राजू सोनी, अक्षय सिंह, प्रमोद प्रजापति, रौशन चौरसिया, विपिन पटेल,विनय कांस्यकार मनीष शर्मा, संजय सोनी समेत कई लोग शामिल थे।

### जिले के राशन कार्डधारियों के लिए 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य

**मेदिनीनगर।** जिले के राशन कार्डधारियों के लिए 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। आगामी तीन दिनों में यह मियाद पूरी होने वाली है लेकिन अबतक 71.04 प्रतिशत ही ई-केवाईसी पूर्ण हो पाया है वर्तमान में 28.96 प्रतिशत लाभुक परिवार के सदस्य ऐसे हैं, जिनका ई-केवाईसी लंबित है इसमें पीवीटीजी परिवार के सदस्य भी शामिल हैं।वहीं वित्त वर्ष 2024-25 अंतर्गत सोना-सोबरन धोती-साड़ी एवं लूंगी का वितरण भी 30 अप्रैल तक शत प्रतिशत कर लिया जाना है लेकिन अबतक 86.61 प्रतिशत ही वितरण हो पाया है। अत : उपरोक्त दोनों ही कार्यों का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराने को लेकर विशेष कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। सभी राशन डीलरों को ई-केवाईसी पूर्ण किये जाने व धोती-साड़ी के वितरण से संबंधित सूची उपलब्ध करा दिया गया है। सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी दिनांक 28 व 29 अप्रैल को पंचायतवार/वार्डवार पंचायत भवन तथा निकाय क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक भवन में कैंप आयोजित कर प्राप्त सूची के अनुसार लाभुकों का ई-केवाईसी व वस्त्र वितरण का कार्य करेंगे। इस दौरान संबंधित जन वितरण प्रणाली विक्रेता अपने ईपॉश मशीन के साथ उपलब्ध रहेंगे। वही कैंप के आयोजन के पूर्व जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के माध्यम से लाभुकों के बीच कैंप आयोजित होने से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

### पशु चिकित्सा दिवस : जब जानवरों को याद करने की घड़ी टन-टन करती है...



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर में एक बार फिर वही चमत्कार घटित हो चुका है पेट क्लिनिक एक दिन के लिए खुला... और फिर से इतिहास रच गया। विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर विमेंस कॉलेज रोड स्थित सरकारी पेट क्लिनिक में नि :शुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें कुल 52 बेजुबानों को एंटी रेबीज का टीका लगाया जा सका जिसमें 4 बिल्लियां और 48 कुत्ते शामिल हैं। यह आंकड़ा विभाग की लचर व्यवस्था और जानवरों के इलाज को लेकर उसकी गंभीरता पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। साल भर जानवरों की सुध न लेने वाला विभाग एक दिवस पर खानापूर्ति कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेता है।

**वैसे, कहानी वही पुरानी :** यह वही पेट क्लिनिक है जहां सामान्य दिनों में सबसे पहले एक बोर्ड टंगा दिखता है दवा उपलब्ध नहीं है, कृपया अपनी दवा साथ लायें और अगर डॉक्टर साहब कभी कभार दर्शन दे दें तो समझिए जैसे पुराने जमाने में कहीं असली खोया मिल गया हो – किस्मत खुल गयी। सालों पहले बड़े धूमधाम से इस क्लिनिक का उदघाटन हुआ था। अत्याधुनिक मशीनें भी लगायी गयी थीं – अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, ब्लड टेस्ट वगैरह की सुविधा के वादे के साथ। लेकिन आज भी वे मशीनें धूल फांक रही हैं।

# प्रेरणादायी और अनुकरणीय है पीएम के मन की बात : स्मिता

- पीएम के मन की बात में देशवासियों की संपूर्ण सुरक्षा की चिंता
- पीएम के मन की बात को सुने सैकड़ों भाजपाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**





कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करतीं स्मिता आनंद।

**मेदिनीनगर।** शांतिपुरी आवास बूथ संख्या 235 पर पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सुना गया। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री स्मिता आनंद, विभाकर नारायण पांडेय, प्रफुल्ल सिंह, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, रूपा सिंह, जिला मंत्री सोमेश सिंह, ईश्वरी पाण्डेय, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, जय दुबे, विजय कुशवाहा, जितेन्द्र तिवारी, अविनाश सिन्हा, श्रवण गुप्ता, सुनील पांडेय, शशिभूषण पाण्डेय, भोला पांडेय, पंकज तिवारी, आनंद सिंह, शुभक तिवारी, मनीष पांडेय, राजेश सिंह सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे। पीएम के मन की बात सुनने के बाद भाजपा नेत्री स्मिता आनंद ने कहा कि पीएम की मन की बात प्रेरणादायी व अनुकरणीय है। इससे मन में एक सुखद अनुभूति होती है। साथ ही आत्मविश्वास प्रबल होता है। सुश्री स्मिता ने कहा कि आतंकी हमले शहीद पर्यटकों के बाद पीएम की मन की बात बेहतर शांतिपूर्ण व सुखद भारत का संकल्प है।

# मानवता की सेवा में अहम है नर्सों की भूमिका: डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

## लैंप लाइटिंग और शपथ ग्रहण समारोह

- सोहरी चंद्रवंशी नर्सिंग विद्यालय के नर्सिंग की छात्र छात्राओं को दिलायी गयी कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**





कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि व अन्य।

**विश्रामपुर पलामू।** बिश्रामपुर सोहरी चंद्रवंशी नर्सिंग विद्यालय में रविवार को द्वितीय लैंप लाइटिंग व कैपिंग सेरेमनी की गयी। जिसका शुभारंभ कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रबंशी, आर सी यू रजिस्ट्रार देवाशीष मंडल, वाइज चांसलर संजय झा, नर्सिंग प्रिंसिपल कौशल नागर, इदरिश हवारी ने किया। यहां नर्सिंग छात्राओं को कैंप पहनाकर नर्स कर्तव्य की शपथ दिलायी गयी। डॉ ईश्वर सागर चंद्रबंशी ने कहा कि मानवता की सेवा में नर्सों की अहम भूमिका है। नर्स दीपक की तरह होते हैं खुद जल कर, भूखे प्यासे रहकर मरीजों की सेवा करते हैं, जिस दिन सेवा भावना से सभी लोग कार्य करने लगेंगे, उसी दिन से राज्य और देश का विकास होने लगेगा। यह कार्यक्रम भावी नर्सों के जीवन में मील का पत्थर साबित होगा जो उन्हें सेवा, करुणा और समर्पण के मूल्यों के साथ नर्सिंग पेशे में प्रवेश करने के लिए प्रेरित करेगा। रजिस्ट्रार देवाशीष मंडल ने नर्सिंग पेशे की महानता, चुनौतियों और संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के आदर्शों को आत्मसात करने और मरीजों की सेवा में अपना जीवन समर्पित करने के लिए प्रेरित किया।

## उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई में मिली सफलता

# विकास होटल से भारी मात्रा में अवैध शराब और बीयर बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्रवाई के दौरान बरामद शराब और बीयर।

**हरिहरगंज पलामू।** उत्पाद विभाग की टीम ने हरिहरगंज शहरी क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड़ स्थित न्यू बस स्टैंड के समीप विकास होटल व होटल से सटे एक कमरा से उत्पाद विभाग की टीम ने अलग-अलग ब्रांड के अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार पलामू उपायुक्त के निर्देश पर व उत्पाद अधीक्षक पलामू के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई है। छापेमारी टीम का नेतृत्व हुसैनाबाद अंचल के उत्पाद अवर निरीक्षक अनुप प्रकाश ने किया.श। छापेमारी के दौरान विकास होटल से ब्लैक टाइगर, आर एस, बी7 व्हिस्की, सिग्नेचर व्हिस्की, रॉयल ब्लू व्हिस्की, किंगफिशर, गॉडफादर अंग्रेजी शराब व बीयर करीब 90 बोतल बरामद किया गया। साथ ही करीब दो बोरे में दो सौ शराब का बोतल, विभिन्न शराब के होलोग्राम स्टीकर बरामद किया गया। उत्पाद अवर निरीक्षक अनुप प्रकाश ने बताया कि इस मामले में होटल संचालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब व्यवसाय के खिलाफ आगे भी छापेमारी अभियान जारी रहेगा। छापामारी अभियान में उत्पाद अवर निरीक्षक के अलावे गृह रक्षा दल के कई जवान शामिल थे।

# लेस्लीगंज थाना प्रभारी ने डॉयल 112 आपातकालीन सेवा का प्रचार-प्रसार

**खबर मन्त्र संवाददाता**




डायल 112 के प्रचार-प्रसार में जुटी पलामू पुलिस।

**लेस्लीगंज (पलामू)।** लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में रविवार को गांधी चौक ढेला रोड सहित शहर के विभिन्न इलाकों में डॉयल 112 आपातकालीन सेवा के प्रचार-प्रसार अभियान का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिसकर्मियों ने जगह-जगह पोस्टर चिपकाए और माइक के माध्यम से लोगों को डॉयल 112 सेवा की जानकारी दी। इस दौरान बताया गया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति – चाहे वह दुर्घटना, अपराध, आगजनी या कोई अन्य संकट हो – में नागरिक बिना देर किए डॉयल 112 नंबर पर कॉल कर त्वरित सहायता प्राप्त कर सकते हैं। अभियान के दौरान दर्जनों पुलिस बल मौजूद थे जिन्होंने क्षेत्रवासियों को इस सेवा के महत्व के बारे में जागरूक किया। थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने कहा कि डॉयल 112 सेवा लोगों की सुरक्षा के लिए शुरू की गई है और इसका उद्देश्य संकट की स्थिति में त्वरित पुलिस सहायता प्रदान करना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि आवश्यकता पड़ने पर इस नंबर का उपयोग करें और झूठी सूचनाएं देने से बचें। अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और पुलिस प्रशासन को बधाई दी।

### पंसस ममता ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

**मोहम्मदगंज पलामू।** पंचायत समिति सदस्य ममता देवी ने शनिवार को प्रखंड कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लेने आए विधायक संजय कुमार सिंह यादव को 5 सूत्री मांग पत्र सौंपा। इसमें उन्होंने स्टेशन रोड से पदारथडीह होते हुए राजनडीह टोला को सड़क मार्ग से जोड़ने, आवास निर्माण में बालू की समस्या का समाधान करने, बंद होने के कगार पर खड़े उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय को प्राथमिकता देकर सरकार की ओर से संचालित कराने, टोला नदीपर, गोलापत्थर में आंगनबाड़ी का निर्माण कराने और पूरे पंचायत में पाइपलाइन से जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग शामिल हैं। युवा समाजसेवी सुशील कुमार मेहता ने बताया कि विधायक ने पंसस की मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है।

### सतबहिनी दह में डूबने से 18 वर्षीय युवक की मौत



**पाटन पलामू।** प्रखंड के पकरी निवासी पियुष कुमार विश्वकर्मा पिता विरेन्द्र विश्वकर्मा उम्र 18 वर्ष कि पानी में डुबने से मौत हो गयी। पियुष अपने किशुनपुर के पांच दोस्तों के साथ कारीहार जीजोई नदी के पास सतबहिनी दह में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया। पियुष को डूबते हुए देखकर दोस्तों ने बचाने का भरपूर प्रयास किया लेकिन प्रयास विफल रहा। अंत में पियुष की पानी में डुबने से मौत हो गयी। घटना की सूचना घटनास्थल से दूर कारीहार के ग्रामीणों को जाकर दोस्तों ने दिया। ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को पानी से बाहर निकाला तब तक पियुष दम तोड़ चुका था। मृतक वर्तमान में किशुनपुर अपने घर में रहता था। वह इंटर का छात्र था। पियुष मां बाप का एकलौता पुत्र था उसकी दो बहनें हैं। घटना की सूचना पाकर पाटन थाना के एसआई अमरेन्द्र कुमार एवं अमरिका सिंह ने अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर घटना का जायजा लिया तथा शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया।

### राज्य के मंत्रियों का बयान दुर्भाग्यपूर्ण : अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने झारखंड सरकार के मंत्रियों द्वारा लगातार आ रहे बेतुके और हास्यपद बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश अभी भावुक माहौल में है और ऐसी स्थिति में बेतुके और हल्के बयान से बचते हुए झारखंड के 3.5 करोड़ लोगों का सम्मान करें। विदित हो कि गत दिन राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के द्वारा पहलगाम हमले के लिए हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री को जिम्मेवार ठहराते हुए इस्तीफे की मांग की थी, जबकि वक्फ कानून पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजूल हसन ने संविधान के संदर्भ में हल्की बातें कर अपनी ही पार्टी को संकट में डाला था। साथ ही राज्य के एक और बड़े मंत्री ने गत माह एक सवाल के जवाब में यूपीएससी का मतलब बताने में तारे गिनने लगे थे।

## बारिश व तेज हवा से मिली बड़ी राहत गर्मा फसलों के लिए होगा फायदेमंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** रात में चली तेज हवा और दिन में कुछ समय तक बारिश से रविवार को बड़ी राहत मिली है। जबकि इसके पहले तक कई दिनों से तापमान के लगातार 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने से जनजीवन के साथ ही पशुपालन में परेशानी बढ गई थी। किसान रामजन्म राम व अन्य लोगों का कहना है कि अबतक सुबह से ही असह्य तीखी धूप के कारण दोपहर बाद तक घरों में दुबके रहने अथवा बिना सिर ढंके बाहर नहीं निकल पाना मुश्किल भरा हो गया था। मगर, अब कई दिनों बाद इस स्थिति से उबरने का अवसर प्राप्त हुआ है। जबकि मक्का, मूंग और मूंगफली जैसी गर्मा फसलों के लिए बारिश फायदेमंद साबित होगा। कुछ दिन सब्जियों की खेती को पटवन की कम ही जरूरत होगी। वहीं, हीट वेव के कारण बच्चों व पशुओं के पालन में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत नहीं होगी। इस प्रकार मौसम परिवर्तन के संकेत स्टिक साबित हुआ। इससे तापमान में गिरावट से सुकूनदायक वातावरण बन गया है।

## क्षत्रिय जागृति मंच ने मनायी वीर कुंवर सिंह की 248वीं जयंती

- अतिथियों को बीर कुंवर सिंह की तस्वीर व बरगद का पौधा देकर किया गया सम्मानित
- स्टेशन और अस्पताल में मिठाई वितरण किया गया
- भारत की स्वाधीनता के लिए कुंवर सिंह ने दिया बलिदान : मनोज सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय जागृति मंच के तत्वावधान में बाबू बीर कुंवर सिंह की 248वीं जयंती शांति मैरेज हॉल में मनाई गई। साथ ही स्टेशन व अस्पताल में मिठाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता मधुलता रानी ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश मंत्री मनोज कुमार सिंह, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, मंच के संस्थापक प्रेमतोष कुमार सिंह, अक्षय सिंह, ब्यास सिंह, अरबिंद सिंह, श्रीराम सिंह, मंजु गुप्ता, रूपा सिंह, कुसुम सिंह, राजन सिंह, अवधेश सिंह, शिवशंकर राम, मिथिलेश सिंह, अरबिंद सिंह, प्रथम उप महापौर मंगल सिंह, विश्वनाथ सिंह, राजेश्वर सिंह, प्रवेश सिंह, मुकेश सिंह, उमाशंकर समेत कई लोग शामिल थे। मौके पर प्रदेश मंत्री श्री सिंह ने बाबु बीर कुंवर सिंह के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबु वीर कुंवर सिंह के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है।

## नर में होती है नारायण की सेवा : मिशन समृद्धि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- मिशन समृद्धि के सदस्यों ने किया निःशुल्क भोजन का वितरण



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित समृद्धि की रोटी अभियान वास्तव में नारायण की सेवा है। निष्ठा से किया गया कार्य सफल होता है। रोटी सब्जी इकट्ठा करना और जब कम पड़ जाए तो फिर व्यवस्था करना यह सब कार्य आसान नहीं होता। लेकिन समृद्धि टीम हर मुश्किल काम को आसान करने में लगी रहती है। तभी तो भोजन वितरण को रुकने नहीं देती। किसी कारणवश कल कठिन समय होते हुए भी बैजन्ती गुप्ता, वीणा राज, बेबी पाण्डेय ने अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वालों के बीच तथा शनि मंदिर के आसपास रोटी सब्जी का वितरण किया। साथ ही अनिता श्रीवास्तव ने लड्डू का भी वितरण किया।

### लुटेरों ने मोबाईल व 2200 रुपये लूटे

**पाटन पलामू।** लुटेरों ने बुधवार की रात जयमारन पथरा निवासी अरविंद सिंह से मोबाइल और बाइस सौ रुपए लुट लिये। भुक्तभोगी अरविंद सिंह ने इस संबंध में पाटन थाना में सनहा दर्ज कराई है। भुक्तभोगी ने बताया कि 23 अप्रैल दिन बुधवार कि रात्रि 11 बजे कुड़वा मोड़ से अपने घर जयमारन पथरा जा रहे थे उसी दरम्यान बाइक पर सवार तीन लूटेरों ने उन्हें रोककर मोबाइल एवं पैसा लुट कर फरार हो गये। पाटन पुलिस मोबाइल का ट्रेस कर रही है जिससे लुटेरों का पता चल सके।

## देवी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पांडू पलामू।** जिले के पांडू प्रखंड के वृद्ध खैरा गाँव में देवी मंदिर में मां देवी मंडप जीर्णोद्धार के बाद रविवार को प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने देवी मंडप से लेकर श्री वेणुगोपाल मंदिर होकर खुझा नदी से कलश में जल भरकर देवी मंडप में स्थापित किया गया। कलश यात्रा व प्राण प्रतिष्ठा समेत मां देवी के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। मौके पर आचार्य विंध्याचल दुबे, महेंद्र दुबे, परशुराम पाठक, श्याम सुंदर पाठक ने पूजा अर्चना एवं वेदमंत्र के साथ जल उठाया। प्रधान कलश मुख जजमान बृजबिहारी सिंह, ललिता देवी ने कलश उठाया। कलश यात्रा में मुखिया रामकुमार यादव, पूर्व संसद कामेश्वर बैठा, वरुण बैठा, अमरनाथ बैठा पुनीत बैठा आदि मौजूद थे।

# जलयात्रा के साथ शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा और लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ

- बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं की उपस्थिति, वैदिक मंत्रोच्चार और जयघोष से भक्तिमय हुआ माहौल

**अनूप कुमार**



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड के गोडाडीह पंचायत अंतर्गत भाली गांव में श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम पूज्य शिष्य श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के आशीर्वाद से पलामू वृद्धखैरा के पीठाधीश्वर श्री विष्णुचित्त स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में ग्राम देवी, शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए रविवार को यज्ञमंडप से गाजे बाजे, घोड़ा, रथ के साथ जलयात्रा निकली, जो गोडाडीह, कवलपुरा, माली, लटपौरी, भजनिया होते हुए मोहम्मदगंज कोयल और काशीस्त्रोत नदी के संगम स्थल पहुंचा। जहां आचार्य श्री उपेन्द्र नारायण शुक्ल सहित विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में पवित्र जल भरवाये। कलश में जल लेकर जलयात्रा में शामिल हजारों के संख्या में शामिल बूढ़े, बच्चे, महिला पुरुष श्रद्धालु उत्साह के साथ जय श्रीराम, हर हर महादेव, जय माता दी के जयकारे के साथ भजनिया,बेगमपुरा होते हुए गांव स्थित यज्ञ मंडप में कलश को स्थापित किये। रविवार को ही यज्ञ मंडप मेंवेदी निर्माण होगा। 28 अप्रैल को पंचांग पूजन, अरणी मंथन, मंडप पूजन के साथ पांच दिनों का श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू हो जायेगा। 1 मई को देवी मंदिर और शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगा और यज्ञ का समापन 2 मई भव्य भंडारा के साथ होगा। जलयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए भजनिया गांव के मनीष सिंह, बबलू सिंह सहित युवाओं के द्वारा पेयजल की व्यवस्था की गई थी। वही यज्ञ समिति के द्वारा भी पेयजल की व्यवस्था एक वाहन पर किया गया था, जो जलयात्रा के साथ ही चल रहा था। यज्ञ की सफलता में भाली, गोडाडीह व आसपास के ग्रामीण लगे हुए हैं।

# पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को ले निकाली गयी मंगल कलश यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

**विश्रामपुर पलामू।** प्रखंड के लालगढ़ पंचायत अंतर्गत पंजरीखुर्द ग्राम में मारर देवी स्थल पर नवनिर्मित विशाल मंदिर में शिव परिवार, माता श्री दुर्गा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के वैदिक अनुष्ठान के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर रविवार प्रातः विशाल मंगल कलश यात्रा निकाली गयी। बाजे गाजे के साथ नये परिधानों में सुसज्जित 551 कलश लिये किशोरी, कन्या और बालिकाओं के साथ आगे अश्वारोही दल तथा रथ पर सवार होकर यज्ञाचार्य स्वामी देवनारायणाचार्य पांच किमी दूर कोयल नदी सूर्य मंदिर स्थित नदी तट पहुंचे। श्रद्धालु कलश में मंत्रपूजित जल भरकर वापस यज्ञ मंडप में परिक्रमा के उपरांत इन्हें स्थापित किये। भव्य कलश यात्रा की अगुवाई मुख्य यजमान तथा यज्ञानुष्ठान के मुख्य कर्त्ताधर्ता बीपीआरओ रौशन पाठक सपत्नीक कर रहे थे। शोभा यात्रा में शिव पार्वती की लीलाओं पर आधारित सुंदर और न्यानाभिराम झांकी की मनमोहक प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र बना रहा। झंडे पताके से पटे इस कलश शोभायात्रा में लालगढ़ और पंजरी कला पंचायत के दस गांव के एक हजार लोग जयकारा लगाते कलश यात्रा के हिस्सा बने थे। इनमें अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी, करणी सेना के अध्यक्ष सोनू सिंह, जिप सदस्य विजय रविदास, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, लालगढ़ मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, ज्योति पाठक, भाजपा नेता सुनील पांडेय, रासबिहारी तिवारी, डॉ अमरेश तिवारी, संपूर्णानंद सिंह, एचएम बिनोद पांडेय, प्रवीन मिश्र, सूरजमल राम, कामेश्वर पासवान, रमेश पासवान, तीर्थराज सिंह थे।

## स्पीड न्यूज

### अज्ञात बीमारी से टेंपू साह का निधन

धुरकी। थाना क्षेत्र के टाटीदीरी गांव निवासी श्रवण साह के 35 वर्षीय पुत्र टेंपू साह उर्फ अनिल साह का रविवार की सुबह अज्ञात बीमारी से निधन हो गया। मृतक बीते कुछ महीनों से किसी गंभीर बीमारी से जूझ रहा था, जिसकी पहचान नहीं हो सकी थी। अचानक रविवार सुबह उसकी तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गयी। मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। घर में मातम पसरा हुआ है और आसपास के लोग परिजनों को ढाढ़स बंधाने में लगे हैं। शोक व्यक्त करने वालों में मुखिया सुगनी राम, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अखिलेश पासवान, बीडीसी सुरेंद्र गुप्ता, नीलकंठ मिश्रा, देवीलाल पासवान, राधेश्याम पासवान, महाजन शाह, पंकज पासवान, निरंजन शाह, सरयू साह आदि का नाम शामिल है।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

गढ़वा। चिनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत खुरी गांव के जंगल में रविवार सुबह एक युवक का शव पेड़ से फंदे पर लटका पाया गया। मृतक की पहचान गांव के ही निवासी रामजी परहिया के पुत्र शिवशंकर परहिया (20) के रूप में की गयी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को गांव में बाजार लगा हुआ था। बाजार घूमने के दौरान शिवशंकर ने शराब का सेवन किया और जब वह घर पहुंचा तो परिजनों ने उसे डांट-फटकार लगायी। इसी बात से आहत होकर वह रात में घर से निकल गया। रात भर परिवार और ग्रामीणों ने उसकी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। रविवार सुबह गांव के कुछ लोग शौच के लिए जंगल गये तो देखा कि एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ है। तुरंत इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी गयी। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस आत्महत्या की आशंका जता रही है, हालांकि मामले की जांच जारी है।

### शादी का कार्ड बांटने जा रहे युवक की मौत

गढ़वा। गढ़वा–पलामू फोरलेन पर मेड़ना गांव के समीप शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान मझिआंव थाना क्षेत्र के वीरबांध गांव निवासी लाल बिहारी चौधरी (36), पिता राजदेव चौधरी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, लाल बिहारी चौधरी अपनी पुत्री की शादी के निमंत्रण कार्ड बांटने के लिए गढ़वा जा रहे थे। इसी दौरान मेड़ना टोल प्लाजा के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जा रहा है कि मृतक की बेटी की शादी 9 मई को तय थी और लाल बिहारी उसी निमंत्रण को लेकर रिश्तेदारों के पास जा रहे थे। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

### कांडी: नौ घंटे से बिजली गुल, गर्मी में लोग बेहाल

कांडी। कांडी प्रखंड अंतर्गत लमारी कला व बहेरवा बिजली फीडर में लगातार 9 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित है। इस भीषण गर्मी में बिजली कटौती से लोगों की हालत खराब हो गई है। पंखा, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण बंद होने से लोग परेशान हैं, वहीं पानी की भी भारी किल्लत उत्पन्न हो गयी है। बिजली विभाग के कनीय अभियंता कमल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 हजार वोल्ट की लाइन पर एक पेड़ की डाल टूटकर गिर गयी है, जिससे आपूर्ति बाधित हुई है। बिजली कर्मी मौके पर काम कर रहे हैं, जल्द आपूर्ति बहाल कर दी जायेगी। इधर, शाम 4 बजे के आसपास तेज गर्जना के साथ हल्की बारिश हुई, जिससे मौसम में थोड़ी राहत महसूस की गयी। गर्मी में थोड़ी नरमी आयी है और वातावरण कुछ खुशनुमा हो गया है।

# पर्यटकों की हत्या के विरोध में हिंदू एकता मंच की आक्रोश रैली

**›› पाकिस्तान और इस्लामी जिहाद का पुतला दहन**

खबर मन्त्र संवाददाता



पुतला दहन कार्यक्रम में शामिल हिंदू एकता मंच के पदधारी।

**मझिआंव/बरडीहा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में हिंदू पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में हिंदू एकता मंच के बैनर तले आक्रोश रैली निकाली गयी। रैली का नेतृत्व मंच के संयोजक पुष्प रंजन मेहता ने किया। रैली अंबेडकर चौक से शुरू होकर पूरे बरडीहा बाजार का भ्रमण करते हुए पुनः अंबेडकर चौक पर समाप्त हुई, जहां पाकिस्तान और इस्लामी जिहादी आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने हाथों में पाकिस्तान मुर्दाबाद, इस्लामी आतंकवाद मुर्दाबाद जैसे नारों की तख्तियां लेकर जोरदार नारेबाजी की।

पुतला दहन के बाद मंच के संयोजक पुष्प रंजन मेहता ने कहा यह हमला केवल एक आतंकी कृत्य नहीं, बल्कि काफिरोफोबिया से प्रेरित वैश्विक इस्लामिक जिहाद का घृणित चेहरा है। अब यह सुरक्षा नहीं, बल्कि भारत की सभ्यता और अस्मिता की लड़ाई है। उन्होंने भारत सरकार से आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए सख्त वैचारिक और सैन्य कार्रवाई की मांग की। आक्रोश रैली में शशिकांत गुप्ता, सकेंद्र पासवान, अनुज मिश्रा, महेंद्र यादव, ब्रजेश ठाकुर, योगेंद्र ठाकुर, संतोष पासवान, ललटू जायसवाल, पंकज गुप्ता, कृष्णा विश्वकर्मा, महेंद्र दुबे, मनोज मेहता, ललन यादव समेत कई अन्य लोग शामिल थे।

## भवनाथपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतंकी हमले के विरोध में निकाला गया आक्रोश मार्च





**भवनाथपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ शनिवार शाम भवनाथपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों लोगों ने खरौंधी मोड़ से कर्पूरी चौक तक पाकिस्तान विरोधी नारे लगाते हुए मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने बाते नहीं अब रण होगा, पाकिस्तान खत्म होगा, आतंकवाद पर वार करो, निर्णायक प्रहार करो और बहुत हुआ आतंक का खेल, पाकिस्तान पर कसो नकेल जैसे नारों के साथ पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। कर्पूरी चौक पर पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहलगाम हमले में मारे गए 28 लोगों की आत्मा की शांति के लिए मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव ने कहा यह हमला केवल पर्यटकों पर नहीं, बल्कि देश की संप्रभुता पर प्रहार है। पाकिस्तान को सबक सिखाना अब आवश्यक हो गया है। हम सरकार से आतंकवादियों और उन्हें पनाह देने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हैं। मौके पर संजय यादव, मनोज सिंह, मधुलता कुमारी, अनिल चौबे, विपिन चौबे, सुनील सिंह, रवि पाल, सुरेश गुप्ता, अजय सोनी, विमलेश यादव, धनंजय साह, चंद्रदेव रावत, गंगेश्वर साह, दयानंद सोनी, दयानन्द प्रजापति, रविंद्र शर्मा, विनय चौबे, अंकितराज सिंह, चमन सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# मझिआंव का अनधिकृत गैस गोदाम हो गया सील

**›› एसडीओ ने की सख्त कानूनी कार्रवाई**

खबी मन्त्र संवाददाता



जांच करते एसडीओ।

**मझिआंव।** मझिआंव मेन रोड स्थित उजाला एचपी ग्रामीण गैस वितरक के कार्यालय परिसर में संचालित अवैध गैस गोदाम पर रविवार को प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया। यह कार्रवाई अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में की गयी।

एसडीओ को इस गोदाम के खिलाफ पूर्व में जन शिकायत मिली थी, जिसके बाद एजेंसी मालिक को नोटिस जारी कर गोदाम को निर्धारित स्थल पर स्थानांतरित करने और स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया था। लेकिन आदेश की अनदेखी करते हुए न तो गोदाम स्थानांतरित किया गया, न ही किसी प्रकार का स्पष्टीकरण जमा किया गया।

रविवार को की गयी औचक छापेमारी में गोदाम से 46 भरे हुए और 130 खाली सिलेंडर बरामद हुए। एसडीओ ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गोदाम को सील कर दिया। हालांकि, मौके पर मौजूद संचालक के पुत्र शादाब आलम को 40 सिलेंडर अपने अधिकृत करमडीह स्थित गोदाम में शिफ्ट करने की अनुमति दी गयी, लेकिन गोदाम खोलने या सिलेंडर का भंडारण करने पर सख्त पाबंदी लगा दी गयी है।

एसडीओ संजय कुमार ने स्पष्ट किया कि शहरी क्षेत्र में इस प्रकार के अवैध भंडारण जन सुरक्षा के लिए खतरा हैं, और ऐसे गोदामों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से अन्य अवैध गैस संचालकों में हड़कंप मच गया है।

## कुल्फी विक्रेता की झोपड़ी सहित दो लाख की संपत्ति जलकर राख

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देता कुल्फी विक्रेता।

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के झगराखांड़ अंतर्गत जिरहुला दह टोला में रविवार की सुबह एक झोपड़ीनुमा घर में अचानक लगी आग से भारी नुकसान हुआ। पचाडुमर के वीरेंद्र मोची (जो लूना से गांव-गांव कुल्फी बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है) इस अगलगी की घटना में करीब दो लाख रुपये की संपत्ति से हाथ धो बैठे।

घटना उस वक्त हुई जब वीरेंद्र की पत्नी गुड्डी देवी खाना पका रही थीं। इसी दौरान तेज आंधी से चूल्हे की चिंगारी झोपड़ी में फैल गयी और आग की लपटें भयानक रूप ले लीं। जब तक ग्रामीणों ने मोटर चालू कर आग पर काबू पाया, तब तक झोपड़ी में रखे नगद 25 हजार रुपये, एक लूना, दो मोबाइल, पंखा, खाद्य सामग्री समेत अन्य जरूरी सामान जलकर खाक हो चुके थे।

इतना ही नहीं, आग की लपटों ने पास ही स्थित रामअवतार भुइयां के प्रधानमंत्री आवास को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वहां रखे गेहूं की बोरी और अन्य सामान भी नष्ट हो गया।

वीरेंद्र की पत्नी ने बताया कि मकान निर्माण के लिए उन्होंने 25 हजार रुपये कर्ज लेकर रखे थे, जो इस हादसे में स्वाहा हो गये। उन्होंने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मदद की गुहार लगायी है ताकि उनके सिर पर फिर से छत बन सके। ग्रामीणों की तत्परता से बड़ी दुर्घटना टल गयी, लेकिन गरीब परिवार के लिए यह घटना किसी आपदा से कम नहीं है।

## जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**›› घायल ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार से लगायी न्याय की गुहार**



आवेदन देते नंदलाल।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत कटरा गांव में जमीन विवाद ने उग्र रूप ले लिया, जब दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में नन्दलाल यादव और उनके परिवार के कई सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गये। इस घटना के बाद घायल नन्दलाल यादव ने अपने ही भाई जगनारायण यादव पर हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

घटना के संबंध में नन्दलाल यादव ने रंका थाना में पहले से ही मामला दर्ज कराया है, लेकिन उन्हें अब तक न्याय नहीं मिला है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव से आवेदन के माध्यम से न्याय की गुहार लगायी है। पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने पीड़ित से मुलाकात कर उनकी आपबीती सुनी और लिखित आवेदन प्राप्त किया। उन्होंने नन्दलाल यादव को आश्वस्त किया कि उनकी बात जिला विधिक सेवा प्राधिकार तक पहुंचायी जायेगी और न्याय सुनिश्चित किया जायेगा।

पीड़ित परिवार ने बताया कि मारपीट में महिला लालती देवी का हाथ टूट गया है और अन्य परिजनों को भी गंभीर चोटें आयी हैं, जिनका इलाज रंका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। इस मामले में पुलिस जांच जारी है, वहीं पीड़ित परिवार को अब जिला विधिक सेवा प्राधिकार से न्याय की उम्मीद है।

## दो दवा दुकान पर छापेमारी





जांच करते एसडीएम।

अनूप कुमार सिंह

▪ एसडीएम ने की सीलिंग, ड्रग इंस्पेक्टर को सौंपी कार्रवाई की जिम्मेदारी

**मझिआंव।** अवैध दवा कारोबार पर रोकथाम के उद्देश्य से जिले भर में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार को सदर एसडीओ संजय कुमार ने कांडी और मझिआंव क्षेत्र में औचक छापेमारी की। इस दौरान दो दवा दुकानों को अनाधिकृत रूप से संचालित पाये जाने पर मौके पर ही सील कर दिया गया। कांडी मेन रोड स्थित भास्कर ड्रग स्टोर और मझिआंव में संचालित नौशाद मेडिकल स्टोर को बिना वैध अनुज्ञप्ति के संचालन, प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री एवं रिटेल की आड़ में थोक व्यापार जैसे गंभीर अनियमितताओं के आरोप में सील किया गया।

एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि भास्कर ड्रग स्टोर से बड़ी मात्रा में एंटीबायोटिक और इंजेक्शन पायी गयीं, जबकि प्रस्तुत लाइसेंस केवल सीमित श्रेणी की दवाओं की बिक्री की अनुमति देता है। वहीं, नौशाद मेडिकल स्टोर रिटेल की जगह थोक विक्रय अनुज्ञप्ति पर काम कर रहा था और उसके पास भी प्रतिबंधित दवाएं पायी गयीं। उन्होंने यह भी बताया कि छापेमारी की भनक लगते ही क्षेत्र के कई अन्य दवा दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर फरार हो गये, जिससे संदेह है कि अवैध रूप से संचालित दवा दुकानों की संख्या और भी हो सकती है। एसडीएम ने मौके से ही ड्रग इंस्पेक्टर कैलाश मुंडा को मामले की सूचना दी और दोनों दुकानों को सील करते हुए निर्देश दिया कि जब तक ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा विधिवत जांच और कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक दुकानें नहीं खोली जाएंगी और सीसीटीवी बंद नहीं किया जायेगा। ड्रग इंस्पेक्टर कैलाश मुंडा ने बताया कि वे सोमवार को मौके पर पहुंचकर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करेंगे। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया है।

### आरके पब्लिक के तीन छात्र कबड्डी के लिए चयनित

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ऊंचरी स्थित आरके पब्लिक स्कूल के तीन होनहार छात्रों का चयन झारखंड राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 28 से 30 अप्रैल तक खूंटी जिले में आयोजित की जा रही है। छात्र अविनाश गुप्ता, अरुण यादव और हंसराज ने मेदिनीनगर के बाल शिक्षा निकेतन स्कूल में 27 को आयोजित जिला स्तरीय चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गढ़वा जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त किया। चयन प्रक्रिया पलामू जिला कबड्डी संघ के तत्वावधान में संपन्न हुई। इन खिलाड़ियों को उनके शारीरिक शिक्षक जय गोविंद ठाकुर का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त रहा। श्री ठाकुर ने बताया कि तीनों छात्र मेहनती, अनुशासित और समर्पित हैं, और हमें पूर्ण विश्वास है कि वे राज्य स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिले और विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा गढ़वा–पलामू क्षेत्र प्रतिभाओं से भरा है। यदि इन्हें सही अवसर और मार्गदर्शन मिले, तो ये राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन की शुभकामनाएं भी दीं। श्री पाण्डेय ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना कर कहा कि आरके पब्लिक स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी छात्रों को प्रोत्साहित कर रहा है, जो अनुकरणीय कार्य है। मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों ने भी अविनाश, अरुण और हंसराज को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कसौधन समाज ने तीन जगह खोली पनशाला





**गढ़वा।** भीषण गर्मी को देखते हुए कसौधन समाज, गढ़वा की ओर से शहर में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए तीन स्थानों पर पनशाला शुरू की गयी है। ये पनशालाएं चिनिया रोड स्थित ओल्ड आईटीआई, रूप वस्त्रालय मेन रोड और भवानी अखड़ा रांकी मोहल्ला देवी धाम के पास लगायी गयी हैं। इन पनशालाओं का उद्घाटन अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष रविंद्र जायसवाल, कसौधन समाज अध्यक्ष उमेश कश्यप, संरक्षक रघुवीर कश्यप और पृथ्वीनाथ कश्यप ने किया। मौके पर उमेश कश्यप ने कहा समाज द्वारा हर साल गर्मी में यह सेवा कार्य किया जाता है। प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि अपने–अपने घरों और दुकानों के बाहर पनशाला लगाकर मानवता की सेवा करें। मौके पर जय किशोर कश्यप, संतोष कश्यप, विवेक कश्यप, मनीष कश्यप, पंचम सोनी, मुन्ना कश्यप, अभिषेक कश्यप, विमलेश यादव, शुभम केशरी, शुभम गुप्ता, सोनू कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# जायंट्स ग्रुप ने की पनशाला की शुरुआत

खबर मन्त्र संवाददाता



राहगीरों को पानी पिलाते लोग।

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा ने गर्मी में राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से दो स्थानों पर पनशाला की शुरुआत की। यह पहल जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन के पूर्व पदाधिकारी मनोज केशरी की सुपुत्री सुरभि केशरी एवं फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी की सुपुत्री श्रेया आनंद के जन्मदिन पर की गयी।

पहली पनशाला गढ़वा के पुरानी बाजार सुतली पट्टी स्थित हिंदुस्तान सेनेटरी के पास तथा दूसरी छठ घाट के समीप ज्ञान निकेतन स्कूल के पास प्रारंभ की गयी। मौके पर जायंट्स ग्रुप के पूर्व उपाध्यक्ष ध्रुव केशरी की अध्यक्षता में राहगीरों को मिष्ठान खिलाकर एवं शीतल जल पिलाकर पनशाला का उद्घाटन किया गया।

**कार्यक्रम की खास बातें**

कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों को पानी पिलाना एक पुण्य कार्य है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों की छतों पर या खुले स्थानों पर पक्षियों के लिए भी जल की व्यवस्था करें। साथ ही लू से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह भी दी गयी। मौके पर विजय केशरी, विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, नंद कुमार गुप्ता, मनोज केशरी, मोजीबुद्दीन खां, अशोक केशरी, ध्रुव केशरी, दीपक तिवारी और मनदीप प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

### तहजीब फाउंडेशन : प्रेम भसीन अध्यक्ष व डॉक्टर अशरफ जमाल अश्क बनाये गये जनरल सेक्रेटरी



**मेदिनीनगर।** संवैधानिक मूल्यों एवं सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देते हुए धर्म, जाति, भाषा से ऊपर उठकर एक सच्ची भारतीयता की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से तहजीब फाउंडेशन की स्थापना की गई है। यह फाउंडेशन स्थानीय प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करेगा और साहित्यिक रचनाओं का प्रकाशन एवं स्थानीय रचनाकारों की रचना का संकलन सहित कल की तमाम विधाओं से जुड़े कलाकारों और उनकी कृतियों को मंजरे आम पर लाने का कार्य करेगा। उक्त बातें तहजीब फाउंडेशन के जनरल सेक्रेटरी डॉक्टर अशरफ जमाल अश्क ने फाउंडेशन की स्थापना बैठक के दौरान कही। उक्त बैठक मेदिनी नगर स्थित होटल निवाणी के प्रसाल में आयोजित की गई थी। जिसकी अध्यक्षता इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार ने की।

# पानी को तरसेगा पाकिस्तान

आने वाले दिनों में जमीनी स्तर पर ऐसी कार्रवाई देखी जा सकती है जिससे 1960 की सिंधु जल संधि पर लगी रोक का प्रभाव दिखने लगेगा। इस संधि के जरिये भारत से पाकिस्तान की सिंधु नदी घाटी में बहने वाली नदियों के पानी के इस्तेमाल पर नियंत्रण किया जाता है। सूत्र ने इस तरह की धारणा को भी खारिज कर दिया कि पश्चिम की नदियों, सिंधु, झेलम और चिनाब पर भारत की जल भंडारण क्षमता बढ़ाए बिना कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है जिन पर संधि के मुताबिक पाकिस्तान का अधिकार है। पानी के एक नदी घाटी से दूसरी नदी घाटी में हस्तांतरण पर लगाया गया था। मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में एक आतंकवादी हमले में 26 लोगों के मारे जाने के एक दिन बाद, भारत ने सिंधु जल संधि को रद्द कर दिया और पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों को कम कर दिया। विश्व बैंक की मध्यस्थता में इस संधि पर भारत और पाकिस्तान ने 19 सितंबर, 1960 को हस्ताक्षर किया था। इस संधि के तहत, सिंधु नदी प्रणाली के उपयोग के संबंध में दोनों देशों के अधिकारों और दायित्वों को परिभाषित किया। इस संधि के तहत पश्चिम की नदियों, सिंधु, झेलम और चिनाब के पानी को पाकिस्तान और पूर्व की नदियों, रावी, व्यास और सतलुज के पानी को भारत को आवंटित किया गया था। पाकिस्तान की 80 प्रतिशत से अधिक सिंचाई सिंधु नदी घाटी के पानी पर निर्भर करती है। इस समझौते के तहत, भारत ने पश्चिमी नदियों का उपयोग गैर-उपभोग वाले उद्देश्यों के लिए करने का अधिकार बरकरार रखा था जिसमें सीमित सिंचाई और जलविद्युत उत्पादन शामिल है। हालांकि, उनके प्रवाह को इस तरह से संग्रहित करने या बदलने पर बाधाएं थीं जिससे पानी का प्रवाह प्रभावित हो सकता था। अब भारत 20 हजार मेगावॉट बिजली उत्पादन कर सकता है।

# जल, बदल पायेगा पाकिस्तान का व्यवहार?



**सिंधु जल** समझौता (आईडब्ल्यूटी) स्थगित कर भारत ने एक तगड़ा कदम उठाया है। हालांकि, अभी देखना बाकी है कि यह कदम पाकिस्तान का व्यवहार बदलने के लिए क्वर्ष 2020 में चीन के साथ सीमा पर तनाव बढ़ने के बाद भारत ने वहां की कंपनियों के लिए देश में कारोबार करना काफी मुश्किल बना दिया था। भारत ने चीन को झुकाने के लिए टिकटॉक सहित कई मोबाइल ऐप्लिकेशन (ऐप) पर भी प्रतिबंध लगा दिए थे। बिजनेस स्टैंडर्ड को दिए साक्षात्कार में पूर्व विदेश सचिव एवं राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शिवशंकर मेनन ने कहा था, ह्यअगर आपको लगता है कि ऐप पर पाबंदी लगाकर चीन का व्यवहार बदला जा सकता है तो फिर मैं आपको शुभकामनाएं ही दे सकता हूं।ह्य मेनन ने कहा था, ह्यमुझे नहीं लगता कि इन ऐप को तैयार करने वाली कंपनियां और इनके मालिक चीन की सरकार पर किसी तरह का दबाव बना पाएंगे। इससे चीन के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आएगा।

मगर पाकिस्तान के मामले में सिंधु जल समझौता (आईडब्ल्यूटी) स्थगित कर भारत ने एक तगड़ा कदम उठाया है। हालांकि, अभी देखना बाकी है कि यह कदम पाकिस्तान का व्यवहार बदलने के लिए काफी होगा या नहीं। भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल समझौता 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुआ था। तब से दोनों देश कई बार भिड़ चुके हैं मगर इस समझौते पर युद्धों एवं आपसी विवाद का कोई असर नहीं हुआ। जब भी सिंधु नदी का पानी रोकने की बात उठती तो पाकिस्तान तुरंत हरकत में आ जाता था। पाकिस्तान ने पहले और अब एक बार फिर चेतावनी दी है कि सिंधु जल समझौते का उल्लंघन पाकिस्तान के खिलाफ ह्ययुद्ध का ऐलानह्न ही माना जाएगा।

तिब्बत में हिमालय की ऊंची चोटियों से निकलकर सिंधु नदी जम्मू-कश्मीर से होते हुए पाकिस्तान में प्रवेश करती है। यह नदी पंजाब और सिंध के उपजाऊ इलाकों में बहती हुई बाद में अरब सागर में मिल जाती है। सिंधु नदी पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के लिए हमेशा से जीवन रेखा की तरह रही है। पाकिस्तान में कुल श्रम बल के आधे हिस्से को रोजगार देने के साथ ही यह नदी उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कम से कम एक चौथाई योगदान देती है।

अप्रैल 1948 में भारत ने पहली बार पाकिस्तान की तरफ सिंधु नदी का प्रवाह रोक दिया था। उस समय नए देश के रूप में अस्तित्व में आए पाकिस्तान के हुक्मरान को



- आदिति

> विशेषज्ञों का कहना है कि सिंधु जल समझौते में दोनों देशों के बीच बातचीत एवं संवाद की व्यवस्था की गई थी। अक्सर आपसी बातचीत से दूर रहने वाले दोनों देशों में से किसी ने भी इस व्यवस्था का इस्तेमाल नहीं किया है। पाकिस्तान को जल रोकने के लिए क्या भारत तेजी से बांधों का निर्माण कर सकता है

पहली बार एहसास हुआ था कि भारत इस नदी के पानी को हथियार की तरह इस्तेमाल कर सकता है। पाकिस्तान को यह भी महसूस हुआ कि उसे सिंधु जल के मामले में भारत सरकार के रहमो करम पर निर्भर रहना होगा।

जब भारत ने 2008 में बगलिहार बांध में पानी भरना शुरू किया तो चिनाब नदी में जल का प्रवाह अत्यधिक कम हो गया। इससे बौखला कर लश्कर-ए-तैयबा के सह-संस्थापक हाफिज सईद ने धमकी दी कि पानी रुका तो फिर खून बहेगा। वर्ष 2009 में पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी (एक अंतराल के बाद वह वर्तमान राष्ट्रपति भी हैं) ने अमेरिकी समाचार पत्र वॉशिंगटन पोस्ट में लिखे अपने एक आलेख में अमेरिका से अनुरोध किया कि वह भारत के साथ जल सहित तमाम विवादास्पद मुद्दों के समाधान में भूमिका निभाए। जरदारी ने कहा कि जल का मसला काफी गंभीर है और इसका समाधान नहीं होने के विनाशकारी परिणाम सामने आ सकते हैं और पर्यावरण को नुकसान पहुंचने के साथ ही दक्षिण एशिया में चरमपंथ और आतंकवाद को भी शह मिल सकती है।

2016 में उरी में आर्मी बेस पर जैश-ए-मोहम्मद के हमले में 19 जवानों की शहादत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल संसाधन मंत्रालय के अधिकारियों की बैठक बुलाई जिसमें सिंधु नदी जल समझौते पर चर्चा हुई। इस बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि ह्यखून और पानी एक साथ नहीं बह सकतेह्न। कुछ हफ्तों बाद बठिंडा में रावी नदी के किनारे उन्होंने कहा कि वह ह्यपाकिस्तान में रावी नदी का एक बूंद पानी जाने नहीं देंगेह्न। हालांकि भारत को सिंधु जल समझौता स्थगित करने की घोषणा करने में 9 वर्षों का समय लग गया।

इस समझौते के निलंबित रहने से पाकिस्तान को कितना नुकसान होगा? इसे एक उदाहरण से समझने की कोशिश करते हैं। पाकिस्तान के कृषि मंत्रालय के अनुसार लाहौर में इस समय एक क्विंटल (100 किलोग्राम) टमाटर की कीमत 3,600-4,000 पाकिस्तानी रुपये है। अगर सितंबर में चिनाब नदी का जल स्तर कम हो जाता है तो रबी फसलों की बुआई में देरी होगी। इससे टमाटर की उपलब्धता कम हो जाएगी और दाम काफी बढ़ जाएंगे जिससे महंगाई ऊंचे स्तरों पर पहुंच जाएगी।

सरकार नियंत्रित पाकिस्तान काउंसिल ऑफ रिसर्च इन वाटर रिसोर्सेस (पीसीआरडब्ल्यूआर) ने आगाह किया है कि 2025 में देश में जल संकट विकराल रूप ले सकता है। पाकिस्तान जल पर अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की अपील करता रहा है। बगलिहार बांध भारत के खिलाफ अपील हारने के बाद वहां की सीनेट समिति ने उस समय सिंधु आयुक्त सैयद जमात अली शाह पर ह्यगद्दारीह्न करने और भारत को जल आपूर्ति पर नियंत्रण हासिल करने की ह्यक्षमताह्न मुहैया कराने का आरोप लगाया। शाह पाकिस्तान से भाग गए और कनाडा में शरण की मांग की। पाकिस्तान के समाचार पत्रों के अनुसार वह अब कनाडा के नागरिक बन चुके हैं जहां से उनके प्रत्यर्पण एवं पाकिस्तान में मुकदमा चलाए जाने की मांग खारिज हो चुकी है। वर्ष 2018 में नरेंद्र मोदी ने किशनगंगा बिजली संयंत्र का उद्घाटन किया और इस दौरान पाकिस्तान यह शिकायत करता रहा कि इस बांध ने सिंधु जल समझौते का उल्लंघन किया है। पाकिस्तान ने विश्व बैंक से भी हस्तक्षेप की मांग की मगर उसकी अर्जी नहीं सुनी गई।

विशेषज्ञों का कहना है कि सिंधु जल समझौते में दोनों देशों के बीच बातचीत एवं संवाद की व्यवस्था की गई थी। अक्सर आपसी बातचीत से दूर रहने वाले दोनों देशों में से किसी ने भी इस व्यवस्था का इस्तेमाल नहीं किया है। पाकिस्तान को जल रोकने के लिए क्या भारत तेजी से बांधों का निर्माण कर सकता है?

क्या जल अकेला सबसे बड़ा ऐसा मुद्दा बन सकता है जो पाकिस्तान की अक्ल ठिकाने लगाने के साथ उसका व्यवहार बदलने के लिए विवश कर सकता है? अगर ऐसा होता है तो दुनिया की यह पहली घटना होगी और भारत एक भी गोली चलाए बिना ही जंग जीत जाएगा।

## लेटर टू एडिटर

### ग्लोबल वार्मिंग का असर

यह तथ्य सर्वविदित है कि ग्लोबल वार्मिंग का असर विश्वव्यापी है, लेकिन भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश के लिए यह प्रभाव कालांतर में खाद्य संकट पैदा करने वाला साबित हो सकता है। तापमान बढ़ने से जो जल स्तर बढ़ रहा है, उसके चलते देश के कई द्वीपों व समुद्रतटीय इलाकों में जीवन पर संकट मंडराने लगा है। यह संकट पहाड़ी राज्यों में असर डाल रहा है। जहां बर्फबारी कम होने से फल व खाद्यान्न उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यहां तक कि उत्तराखंड में शीतकालीन खेलों की पहचान रखने वाले औली में कम बर्फ पड़ने के कारण इस बार भी शीतकालीन खेलों को स्थगित करना पड़ा है। वातावरण में बढ़ते तापमान के कारण यहां बर्फ समय से पहले ही पिघल गई। बीते साल देश के विभिन्न राज्यों में लू चलने की संख्या पिछले डेढ़ दशक में सबसे ज्यादा थी।

**– जीवीएस शास्त्री, रांची**

## ट्वीट

पहलगाम में हुआ दुस्साहसी आतंकी हमला एक भयावह त्रासदी है। मैं यहां के हालात को समझने और मदद करने आया हूं। जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों ने इस भयावह हमले की निंदा की है और पूरी तरह से देश का समर्थन किया है। जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं और स्नेह हैं। मैं सभी को यह भरोसा दिलाना चाहता हूं कि पूरा देश एकजुट होकर साथ खड़ा है।

कल हमारी सरकार के साथ एक बैठक हुई, जिसमें संयुक्त विपक्ष ने इस हमले की निंदा की और स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार जो भी कदम उठाना चाहे, हम उसका पूरा समर्थन करेंगे।

**– राहुल गांधी, सांसद**

## आज का राशिफल

**मेष : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7**

**वृष : परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6**

**मिथुन : विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यो में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9**

**कर्क : पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6**

**सिंह : दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9**

**कन्या : रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7**

**तुला : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7**

**वृश्चिक : कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यो में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8**

**धनु : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7**

**मकर : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6**

**कुंभ : विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9**

**मीन : क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# पंचायत को मजबूत बनाने की मुहिम और जमीनी स्तर पर शासन

**देश** की 2,16,000 पंचायतों को गरीबी उन्मूलन और बेहतर आजीविका, स्वास्थ्य, जल की पर्याप्तता, समुचित अधोसंरचना और सुशासन जैसे मानकों पर आंका गया और रैंकिंग प्रदान की गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर दिए अपने संबोधन में कहा कि बीते दशक में कई पहल की गई हैं। इस संबंध में हाल ही में पंचायती राज मंत्रालय ने जमीनी स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया और पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स (पीएआई) शुरू किया। देश की 2,16,000 पंचायतों को गरीबी उन्मूलन और बेहतर आजीविका, स्वास्थ्य, जल की पर्याप्तता, समुचित अधोसंरचना और सुशासन जैसे मानकों पर आंका गया और रैंकिंग प्रदान की गई। यह सूचकांक देश के सतत विकास के एजेंडे में ग्रामीण स्थानीय निकायों की अहम भूमिका की साहसी स्वीकारोक्ति है। संयुक्त राष्ट्र जहां विभिन्न देशों के स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों के क्रियान्वयन की प्रगति की निगरानी करता है और नीति आयोग का एसडीजी इंडिया इंडेक्स राज्य स्तर के प्रदर्शन पर नजर रखता है वहीं हाल के वर्षों में इन लक्ष्यों के स्थानीयकरण पर जोर दिया गया है ताकि उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। इस संदर्भ में पीएआई एक स्वागतयोग्य कदम है और भविष्य में इसकी कवरेज को सभी 2,69,000 पंचायतों तक बढ़ाया जाना चाहिए। बहरहाल, इसके परिणाम चिंताजनक हैं। एक भी पंचायत ऐसी नहीं रही जिसने अचीवर्स की श्रेणी में जगह बनाई हो।

केवल 699 पंचायतों को अग्रणी घोषित किया गया है। इसके अलावा बहुत बड़े पैमाने पर भौगोलिक असमानताएं भी हैं। 699 अग्रणी पंचायतों में से 346 गुजरात की, 270 तेलंगाना की और 42 त्रिपुरा की हैं, जबकि कई राज्य काफी पीछे हैं। पंचायतें शासन का वह स्तर हैं जो जनता के सबसे करीब होता है। शीर्ष से नीचे की ओर आने के मॉडल के बजाय

## समाज

**भविष्य में इसकी कवरेज को सभी 2,69,000 पंचायतों तक बढ़ाया जाना चाहिए। बहरहाल, इसके परिणाम चिंताजनक हैं। एक भी पंचायत ऐसी नहीं रही जिसने अचीवर्स की श्रेणी में जगह बनाई हो। केवल 699 पंचायतों को अग्रणी घोषित किया गया है।बहुत बड़े पैमाने पर भौगोलिक असमानताएं भी हैं। 699 अग्रणी पंचायतों में से 346 गुजरात की, 270 तेलंगाना की और 42 त्रिपुरा की हैं, जबकि कई राज्य काफी पीछे हैं।**

पंचायत के नेतृत्व वाला रुख ऐसी रणनीतियां बनाने की इजाजत देता है जो हर गांव की खास सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और पर्यावरण संबंधी चुनौतियों को ध्यान में रख सकें। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में तो यह और भी अहम है जहां अक्सर सबके लिए एक समान नीतियां नाकाम साबित होती हैं। बहरहाल, अपर्याप्त वित्तीय संसाधन भी ग्रामीण स्थानीय निकायों के सुचारू कामकाज में एक बड़ी बाधा हैं। देश की अधिकांश पंचायतें फंड के लिए सरकार के ऊपरी स्तरों पर बहुत अधिक निर्भर रहती हैं और उनके पास अपने राजस्व के लिए बहुत सीमित संसाधन होते हैं।

संपत्ति, स्थानीय बाजारों या कारोबारों पर या तो समुचित कर नहीं लग पाता या फिर इन पर कर लगाना राजनीतिक रूप से बहुत संवेदनशील होता है, खासतौर पर गरीब या छोटे गांवों में ऐसा करना मुश्किल होता है। रिजर्व बैंक द्वारा पंचायतों की वित्तीय स्थिति पर कराया गया एक अध्ययन बताता है कि 2022-23 में सभी स्रोतों से प्रति पंचायत औसत राजस्व महज 21.23 लाख रुपये था। इसमें से स्थानीय करों और शुल्क द्वारा उनका निजी राजस्व कुल राजस्व का केवल 1.1 फीसदी ही था। सीमित तकनीकी अधोसंरचना और डिजिटल साक्षरता की कमी भी समस्या को बढ़ाती है। इनकी वजह से निगरानी, आकलन और प्रगति की रिपोर्टिंग पर असर पड़ता है। जमीनी स्तर पर प्रयासों का विभाजित होना भी उतना ही दिक्कतदेह है। गांवों में कई सरकारी विभाग बहुत कम तालमेल के साथ एक ही समय पर काम करते हैं। इसका परिणाम काम के दोहराव और संसाधनों की बरबादी के रूप में सामने आता है। विभिन्न विभागों की गतिविधियों और योजनाओं में तालमेल नहीं होने पर अक्सर सतत विकास लक्ष्यों के अधीन परिकल्पित समग्र विकास दूर ही बना रहता है। पंचायतों की पूर्ण संभावनाओं का इस्तेमाल करने के लिए यह प्रयास किया जाना चाहिए कि उनकी सांस्थानिक क्षमता बढ़ाई जा सके। इसमें लक्षित प्रशिक्षण मुहैया कराना, डिजिटल समावेशन को बढ़ाना, निर्णय प्रक्रिया में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा और फंड का समय पर आवंटन शामिल है। विभागों के बीच बेहतर समन्वय भी महत्त्वपूर्ण है।

# दुरुस्त हो सूर्य घर बिजली योजना

**मॉड्यूल** के आकार और उपकरणों की गुणवत्ता में फर्क होने के कारण उपकरण को लगाने यानी इंस्टॉलेशन में समस्या आने लगी और उपभोक्ता उसे लगवाने से इनकार करने लगे।

भारत में सौर ऊर्जा के अपेक्षाकृत कम उत्पादन और ताप बिजली पर अधिक निर्भरता देखकर पिछले वर्ष फरवरी में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का ऐलान किया गया। इसे बड़ी क्रांतिकारी योजना माना गया था। मार्च 2027 तक 1 करोड़ घरों में सौर ऊर्जा आपूर्ति शुरू करने के मकसद वाली इस योजना के तहत रिहायशी घरों को 1 किलोवाट सौर ऊर्जा प्रणाली पर 30,000 रुपये, 2 किलोवाट पर 60,000 रुपये और 3 तथा उससे अधिक किलोवाट वाली प्रणाली पर 78,000 रुपये सब्सिडी दी जाती है। इससे घरों में बिजली का बिल तो घटेगा ही, वे बची हुई बिजली ग्रिड को बेच भी सकते हैं। इस योजना को सफल बनाने के लिए सब कुछ था। इसे जमकर रकम भी

## एनर्जी

मिलीः 2024-25 के बजट में 6,250 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जो बढ़ाकर 11,100 करोड़ रुपये कर दिए गए और 2025-26 के बजट में इसके लिए 20,000 करोड़ रुपये तय किए गए। सरकार ने ऑनलाइन पोर्टल बनाकर आवेदन प्रक्रिया को सरल भी बनाया है और बैंक से कर्ज की प्रक्रिया सुगम की है। योजना के तहत मांग भी खूब रही और 47.3 लाख आवेदन आए। मगर साल भर गुजरने के बाद भी योजना का प्रदर्शन कमजोर ही रहा है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस वर्ष 10 मार्च तक 10 फीसदी लक्ष्य ही हासिल हो पाया है। कुछ रिपोर्ट के अनुसार हर महीने औसतन 70,000 घरों में सौर ऊर्जा प्रणाली लग रही हैं। इस रफ्तार से तो 2026 तक 30 फीसदी लक्ष्य ही पूरा हो पाएगा। देश के विभिन्न इलाकों में रफ्तार भी अलग है, मसलन दो-तिहाई प्रणालियां तो गुजरात और महाराष्ट्र में ही लगी हैं। हालांकि इन दोनों राज्यों में सबसे ज्यादा बिजली खपत होती है मगर योजना सभी राज्यों में समान गति से क्रियान्वित होती तो देश की बड़ी आबादी को इसके फायदे मिल पाते।

उपकरणों में गुणवत्ता और मानकीकरण की कमी इस सुस्ती की बड़ी वजह है मगर उसे आसानी से दूर किया जा सकता है। छत पर सौर ऊर्जा उपकरण (रूफटॉप सोलर सिस्टम) लगाने के बाजार में कम अनुभव वाली नई कंपनियां आ जाएं तो काम खराब होने ही लगता है। मरकॉम इंडिया के एक अनुसंधान में पता लगा कि सौर ऊर्जा का अपना कार्यक्रम छोड़कर सूर्य घर बिजली योजना अपनाने वाले राज्य केरल में नेट मीटरिंग मॉड्यूल जैसी अनिवार्य गुणवत्ता जांच को क्रियान्वयन एजेंसी ने नजरअंदाज कर दिया। मॉड्यूल के आकार और उपकरणों की गुणवत्ता में फर्क होने के कारण उपकरण को लगाने यानी इंस्टॉलेशन में समस्या आने लगी और उपभोक्ता उसे लगवाने से इनकार करने लगे।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय रूफटॉप सोलर सिस्टम में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न पुर्जों के लिए मानक तय कर इस समस्या को दूर कर सकता है। कुछ सरकारी बिजली वितरण कंपनियों में पुरानी दिक्कतों ने भी योजना में बाधा डाली है। गुजरात की कंपनियों जैसी कुछ वितरण कंपनियां योजना के क्रियान्वयन में बहुत आगे रही हैं मगर दूसरी कंपनियों को डर है कि सौर ऊर्जा को ग्रिड में लेने पर उनकी माली हालत पहले से भी ज्यादा खस्ता हो जाएगी। साथ ही वे सौर ऊर्जा लेने को इसलिए भी तैयार नहीं हैं क्योंकि यह केवल दिन में ही मिल सकती है।

सरकार वैसी ही सक्रियता दिखाए, जैसी उसने स्वच्छ भारत और हर घर नल से जल जैसी योजनाओं के लिए दिखाई थी तो प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रदर्शन और भी चमक सकता है। गर्मियों में तापमान लगातार बढ़ रहा है, इसलिए भारत को ताप बिजली पर अपनी निर्भरता फौरन कम करनी चाहिए।

**युवाओं को रोजगार मोदी सरकार की प्राथमिकता। केन्द्रीय समाज कल्याण मंत्री अन्नपूर्णा देवी नियुक्ति पत्र बांटने के बाद युवाओं के साथ।**



## कार्टून वर्ल्ड



# रामगढ़ में नकली शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

## स्कॉर्पियो और वैगन-आर से बिहार भेजी जा रही थी शराब

### 25 पेटी रॉयल चैलेंज शराब कुजू में बरामद



खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड से बिहार तक शराब की तस्करी अलग-अलग तरीके से होती रही है। इस बार रामगढ़ पुलिस ने एक ऐसे शराब तस्कर गिरोह को पकड़ा है, जो स्कॉर्पियो और वैगन-आर जैसी गाड़ियों से अवैध कारोबार कर रहा था। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस अवैध कारोबार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार भी किया गया है। साथ ही स्कॉर्पियो और वैगन-आर कार जब्त की गई है।

एसपी ने बताया कि रविवार को उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि सफेद रंग की स्कॉर्पियो से नकली शराब हजारीबाग होते हुए बिहार के हाजीपुर और वैशाली जिला में ले जाया जा रहा है। इस सूचना के तत्काल बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर पड़ने वाले सभी थाना और ओप प्रभारी को विशेष जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

**कुजू नया मोड़ पर पकड़ा गया स्कॉर्पियो :** मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा के नेतृत्व में कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद ने नया मोड़ के सामने एक सफेद रंग के स्कॉर्पियो (बीआर 06 पी 2663) को रुकने का इशारा किया। लेकिन चालक पुलिस बल को देखकर तेजी से भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उस स्कॉर्पियो को पकड़ा।

पूछताछ के दौरान स्कॉर्पियो ड्राइवर ने अपना नाम मो इस्लाम उर्फ राजा बताया। वह बिहार राज्य के वैशाली जिला अंतर्गत मुजफ्फरपुर का रहने वाला है। वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें 25 पेटी रॉयल चैलेंज शराब बरामद की गई। हर पेटी में 750 एमएल की 12 बोतलें थी। कुल 300 बोतल अवैध शराब किया गया।

स्कॉर्पियो ड्राइवर इस्लाम उर्फ राजा से पुलिस ने पूछताछ की तो उसने वैगन-आर कार के बारे में भी जानकारी दी। उसने बताया कि उसके पीछे से बीआर (06 बीए 0716) वैगन आर कार भी आ रही है। जिसमें संजीव कुमार सिंह और अभिषेक कुमार मौजूद हैं। उन लोगों के जरिये भी नकली शराब की तस्करी की जा रही है। वाहन जांच के दौरान कुछ देर में वह कार भी नया मोड़ पहुंच गई। पुलिस ने उसे भी रोका और दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों में वैशाली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रतापटांड निवासी संजीव कुमार सिंह और अभिषेक कुमार शामिल थे। उसे गाड़ी से भी पुलिस को पांच पेटी रॉयल चैलेंज की बोतलें मिली। पुलिस ने कुल 60 बोतलें उस गाड़ी से बरामद की। छापामारी में मांडू अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी मो. नौशाद, पुअनि रौशन कुमार और रिजर्व गार्ड शामिल थे।

### वैशाली का संजीव सिंह अवैध कारोबार का सरगना

एसपी अजय कुमार ने बताया कि शराब तस्करी के अवैध कारोबार का मुख्य सरगना संजीव कुमार सिंह ही है। वह पहले भी कई बार शराब की तस्करी कर चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि दो-तीन अलग-अलग गाड़ियों से उसकी टीम हाईवे पर निगरानी करती थी। आगे चलने वाली गाड़ी पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी और अन्य गाड़ियों पर निगाह रखती थी। अगर कहीं भी वाहन जांच अभियान चलाया जाता था तो वह पीछे वाली गाड़ी को सूचना देता था।

# कांग्रेस के संविधान बचाओ रैली को ले बरही में बैठक

### हिंदू मुस्लिम का मुद्दा बनाकर देश की मुख्य समस्याओं से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही भाजपा : प्रकाश

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** पूर्वी पंचायत भवन में प्रखंड स्तरीय एक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षत कांग्रेस नेता संतोष रजवार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पर्यवेक्षक डॉ. प्रकाश कुमार और जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष दीपक गुप्ता, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तोखन रविदास, जिला नेता राजू चौरसिया समेत वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सभी नेताओं ने एक-एक कर कांग्रेस की मजबूती पर अपनी राय रखी। वहीं राजधानी रांची में आयोजित राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली की तैयारियों पर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। बैठक के समापन से पहले पहलगांव में हुए आतंकी हमले की निंदा की गई और 2 मिनट का मौन रखा गया।

डॉ. प्रकाश कुमार ने कहा कि भाजपा पूरे देश में हिंदू मुस्लिम का मुद्दा बनाकर देश की मुख्य समस्याओं से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। पहलगाम में आतंकवादी घटना में 26 निर्दोष लोग मारे गए और प्रधानमंत्री सीधे पहलगाम नहीं गए बल्कि सीधे बिहार चुनाव की तैयारी के लिए चले गए जबकि राहुल गांधी अमेरिका से सीधे जम्मू-कश्मीर चले गए - यही भाजपा और कांग्रेस पार्टी में अंतर है।

बैठक में डॉ. प्रकाश कुमार, जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, 20 जिला सदस्य दोखन रविदास, जिला के वरिष्ठ नेता राजेंद्र चौरसिया, ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, संतोष रजवार, मंडल मीडिया प्रभारीतौकीर रजा, अध्यक्ष जीतेंद्र गिरी, मंडल अध्यक्ष विष्णुधारी महतो, मंडल अध्यक्ष बब्लू सा, एससी प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक पासवान, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष मो. गुलजाज, मुखिया छोटन ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य मो. तैय्यब अंसारी, विनोद यादव, मो. जमीरुद्दीन, मुकेश पासवान, प्रकाश विश्वकर्मा, रिजवान अली, अशोक सिंह, अब्दुल क्यूम, सुनील केशरी, अशोक वाडा, छोटे राम, मनोज पासवान, मनोज यादव, संतोष कुमार, संजय साव, सन्नी गुप्ता, प्रकाश दास, फिरदौस खान, मो. असीर, महेंद्र राम, सत्तार अली, अजय आनंद, अजीत पासवान, रामप्रकाश रविदास, बंटी राम, पंकज प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे।

### रोटरी रामगढ़ सिटी ने लगाया वाटर कूलर

**रामगढ़।** रोटरी रामगढ़ सिटी के तत्वाधान में शहर के चट्टी बाजार स्थित दुर्गा मंडप के समीप भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर का उद्घाटन रविवार को रोटरी क्लब के दौरे पर निकले बिहार झारखंड 3250 के डिस्ट्रिक गवर्नर विपिन चचान ने किया। उन्होंने कहा कि रोटरी ने ठंडा जल का वाटर कूलर लगाने की यह उचित जगह चुनी है। यह मंदिर के सामने है और ठंडे पानी से कई लोग लाभान्वित होंगे। रोटरी रामगढ़ सिटी के अध्यक्ष अनिल गोयल ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हम यह कार्य कर पा रहे हैं। दुर्गा मंडप के अध्यक्ष राहुल मजूमदार एवं सचिव विक्रम प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष कौशिक सिंह उर्फ भीम, युधिष्ठिर सिंह ने रोटरी की इस नेक कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। मौके सूरज अग्रवाल, हरीश चौधरी, प्रकाश अग्रवाल, आदर्श चौधरी, उमेश राजगढ़िया व अन्य मौजूद थे।

### मौत से लड़ रही पायल ने सुमित और थाना प्रभारी को बताया जिम्मेदार

**रामगढ़।** मौत से लड़ रही 23 वर्षीय पायल सिंह ने प्रेमी सुमित और महिला थाना प्रभारी श्वेता कुजूर को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि उसका प्रेमी सुमित उसे घर छोड़ने के लिए रामगढ़ आया था। इसके बाद जब वह घर गया तो दोबारा बात नहीं हो पाई। 17 मार्च को वह रामगढ़ महिला थाना गई थी। उसके बाद लगातार पुलिस उसे टालती रही। पायल ने बताया कि 25 मार्च को सुमित थाना आया था। उसने झूठी शादी करने और शारीरिक संबंध बनाने की बात को स्वीकार भी किया था। लेकिन यह भी कहा था कि अब वह पायल को नहीं रखेगा।

# बरही में बाइक से पेट्रोलिंग शुरू

## संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को दें : एसडीपीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** पिछले एक माह से बरही में बढ़ती चोरी एवं छिनतई की घटनाओं को रोकने एवं नियंत्रित करने के लिए बरही थाना से बाइक पेट्रोलिंग की शुरूआत की गई है।

बरही एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल के निर्देश पर थाना प्रभारी आभाष कुमार खुद के निगरानी में बाइक पेट्रोलिंग की व्यवस्था की है। जिसमें प्रत्येक बाइक पर दो दो पुलिस अधिकारी सवार होकर रात्रि पेट्रोलिंग कर रहे हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर आभाष कुमार ने बताया कि बरही थाना क्षेत्र तीन तीन नेशनल हाईवे पर स्थित है। घटना हो सकती है। लेकिन घटना की सूचना पर बाइक पेट्रोलिंग जल्दी पहुंचा जा सकता है। साथ ही बाइक पेट्रोलिंग से गांव गांव में आसानी ने भ्रमण कर अवांछित लोगों की गतिविधियों को देखा जा सकता है। इस कारण बाइक पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। बाइक पेट्रोलिंग की व्यवस्था को बेहतर बताते हुए एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने कहा कि खासकर रेलवे स्टेशन रोड, करियातपुर, बरसोत, देवचन्दा, एवं रिआडा प्रक्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियां देखी जा रही है। संदिग्ध लोगों से लगातार पुलिस पूछ ताछ कर रही है। मेन हाईवे पर पेट्रोलिंग तेज की गई है। ताकि अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। नशेड़ियों, शराबियों एवं जुआड़ीयों पर विशेष निगाह रखी जा रही है। एसडीपीओ ने आम लोगों से अपील ।की है कि जहां भी किसी तरह के संदिग्ध व्यक्ति की सूचना मिले, पुलिस को जरूर सूचना दें।

# बरही : आतंकी हमले विरोध में भाजपा ने निकाला मशाल जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में बरही के भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार शाम बरही धनबाद रोड स्थित एनएचएआई गेस्ट हाउस से बरही चौक तक मशाल जुलूस निकाला। इसका नेतृत्व विधायक मनोज कुमार यादव ने किया। जिसमें जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी एवं राजसिंह चौहान समेत सैकड़ो अन्य लोग शामिल हुए। विधायक ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले ने एक बार फिर देश को झकझोर कर रख दिया। हर बार आतंकी आतंक फैलाने के मकसद से घटना को अंजाम दिया करते थे, लेकिन इस बार निहत्थे बेकसूर हिंदू सैलानियों को उनका धर्म पूछकर, उनका कपड़ा उतारकर देखने के बाद हिंदू होने का कन्फर्म करने के बाद गोलियों से भून डाला. इससे साफ प्रतीत होता है कि इन आतंकियों का मकसद सिर्फ हिंदुओं को मारना था। आतंकी हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियां 28 लोगों की हत्या करने वाले आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चला रही है। इस कड़ी में सुरक्षाबलों को बारामूला में बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। यहां एलओसी के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए भारतीय सेना ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया है। सुरक्षाबलों ने आतंकियों के पास से दो राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार और सामान बरामद किया है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह करना चाहते हैं कि सिर्फ आतंकी को मारकर ही इस आतंकी घटना का बदला नहीं लिया जा सकता, बल्कि इस बार सर्जिकल स्ट्राइक नहीं बल्कि इसराइल स्टाइल से पाकिस्तान को भी उसकी औकात दिखा देना चाहिए। जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि जिस तरह से मंगलवार को पहलगाम में आतंकी हमले को अंजाम दिया गया है उससे साफ प्रतीत होता है कि आतंकी बिना स्थानीय लोगों की मदद से वहां इतना बड़ा घटना को अंजाम दे ही नहीं सकते। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि पहलगाम के आतंकी हमले में अपनों को खोने का दर्द हर भारतीयों को है. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पर हम सभी को विश्वास है कि बेगुनाह मासूम लोगों को मारने वाले इन आतंकियों को बिल्कुल बख्शा नहीं जायेगा. पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव ने कि पूरा देश इस समय पीड़ित परिवार, केंद्र सरकार और भारतीय सेना के साथ है। मशाल जुलूस में सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राज सिंह चौहान, पूर्व जिप सदस्य अर्जुन साव, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सुरेंद्र रजक, पूर्व मुखिया टेकलाल यादव, डीलो पासवान, राजकुमार यादव, बिपिन सिन्हा, नागेश्वर रजक, भाजपा नेता पप्पू चंद्रवंशी, मनोज उपाध्याय, सोनू यादव, मोती सिंह, अर्जुन रविदास, मुकेश राम, मुन्ना यादव एवं सचिन यादव समेत सैकड़ो अन्य लोग मौजूद थे।

### इचाक में पत्रकारों ने निकाला कैंडल मार्च

इचाक। पहलगाम के बेसरन घाटी में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में रविवार को प्रेस क्लब इचाक के बैनर तले प्रखंड के पत्रकारों ने कैंडल मार्च निकाला। मार्च का नेतृत्व प्रेस क्लब इचाक के अध्यक्ष अनिल राणा कर रहे थे। मार्च इचाक इंडियन बैंक के पास से निकलकर बाजार पहुंचा। पत्रकारों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। पत्रकारों ने पहलगाम के आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, पूर्व सैनिक शंकर सिंह, सरदार कर्णवीर सिंह, युवा नेता गौतम कुमार, राम सेवा संगठन के सुजीत कुमार मेहता, प्रेस क्लब के संरक्षक रामशरण शर्मा, अरुण खुशबू, सचिव गणेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष रामावतार स्वर्णकार, दीपक सिंह, महेश मेहता, किशोर प्रसाद व अन्य मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सेवा मंच नेगरीबों को कराया भोजन




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सेवा मंच ने इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह और सदस्यों द्वारा लगभग 150 गरीब- जरूरतमंद महिला-पुरूष और बच्चों के बीच पुरी-सब्जी और जलेबी का वितरण किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच उद्देश्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, लालू उरांव, विजय राम, लखन राम, सरिता देवी, सुकरा करमाली, महावीर घटवार, मो. शाहिद सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

### समाजसेवी संघ ने बच्चों को दिया नाश्ता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित गरीब समाजसेवी संघ भुरकुंडा ने रविवार को भुरकुंडा बाजार क्षेत्र में कपड़े और नाश्ते का वितरण किया। इस सेवा कार्यक्रम में संघ के नए सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने द्वारा दान किए गए कपड़े जरूरतमंदों तक पहुंचाएं। पप्पू सिंह के नेतृत्व में लक्ष्मी टॉकीज के समीप बच्चों के बीच विशेष रूप से कपड़े और नाश्ते का वितरण किया गया। मौके पर पप्पू सिंह ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा धर्म और पुण्य का कार्य है ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन मन धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने सभी से इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह भी किया। श्री सिंह ने कहा कि संघ का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक सहायता पहुंचाना है और इसके लिए संघ निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के उपाध्यक्ष उदय स्वर्णकार, समाजसेवी पप्पू सिंह, तीज राम, मनोज कुमार, सविता देवी, लीला सागर, सोमरी देवी, रोहिणी कुमारी, प्रदीप अग्रवाल और दयानंद केसरी सहित कई अन्य सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई।

### अमीन परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत डीएमएफटी के माध्यम से संचालित ट्रेंड एंड सर्टिफाइड 180 अमीन परियोजना के तहत रविवार को प्रशिक्षणार्थियों के चयन हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में किया गया। इस दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर चल रहे कार्यों का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त द्वारा परीक्षा के सफल आयोजन हेतु उपस्थित केंद्र अधीक्षक, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। परीक्षा में कुल 894 में 781 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। गौरतलब है कि अमीन प्रशिक्षण हेतु लिखित परीक्षा का परिणाम भी यथासंभव परीक्षा के दिन ही जारी कर दिया जाएगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला नियोजन पदाधिकारी मनोज मनजीत, श्रम अधीक्षक रामगढ़ श्री अभिषेक वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### कराटेकारों का ग्रेडेशन टेस्ट संपन्न




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू के रसदा इंटरनेशनल मार्शल आट्र्स कराटे ट्रेनिंग सेंटर में रविवार को नन्हे कराटेकारों का ग्रेडेशन टेस्ट सह एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर लगा। संस्था के मुख्य प्रशिक्षक विकास पाठक एवं महिला प्रशिक्षक सुमित्रा (ब्लैक बेल्ट तृतीय डॉन) ने रामगढ़ जिले से आए लगभग 50 कराटे खिलाड़ियों को कराटे फाइट, कुमीते, कीहॉन बेसिक एवं एडवांस काता का गहन प्रशिक्षण दिया। तीन घंटे चले कठिन बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट में खिलाड़ियों की योग्यता का मूल्यांकन किया गया। सफल करांटेकारों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, विशिष्ट अतिथि एनटीपीसी भेल के अधिकारी देवेंद्र त्रिपाठी एवं अनंत प्रसाद ने बेल्ट सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। अतिथियों ने सभी सफल खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। थाना प्रभारी कैलाश कुमार ने कहा कि बच्चों को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आट्र्स का प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है, विशेषकर बेटियों के लिए। उन्होंने कहा कि कराटे से शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही है यह हम सबको अनुशासन की भी सीख देता है। सफल कराटेकारों की सूची में ब्राउन बेल्ट चौथा क्यूं में रानी कुमारी, वैष्णवी कुमारी, चंद्रशेखर कुमार, दिव्यदर्शन कुमार, अचित्य कुमार, तेजल विश्वकर्मा, अपूर्वा राज, ब्लू बेल्ट में मुस्कान कुमारी, अनुष्का, कुमार आर्यन, येलो बेल्ट में चिराग कुमार, अर्णव आर्या, मोहित टोप्पो शामिल हैं। कार्यक्रम में विशेष तौर पर बेल्ट परीक्षा के मूल्यांकन के लिए जूनियर टाइगर ली (ब्लैक बेल्ट छठा डॉन) भी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### चरही में 140 पेटी शराब जब्त, चार गिरफ्तार

**चरही।** पुलिस ने वरीय अधिकारियों के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर अवैध विदेशी शराब से भरा पिकअप वाहन जब्त किया। वाहन में विभिन्न ब्रांडों की कुल 140 पेटी शराब लोड थी। विष्णुगढ़ अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी बैजनाथ प्रसाद ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान एक तेज रफ्तार आर्टिका कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक भागने लगा। चरही ओवरब्रिज के पास कार छोड़कर भाग रहे दो व्यक्तियों को पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। हालांकि कार से कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने पास से गुजर रहे सफेद पिकअप वाहन की जांच की, जिसमें भारी मात्रा में शराब बरामद हुई। गिरफ्तार तस्करों में संदीप कुमार, छौधारी राय, जितेश कुमार यादव (सभी थाना दानापुर, बिहार) और अमरजीत कुमार (जिला गया) शामिल हैं। पुलिस ने दोनों वाहन जब्त कर लिए हैं। मौके पर थाना प्रभारी गौतम कुमार सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### डीटीओ पर ग्रामीणों ने लगाये भ्रष्टाचार के आरोप




**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के झरपो, भराजो, खैरा, डहरभंगा, डूमर, धरमपुर, बेड़म और टाटीझरिया पंचायतों में 27 और 28 अप्रैल को डीटीओ द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए शिविर लगा था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिविर में ब्लड जांच के नाम पर प्रति व्यक्ति 100 से 120 रुपए तक की अवैध वसूली की गई। साथ ही, रजिस्ट्रेशन शुल्क भी मनमाने ढंग से वसूला गया, जबकि विभागीय पत्र में शुल्क का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं था। झरपो पंचायत में लगे शिविर में व्यवस्था बेहद खराब रही। ग्रामीणों ने बताया कि जहां अन्य सरकारी योजनाओं के शिविरों में तीन से चार कंप्यूटर ऑपरेटर भेजे जाते हैं, वहीं इस शिविर में केवल एक ऑपरेटर मौजूद था। सीमित संसाधनों के कारण केवल 10-15 लोगों का ही रजिस्ट्रेशन हो पाया। समय समाप्ति का हवाला देकर ऑपरेटर जल्दबाजी में शिविर समेटकर चले गए, जिससे भारी संख्या में मौजूद ग्रामीणों को निराशा हाथ लगी। ऑपरेटरों के व्यवहार से नाराज ग्रामीणों ने कहा कि जब उनसे रजिस्ट्रेशन कराने की गुहार लगाई गई, तो वे झल्लाकर जवाब देने लगे। शिविर में आई अव्यवस्थाओं और मनमानी वसूली के कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। स्थानीय लोगों ने डीटीओ से पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### खदान शिक्षक मोर्चा का सम्मेलन संपन्न

**चरही।** सीसीएल क्लब में रविवार को कोयला खदान शिक्षक मोर्चा का एक दिवसीय सम्मेलन संपन्न हुआ। मोर्चा के अध्यक्ष प्यारेलाल यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि संचालन अरविंद कुमार सिंह ने किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि मांडू विधायक निर्मल महतो, गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। स्वागत कार्यक्रम में शिशु विकास विद्यालय के छात्रों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। शिक्षकों ने अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया। सम्मेलन में सीसीएल द्वारा संचालित विद्यालयों की समस्याओं पर चर्चा हुई और सांसद को सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। मुख्य मांगों में शिक्षकों के वेतनमान के आदेश के अनुपालन, अनुदान राशि में वृद्धि, बीएड शिक्षकों के वेतन कटौती की समस्या का समाधान और सेवा निवृत्ति की उम्र 65 वर्ष करने की मांग शामिल थी। इसके साथ ही सेवानिवृत्ति के बाद 25 लाख रुपये सहायता राशि तथा विद्यालयों के इंफ्रास्ट्रक्चर और शिक्षकों के आवास एवं चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था की मांग भी की गई। सम्मेलन में क्षेत्र के कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### हाथियों ने मचाया उत्पात, किसान को भारी नुकसान

कटकमदाग । ग्राम ललकी पैरहरिया, पंचायत ढेंगुरा में विकास कुमार दांगी के खेत में हाथियों ने भारी उत्पात मचाया। विकास कुमार, जो अपने खेतों में तरबूज और टमाटर की खेती कर रहे थे, को भारी नुकसान झेलना पड़ा। हाथियों के झुंड ने लगभग 8 एकड़ में लगे तरबूज और 4 एकड़ में लगी टमाटर की फसल पूरी तरह नष्ट कर दी। विकास कुमार ने बताया कि उन्होंने खेती के लिए कर्ज लिया था और लगभग 16 लाख रुपये का निवेश किया था। वे जमीन भी लीज पर लेकर खेती कर रहे थे। हाथियों द्वारा इस प्रकार की बबार्दी से उनकी आर्थिक स्थिति संकट में आ गई है। विकास कुमार सरकार से नुकसान की भरपाई और मुआवजे की गुहार लगा रहे हैं। हाथियों के इस तरह के हमलों से क्षेत्र के अन्य किसानों में भी डर का माहौल बन गया है। प्रशासन से मांग की गई है कि प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा प्रदान किया जाए और हाथियों से बचाव के उपाय किए जाएं।

### यशवंत सिन्हा बने अटल विचार मंच के अध्यक्ष



**कुजू।** अटल विचार मंच की बैठक डेमोटांड़ स्थित ऋषभ वाटिका में रविवार को संपन्न हुई। कार्यकर्ताओं ने पूर्व वित्त एवं विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा को अटल विचार मंच का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना है। पार्टी की स्थानीय इकाई ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। अटल विचार मंच के रामगढ़ जिला मीडिया प्रभारी अंशु गुप्ता ने बधाई देते हुए कहा कि पार्टी संगठन में उनके राजनीतिक अनुभव एवं कौशल से समाजवादी नीतियों को बढ़ाने में बल मिलेगा। अटल विचार मंच राष्ट्रीय स्तर पर नयी उंचाई पर पहुंचेगा और संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### महिला थाना प्रभारी श्वेता कुजूर सस्पेंड

रामगढ़। शहर के नईसराय, महतो टोला में पायल कुमारी के साथ लैंगिक अपराध हुआ था। इस मामले की जांच में महिला थाना प्रभारी श्वेता कुजूर ने भारी लापरवाही बरती थी। एसपी अजय कुमार के दिए गए निदेर्शों का भी अनुपालन नहीं कर पाई थी। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने इस लापरवाही को बेहद गंभीर आरोप माना है। उन्होंने रविवार को स्पष्ट कर दिया कि आवेदिका के आवेदन की जांच में शिथिलता बरती गई। इसकी वजह से पायल ने अपने शरीर में आग लगा ली। इस मामले में उन्होंने महिला थाना प्रभारी श्वेता कुजूर को निलंबित कर दिया है। एसपी अजय कुमार ने बताया कि पायल कुमारी के बयान पर 24 अप्रैल को महिला थाना में कांड संख्या 6/25 दर्ज किया गया था। बीएनएस की धारा 69, 352, 115 (2), 61(2) धारा के तहत सुमित कुमार, पप्पू सिंह, आलोक सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। सभी वेस्ट बोकारो ओपी के ड्राइवर हार्ट के रहने वाले हैं। उन तीनों लोगों की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने विशेष टीम का गठन किया। जांच टीम गठित टीम के द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए बिहार राज्य के बाढ़ और दानापुर तथा रामगढ़ जिले के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। मुख्य आरोपित सुमित कुमार, पप्पू सिंह और आलोक सिंह को रामगढ़ जिले के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

## पार्टी संगठन विस्तार व कार्य प्रणाली को लेकर की बैठक

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद बर्णवाल के आवासीय कार्यालय में शनिवार को पार्टी संगठन विस्तार और उसकी कार्य प्रणाली को लेकर बैठक हुई। पर्यवेक्षक नवनीत ओझा ने कहा कि संगठन तभी चलता है, जब सब मिलकर साथ चलते हैं। किसी भी समस्या के समाधान का मंत्र एकता है, जो हम सभी को अपने दिल में उतारना है। प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद बर्णवाल ने कहा कि बहुत जल्द प्रखंड कमेटी, मंडल कमेटी और पंचायत कमेटी के पदाधिकारियों का गठन कर जिला कमेटी को अनुमोदन के लिए सौंप दिया जाएगा। बैठक में झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी के 28 अप्रैल को कोडरमा आगमन की तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक में पार्टी के प्रदीप सिंह, खुर्शीद आलम, मोती दास, राजेंद्र साहू, द्वारिका पासवान, संजय चंद्रवंशी, तुलसी दास, सद्दाम अंसारी, असगर अंसारी, पप्पू दास आदि मौजूद थे।

# तन-मन को स्वस्थ रखने के लिए सुबह-सुबह दो घंटे योगाभ्यास जरूर करें : विश्व देव स्वामी

- **पतंजलि योगपीठ हरिद्वार युवा भारत संगठन के तत्वावधान में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन**



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार युवा भारत संगठन के तत्वावधान में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन शहर के ग्रैंड सूर्या होटल में किया गया। जिसमें युवा भारत के केंद्रीय प्रभारी योग ऋषि स्वामी रामदेव जी के शिष्य स्वामी विश्व देव स्वामी कौशल देव आए। शिविर का आयोजन प्रदीप कुमार सुमन योगाचार्य सुषमा सुमन द्वारा किया गया। शिविर का प्रथम दिवस पूर्ण हुआ, जिसमें स्वामी कौशल देव उपस्थित लोगों को योग कराया और कहा कि तन मन को स्वस्थ रखने के लिए सुबह-सुबह दो घंटे योगाभ्यास जरूर करें। जो 24 घंटे में से दो घंटे अपने तन मन को देता है, वह स्वस्थ रहता है और बीमारियां उसके आसपास भी नहीं रहती हैं। वहीं छोटे बच्चों के सराहनीय प्रदर्शन से उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिसमें बच्चों में उत्साह और जागृति हुआ। स्वामी विश्व देव ने कहा कि आज का युवा डिप्रेशन मानव मानसिक रोगों का शिकार होता जा रहा है, इसलिए योग से जुड़कर अपनी समस्याओं, रोगों से निजात हो सकता है। वहीं उन्होंने कहा कि युवा योग से अपनी शक्तियों को जाग कर स्वस्थ और समृद्धिशाली होकर घर परिवार मानवता की और राष्ट्र की सच्ची सेवा कर सकता है। कोडरमा जिला में कम उम्र के युवा लोग डिप्रेशन में आकर अपनी जिंदगी को समाप्त कर लेते हैं, यह बहुत गंदे और चिंता का विषय है, इसलिए योग करना बहुत जरूरी है। योग शिविर में सैकड़ों की संख्या में योग साधक भाई-बहन उपस्थित रहे।

मौके पर डिलो, राम पुकार, प्रदीप कुमार सुमन, डॉ. जयप्रकाश बर्णवाल, सूर्य नारायण मोदी, नरेंद्र मोदी, सुभाष गुप्ता, गोपाल शर्मा, राजेंद्र बर्णवाल, सुभाष मोदी, रामकिशोर शर्मा, राजेश वर्मा, रामचंद्र यादव, राजकुमार, सुधीर कुमार, शंकर केसरी योगाचार्य सुषमा सुमन, नीलू देवी समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

## कोडरमा घाटी में दुर्घटना के बाद कार में लगी आग

### हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस ने बचाई यात्रियों की जान





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत घाटी के जमसोती नाला के समीप रविवार को एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसके बाद अचानक कार में आग लग गई। इस दौरान मौके पर मौजूद हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस की टीम ने कार में फंसे तीन यात्रियों को बाहर निकाल कर उनकी जान बचाई और इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। इस दुर्घटना में घायलों की पहचान रांची निवासी 64 वर्षीय निरंजन प्रसाद पिता स्व. बंसी प्रसाद, 50 वर्षीय सर्मी सिन्हा पति निरंजन प्रसाद और 24 वर्षीय मंजीत कुमार पिता मनोज कुमार के रूप में हुई है। वहीं सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायलों ने बताया कि सभी वाहन में सवार होकर बिहार से रांची जा रहे थे, इस दौरान यह हादसा हो गया।

## विधायक ने किया एक्सिस बैंक डोमचांच ब्रांच सह एटीएम का उदघाटन

- **लोगों को एक्सिस बैंक की सुविधाएं अब आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी : डॉ.नीरा यादव**

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** एक्सिस बैंक डोमचांच ब्रांच सह एटीएम का उदघाटन विधायक डॉ. नीरा यादव ने किया। वहीं उन्होंने कहा कि डोमचांच क्षेत्र के लोगों को एक्सिस बैंक की सुविधाएं अब आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। वहीं शाखा प्रबंधक संजीव कुमार ने बताया कि बैंक में खाता खोलने से लेकर एफडी एवं हर प्रकार के लोन की भी सुविधाएं उपलब्ध हैं। खाता धारक आसानी से एक्सिस बैंक के एप से कई प्रकार की सुविधाओं का आसानी से लाभ उठा सकते हैं।

मौके पर एक्सिस बैंक के क्लस्टर हेड मनोज तिवारी, शाखा प्रबंधक संजीव कुमार, शाखा संचालन प्रमुख ओम गुप्ता, सीनियर सेल्स पदाधिकारी अरविंद कुमार, संतोष कुमार त्रिवेदी, सपना कुमारी, आशीष कुमार, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, विजय सिंह, ओमप्रकाश सिंह, राजेंद्र मेहता, मनोज मेहता, मनोहर मेहता, महेंद्र यादव, राजकुमार मेहता, रोहित मेहता, बसंत कुमार मेहता, राजद नेता संतोष कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## मन की बात कार्यक्रम में दिखा कार्यकर्ताओं में उत्साह




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधायक आवासीय कार्यालय में विधायक डॉ. नीरा यादव ने भाजपा कार्यकर्ताओं संग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक कार्यक्रम मन की बात के 121वां एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया।

बताते चलें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात में पहलगाम हमले की पीड़ा को बयां किया। उन्होंने निर्दोष नागरिकों पर हुए हमले पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि आतंक के खिलाफ पूरा देश एकजुट है जो हमारी सबसे बड़ी शक्ति है, दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया।

हमला करने वाले आतंकियों और साजिश रचने वालों को कल्पना से बड़ी सजा मिलेगी। सही मायनों में देश के प्रधानमंत्री का यह संवाद देश की सुरक्षा, जनभागीदारी एवं सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रेरणास्त्रोत है। मौके पर नगर अध्यक्ष अजय पांडेय, नगर महामंत्री उत्तम कुमार, राजेश सिंह, प्रवीण पांडेय, चंदन सिन्हा, नवीन लाल, मुकेश यादव, सचिंद्र शर्मा, पंकज सिंह, संजय पासवान, नरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## इटखोरी-हजारीबाग मुख्य मार्ग पर सूखा आम का पेड़ बना खतरा



**इटखोरी।** इटखोरी-हजारीबाग मुख्य सड़क पर बघमुंडी गांव के पास एक सूखा आम का पेड़ लोगों के लिए खतरा बन गया है। यह पेड़ काफी कमजोर हो चुका है और कभी भी गिर सकता है। इससे सड़क से गुजरने वाले लोगों और गाड़ियों को बड़ा नुकसान हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस पेड़ की हालत काफी समय से खराब है। कई बार वन विभाग को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। तेज हवा या बारिश में पेड़ गिरने का खतरा और भी बढ़ जाता है। लोगों ने मांग की है कि जल्दी से जल्दी इस पेड़ को काटकर हटाया जाए ताकि कोई बड़ा हादसा न हो। अगर समय पर ध्यान नहीं दिया गया तो जान-माल का नुकसान हो सकता है।

**खबर एक नजर में**

## अंकेक्षण दल ने किया ग्राम सभा का आयोजन



**गिद्धौर।** प्रखंड के सभी पंचायत भवन में रविवार को सामाजिक अंकेक्षण दल ने ग्राम सभा का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता प्रसादी पासवान और संचालन विकास कुमार बिक्कू ने की। बैठक सामाजिक अंकेक्षण दल के कार्यकर्ता उपेन्द्र कुमार बीआरपी बदल कुमार के नेतृत्व में की गयी। इस दौरान उन्होंने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण के तहत बीते 22 अप्रैल से आगामी 28 अप्रैल तक पंचायत में विकास की योजनाओं की समीक्षा करेंगे। पंचायत के विभिन्न गांवों में बैठक कर मनरेगा योजनाओं से संचालित योजनाओं का स्थल का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। बैठक में सुनील कुमार यादव विकास कुमार बिक्कू आशीष कुमार दांगी सूचित राणा कर्मधारी रजक यदुनंदन कुमार यादव नीरज कुमार पासवान समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## टिकट चेकिंग अभियान के दौरान यात्रियों से वसूला गया 5 लाख 61 हजार 10 रुपए जुर्माना

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** धनबाद मंडल में बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान शनिवार को धनबाद मंडल में मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत विभिन्न टिकट चेकिंग दस्तों द्वारा मंडल के विभिन्न खंडो के साथ-साथ धनबाद, गोमो, चन्द्रपुरा, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग किया गया। इस जांच अभियान के परिणाम स्वरूप कुल 1073 यात्रियों को पकड़ा गया, जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे थे। इस दौरान उनसे 5 लाख 61 हजार 10 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई। उक्त जानकारी वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद सह वरीय जनसंपर्क अधिकारी मो.इकबाल ने दी।

## नो पार्किंग में खड़े वाहनों से वसूला गया जुर्माना





खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद झुमरीतिलैया द्वारा लगातार शहर में अतिक्रमण अभियान के साथ-साथ नो पार्किंग में खड़े वाहनों से जुर्माना वसूला जा रहा है। शनिवार को स्टेशन रोड से झंडा चौक ओवर ब्रिज के दोनों ओर नो पार्किंग में खड़े वाहनों से जुर्माना वसूला गया।

वहीं नगर प्रबंधक लेमांशु कुमार ने कहा कि शहर के जितने भी दुकानदार एवं संस्थान के मालिक हैं, वे अपने दुकानों के आगे चार पहिया एवं दोपहिया वाहन ना लगने दें। वाहन खड़ी करने के लिए नगर परिषद द्वारा जगह-जगह पर पार्किंग स्थल निर्धारित किया गया है, वहीं अपने वाहन को पार्क करें, अन्यथा वाहन को जप्त करते हुए जुर्माना वसूला जाएगा। यह अभियान देर रात तक चलाया गया। जिसमें दर्जनों दो पहिया, चार पहिया वाहन एवं टोटो से जुर्माना वसूला गया। अभियान में राजस्व निरीक्षक अभिषेक कुमार मेहता, अजीत कुमार, संतोष प्रसाद, दुलारचंद यादव, सुदर्शन श्रीवास्तव, लखन सिंह, बलराम कुशवाहा, मिल्टन टंडन, मुकेश राणा, रौशन कुमार समेत नप के होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

## बीडीओ ने 10 दिनों के अंदर आवास निर्माण कार्य शुरू करने का दिया निर्देश

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास के तीन दर्जन से अधिक लाभुकों को बीडीओ हुलास महतो ने नोटिस किया है। वहीं डीडीसी ऋतुराज ने एक दिन पूर्व प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास व अबुआ आवास का निरीक्षण किया, इसके बाद लाभुकों को नोटिस दिया गया। ये वैसे लाभुक हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री आवास की राशि मिले दो माह से भी अधिक समय हो गया है, लेकिन उक्त लाभुकों द्वारा आवास का कार्य शुरू नहीं कराया गया है। जिन लाभुकों को नोटिस किया गया है, उनमें नावाडीह पंचायत की सविया देवी, सरस्वती देवी, राखी मुर्मू, जामू पंचायत की कविता देवी, सविता देवी समेत अन्य पंचायतों के 42 से भी अधिक लाभुकों के नाम शामिल हैं। वहीं बीडीओ ने बताया कि 10 दिनों के अंदर आवास निर्माण कार्य शुरू करने की हिदायत दी गयी है। यदि लाभुक तय समय में कार्य शुरू नहीं करते हैं व अकारण सरकारी राशि अपने पास रखते हैं, तो वैसे लाभुकों से राशि की रिकवरी करते हुए उन पर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जायेगी।

## लायंस एवं टाइटन आई प्लस ने लगाया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर



**कोडरमा।** लायंस क्लब ऑफ झुमरीतिलैया एवं टाइटन आई प्लस के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन टाइटन आई प्लस के परिसर में किया गया। इसमें आंखों की निःशुल्क जांच के लिए टाइटन आई प्लस ने लायंस क्लब के अनुरोध पर प्रारंभ किया गया। यह निःशुल्क नेत्र जांच की सुविधा पूरे महीने करने का आश्वासन दिया है। इस शिविर में लायंस क्लब के जिला चेयर पर्सन लाइन गजेंद्र राम के अतिरिक्तरीजन चेयर पर्सन सुजीत भी मौजूद थे। यह निःशुल्क नेत्र जांच शिविर प्रतिदिन पूर्वाह्न में 11 बजे से टाइटन आई प्लस परिसर में चलता रहेगा। लायंस क्लब ने यह संदेश दिया है की इस सुविधा का लाभ आम नागरिक पूरे महीने उठा सकते हैं। इस शिविर में लगभग 28 लोगों ने अपने आंखों की जांच करवाई।

## लाखों की लगत से बना एग्रीगेशन शेड अब तक बेकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत लोहाडंडा में स्वच्छ भारत मिशन के ग्रामीण फेज टू के तहत लाखों रूपयो की लागत से बना एग्रीगेशन सालों बीत जाने के बाद भी आज तक इसे चालू नहीं किया गया है। इससे वहां रखे मशीनें धूल फांक रही हैं। खिड़की, दरवाजे में जंग लग रहे हैं। उसमें लगे खिड़की भी तोड़ दिया गया है। एग्रीगेशन लगाने का मुख्य उद्देश्य था कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज टू में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए गांवों में शेड बनाए जाएंगे और मशीनें लगाई जाएंगी। ये शेड प्लास्टिक कचरे को इकट्ठा करने और अलग करने के लिए बनाए जाएंगे और मशीनें प्लास्टिक को प्रोसेस करने में मदद करेंगी। इन मशीनों का उपयोग प्लास्टिक कचरे को साफ करने, छोटे टुकड़ों में काटने और फिर रीसाइकल करने के लिए किया जाएगा। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य ये भी था कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरे का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करना है, सरकार के लाखों रु इसमे लगाए गए हैं। मगर आज तक इसे इस्तेमाल में नहीं लाया गया। इसके तहत सभी पंचायतों में कचरा संग्रह करने के लिए रिक्शा भी दिया गया था, मगर सभी रिक्शा पंचायत भवन में रखे-रखे सड़ रहे हैं। उसमें भी विभागीय पैसों को सिर्फ बर्बाद किया गया है। अब देखना ये है कि ये चालू कब होता है।

### क्या कहती हैं कोऑर्डिनेटर

इस संबंध में पीएचइडी के जिला कोऑर्डिनेटर सुमन कुमारी से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने पर पूछा तो उन्होंने बताया कि पिछले फाइनेंशियल वर्ष में फंड आदि नहीं आया था। इसके कारण इसको चालू नहीं किया गया था। उन्होंने बताया कि फंड तो अभी आ नहीं रहा है। लेकिन चालू करवाने के लिए कहा जा रहा है, तो उम्मीद है कि मई महीने में इसको चालू कराया जाएगा। अज्ञात लोगों द्वारा वहां तोड़फोड़ मामले में उन्होंने बताया कि इस पर वहां के जेई और संबंधित पंचायत के मुखिया से एक बार जांच करवा लिया जाएगा।

## सीएच स्कूल रोड स्थित मोदी भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के सीएच स्कूल रोड स्थित मोदी भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन सुदामा चरित्र एवं सुखदेव जी की विदाई प्रसंग के साथ हुआ। भागवत ज्ञानयज्ञ की यह सात दिवसीय कथा 18 अप्रैल को आरंभ हुई थी, जिसे प्रयागराज से पधारे भगवत भूषण परम पूज्य श्री देवाचार्य जी महाराज ने कथा के रूप में प्रस्तुत किया। वहीं कथा में श्रीराम मंदिर के योगाचार्य श्री गोपेश्वर पांडेय का भी विशेष मार्गदर्शन रहा। कथा के अंतिम दिन की विशेषता यह रही कि सुखदेव जी के मुख से यदुवंश के विनाश की मर्मस्पर्शी कथा सुनायी गयी, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को गहरे भाव में डुबो दिया। भागवत तत्व की गहराई बताते हुए कथा के अंतिम चरण में उद्धव प्रसंग भी सुनाया गया। वहीं आयोजन के मुख्य यजमान डॉ. किरण मोदी एवं डॉ. राकेश मोदी एवं आयोजनकर्ता जीवन ज्योति हॉस्पिटल के सुनैना मोदी एवं रामकुमार मोदी थे। वहीं महायज्ञ का समापन पूर्णाहुति एवं भंडारा के साथ हुआ, भंडारा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# बक्शा जलाशय योजना के निरीक्षण भवन परिसर में बढ़ रहा अवैध कब्जा



- **प्रशासन की निष्क्रियता पर उठ रहे सवाल**

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी थाना के पास स्थित जल संसाधन विभाग के निरीक्षण भवन परिसर में अवैध कब्जे का मामला बढ़ता जा रहा है। कुछ प्रभावशाली लोग यहां चारदीवारी का निर्माण कर रहे हैं, जिससे विभागीय भूमि पर अतिक्रमण हो रहा है। इस पर प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, जबकि अतिक्रमण की जानकारी विभागीय अधिकारियों को पहले ही दी जा चुकी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दिलीप साव और मकसूद मियां नामक व्यक्तियों ने निरीक्षण भवन परिसर में अवैध निर्माण कर लिया है और अब वहां दीवार बनाने का कार्य भी शुरू कर दिया है। इस संबंध में अवर प्रमंडल पदाधिकारी, चोपारण ने इटखोरी अंचलाधिकारी को अतिक्रमण हटाने और दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

विभाग द्वारा संबंधित अधिकारियों को इस मुद्दे की जानकारी फोटोग्राफ सहित भेजी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से तत्काल इस अवैध निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि विभागीय भूमि पर इस तरह का कब्जा नहीं होने देना चाहिए और निरीक्षण भवन परिसर को पुनः सुरक्षित घोषित किया जाना चाहिए। हालांकि, अंचलाधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। इस मामले में प्रशासन की चुप्पी पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

## इटखोरी में सरकारी भूमि पर कब्जे की हो रही कोशिशें, प्रखंड प्रशासन मौन

**इटखोरी।** इटखोरी प्रखंड मुख्यालय में दशकों पहले ग्रामीणों द्वारा दान दी गई जमीन अब विवाद का कारण बन गई है। जानकारी के अनुसार कई सरकारी भवन रैयती जमीन पर बने हैं, लेकिन सरकार के पास इन जमीनों के कागजात नहीं हैं। अब कुछ लोग राजस्व रिकॉर्ड में बदलाव करके इन पर अपना दावा जता रहे हैं, जबकि भूमाफियाओं की भी इन पर नजर है। भूमाफिया दान देने वाले वंशजों को प्रलोभन देकर इन जमीनों पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। इससे स्थिति और भी जटिल हो गई है। इटखोरी चौक स्थित इंदिरा क्लब और इटखोरी थाना के समीप जलछाजन भूमि पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर लिया है। जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया है। अगर एक सरकारी भवन पर कब्जा हो जाता है, तो अन्य लोग भी अपनी-अपनी जमीन पर कब्जा करने लग सकते हैं। जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है। इस समस्या का समाधान नहीं होने पर भविष्य में और भी गंभीर हालात उत्पन्न हो सकते हैं। भूमाफिया इन जमीनों को निजी संपत्ति दिखाने के लिए बाउंड्री निर्माण और अवैध निर्माण कार्य कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इन सरकारी भवनों की जमीन का विधिवत दस्तावेजीकरण नहीं किया गया, तो सरकारी कार्यों में बड़ी बाधाएं आ सकती हैं। हालांकि, प्रशासन की ओर से अब तक इस मुद्दे पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। अगर जल्द कदम नहीं उठाए गए तो सरकारी जमीनों पर कब्जा करने की घटनाएं बढ़ सकती हैं। जिससे लोगों को जरूरी सुविधाओं के लिए समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

## पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में डोमचांच में निकाली गई आक्रोश रैली



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा आक्रोश रैली निकाली गई। आक्रोश रैली डोमचांच के कालीमंडा से शुरू हुई जो ढाब रोड, बाजार रोड होते हुए डोमचांच टैक्सी स्टैंड पर पंहुचकर इस्लामिक आतंकवादी का पुतला फूंका गया।

वहीं रैली के दौरान इस्लामिक आतंकवाद मुर्दाबाद, देश के गद्दारों देश छोड़ो, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुओं की हत्या नहीं सहेंगे, हिन्दू का नरसंहार बन्द करो, जनरल मुनीर मुर्दाबाद सहित अन्य नारे लगाए। वहीं पुतला दहन के बाद रैली कोडरमा-गिरिडीह रोड, होते हुए डोमचांच शहीद चौक स्थित शहीद स्थल पर पंहुचकर आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई।

मौके पर सुजीत मेहता, अमरदीप कुमार, संजय साव, वीरेंद्र कराटे, रंजन कुमार, मिथलेश यादव, मुकेश पांडेय, शैलेंद्र सिंह, किरण प्रकाश, मनोज जोनी, मनोज श्रीवास्तव, सुरेश कुमार, मोनू सिंह सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### लोग घर बैठे कोर्ट के प्रोसिडिंग और आर्डर शीट देख सकते हैं : पीडीजे




**गुमला।** बार भवन गुमला में अधिकाओं व अधिवक्ता क्लर्क के ई-कोर्ट्स पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन रविवार को किया गया। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुव चंद्र मिश्र ने कहा कि आज इंटरनेट की दुनिया है। इंटरनेट से लोगों को बहुत मदद मिल रही है। न्यायिक क्षेत्र में भी इसका भरपूर उपयोग होने लगा है। लोग घर बैठे कोर्ट के प्रोसिडिंग और आर्डर शीट देख सकते हैं। अर्थात इंटरनेट ने लोगों का काम आसान बना दिया है। इससे परेशानी कम और लागत व समय की बचत होती है। उन्होंने कहा कि ई कोर्ट के माध्यम से केस भी फाइल कर सकते हैं। आप कोर्ट फीस भी जमा कर सकते हैं। ई-फाइलिंग के संबंध में न्यायालय सहायक नीतीन और धीरज कुमार ने विस्तार पूर्वक बताया। सेमिनार में भाग लेने वाले अधिवक्ताओं ने कहा कि इस सेमिनार से उन्हें ई कोर्ट के संबंध में बहुत सी नयी बातों की जानकारी मिली और उन्हें बहुत लाभ मिला। इस अवसर पर न्यायालय के रजिस्ट्रार प्रतीक राज, मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार वर्मा, बार के सह सचिव अमर कुमार सहित बार के दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 15 लाभुकों के बीच बकरी का वितरण

**चैनपुर।** मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अंतर्गत चैनपुर प्रखंड में 15 लाभुकों के बीच चार बकरियाँ, एक बकरा, एक टब और दवाओं का वितरण किया गया। यह वितरण वित्तीय वर्ष 2024-25 की योजना के तहत किया गया। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा देना और लाभुकों की आर्थिक स्थिति को सुधारना है। कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड परिसर में स्थित प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय चैनपुर के प्रांगण में किया गया। जिसमें जिप सदस्य मेरी लकड़ा, बीडीओ यादव बैठा, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डा. धर्म रक्षित विद्यार्थी, अंचल निरीक्षक मुनेश्वर सिंह, अंचल बड़ा बाबू सदानंद, गोदाम प्रबंधक संदीप टेटे और कातिंग पंचायत की मुखिया मधुरा मिंज मौजूद रहे मुख्य अतिथि जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की इस योजनाओं का उद्देश्य किसानों और पशुपालकों को उनके आर्थिक विकास में मदद करना है। बकरी पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर सकता है।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक गंभीर रूप से घायल

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बसईर टोली मोड़ के समीप एक ट्रैक्टर के पलटने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आयशर ट्रैक्टर बेन्दपुर से बसईर टोली गिट्टी और सीमेंट लेकर जा रहा था घटना उस समय घटी जब चालक तेज गति से लौटते समय बसईर टोली के तीखे मोड़ पर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर को पलट दिया। इस दुर्घटना में चालक राजू बड़ाइक पिता महेश बड़ाइक को गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें तुरंत सूर्या हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां उनकी हाथ और माथे में गंभीर चोटें पाई गई। उनकी स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें रेफर करने का निर्णय लिया घटना की जानकारी मिलते ही चैनपुर थाने के सब-इंस्पेक्टर दिनेश कुमार और पुलिस जवानों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को जेसीबी की मदद से उठाया और सड़क की सफाई सुनिश्चित की।

### कुएं से वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के बेलागड़ा गांव स्थित कुआं से घाघरा पुलिस ने बुरहू ग्राम निवासी वृद्ध सोमा उरांव का शव बरामद किया। वहीं शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। शव को देख ऐसा प्रतीत हो रहा था। मानो वृद्ध व्यक्ति दो दिन पहले उक्त कुएं में गिर गया होगा। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त कुंआ में प्रत्येक दिन लोग पानी लाने जाते है। वहीं हर दिन के भांति आज भी गए थे। जहां पानी भरने के क्रम में बच्चों ने देखा कि कुएं में एक व्यक्ति का शव तैरता दिख रहा है। इसके बाद उसकी सूचना अपने परिजनों को दी। वहीं ग्रामीणों के सूचना के उपरांत घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। जहां पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। कुआं में मुंडेर नहीं है। जमीन के सतह पर होने के कारण लोग अंदेशा लगा रहे हैं कि सोमा नशे में होने के कारण उक्त कुंआ में गिर गया होगा। वहीं मृतक के परिजनों ने बताया कि शुक्रवार शाम 5 बजे सोमा घर से निकला था। घर पर सिर्फ उसकी पत्नी रहती है पत्नी ने सोचा कि सोमा अपनी बेटी के घर ससुराल पर्व में गया होगा इसीलिए अब तक नहीं लौटा है।

### अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की संगोष्ठी आयोजित



**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के गुमला जिला अध्यक्ष खुशमन नायक की अध्यक्षता में अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत करौंदी नायक बस्ती में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर जिला अध्यक्ष खुशमन नायक ने स्वागत भाषण देते हुए उपस्थित लोगों को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके मार्ग पर चलकर समाज एवं देश हित के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को हमेशा अपमानित करने का काम किया है। परंतु भाजपा की सरकार में मोदी जी ने पंच तीर्थ का निर्माण कर बाबा साहेब को पूरा सम्मान दिया। भाजपा ने ही बाबा साहेब को भारत रत्न से सम्मानित किया और बाबा साहेब के सम्मान में पूरे भारत में हर जगह अंबेडकर जयंती पखवाड़ा मनाया जा रहा। उन्होंने भाजपा सरकार के जन कल्याण कारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए लोगों को लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मोर्चा के प्रदेश मंत्री नीरज नायक, लोहरदगा जिला अध्यक्ष प्रकाश नायक,राजमोहन राम आदि वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए लोगों को बाबा साहेब के मार्ग पर चलकर उनके संदेश को दलित परिवार के एक-एक व्यक्ति तक पहुंचाने तथा अपने हक अधिकार के लिए एकजुट होने की बात कही। मंच संचालन चैनपुर मंडल अध्यक्ष शिवा राम एवं धन्यवाद ज्ञापन मगन नायक ने किया। मौके पर सागर नायक, जगनारायण नायक, शक्ति नायक, मनतू नायक, शंभू नायक, प्रकाश नायक, गुड़िया कुमारी, शीतल कुमारी, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## विकास भारती बिशनपुर में संसदीय संकुल विकास परियोजना को लेकर बैठक आयोजित

# दीर्घकालिक बदलाव के लिए शुरू की गयी है परियोजना : सतीश

**खबर मन्त्र संवाददाता**






**गुमला।** विकास भारती बिशुनपुर के अम्बेडकर सभागार में रविवार को संसदीय संकुल विकास परियोजना की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संगठक वी.सतीश शामिल हुए। कार्यक्रम शुरू करने से पहले पहलगाम में हमले के मृतकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व अतिथियों को अंगवस्त्र भेंटकर किया गया। मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने कहा कि पूरे भारत में 47 लोकसभा में संसदीय संकुल परियोजना में कार्य चल रहा है। जिसमें झारखण्ड में बिशुनपुर पहला ब्लाक है। उन्होंने कहा कि किस प्रकार जनजातीय समुदाय के लोग अपने जीवन यापन हेतु पलायन करते थे। विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करते थे। लेकिन इस परियोजना के शुरू होने के उपरांत अब लोंगो में बदलाव देखने को मिल रहा है। विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने कहा कि जनजाति क्षेत्र और वहां के लोगों का जीवन उपर उठाने के लिए योजनाबद्द तरीके से काम हो रहा है। आजादी से पहले देश के जनजाति समाज को लेकर कई गलत धारणाएं बनाई गयीं। उन्हें अशिक्षित मानकर विकास की मुख्य धारा से दूर रखा, लेकिन अब समय बदल रहा है। संगठक वी. सतीश ने कहा कि संकुल परियोजना को सफल बनाने के लिए एक महीने या दो महीने की कार्ययोजना नहीं बल्कि दीर्घकालीन बदलाव के लिये किया जा रहा है। इसी तरह से किसानों के साथ बैठक कर ऐसी छोटी-छोटी योजनाओं पर काम करें जो जनजाति क्षेत्र के लिए बनी हैं। लेकिन लोगों की जानकारी में नहीं है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए बड़ी बड़ी राशि अधिकारी बताते हैं, लेकिन मौके पर कोई काम नहीं मिलता। इसको रोकने के लिए ही संकुल परियोजना लाई गई है। जिस पर कार्य हो रहा है। उन्होंने संकुल परियोजना में चयनित गांवों के लोगों से भी आह्वान किया कि वे भी इसमें सहयोगी बनें और अपने गांव का चेहरा बदलने का मानस बनाएं। उन्होंने कहा कि देश में गुमला जिला का बिशुनपुर प्रखंड ऐसा संसदीय क्षेत्र बन गया है जहां इस परियोजना का शुभारंभ इतने बडे स्तर पर किया गया है। इसके लिए विकास भारती सहित समीर उरांव का प्रयास सराहनीय है।

आईएसडीजी के सीओ देवाशीष ने कहा कि जनजाति लोगों का पलायन रोककर उन्हें स्थानीय स्तर पर ही रोजगार दिए जाएंगे। इसके लिए जनजाति विकास विभाग की योजनाओं को भी लागू किया जाएगा। निजी कंपनियों के सीएसआर का पैसा भी उपयोगी जगहों पर लगे ऐसा प्रयास करना होगा।

कार्यक्रम समापन के उपरांत दो स्वयं सहायता समूह में ओएनजीसी द्वारा प्रदत्त ई रिक्शा का वितरण दुर्गा स्वयं सहायता समूह चिंगरी में एवं रांगे महुवा फूल उत्पादन स्वयं सहायता समूह को वितरित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डा. संजय पाण्डेय, समाजसेवी भिखारी भगत, एनडिटीसी के प्रधान समन्वयक पंकज, बिशुनपुर मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक, नीरज, निशा सहित किसान उपस्थित थे।

# परम प्रसाद ईश्वर पर विश्वास का प्रतीक है: फादर जेफ्रनियुस

- चैनपुर में खीस्त विश्वासियों ने उजला रविवार मनाया, चढ़ाया गया मिस्सा बलिदान
- बच्चों ने ग्रहण किया प्रथम परम प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर।** संत जॉन कैथलिक चर्च परिसर में खीस्त विश्वासियों ने उजला रविवार पर्व के अवसर पर एक भव्य धार्मिक समारोह का आयोजन किया। इस विशेष अनुष्ठान का नेतृत्व चर्च के मुख्य अधिष्ठाता फॉदर जेब्रियानुस किंडो और सहायक फॉदर पवन लकड़ा ने किया। इस अवसर पर अल्बर्ट एक्का कॉलेज के प्रधानाचार्य फॉ अगस्तुस और फॉ इनयुवशेंट भी उपस्थित थे।समारोह के दौरान चैनपुर पल्ली से आए 75 बच्चों ने सफेद वस्त्र धारण कर प्रथम परम प्रसाद का ग्रहण किया। इस पावन क्षण ने बच्चों के लिए एक खास महत्व रखा और उन्होंने समारोह में एकत्रित सभी विश्वासियों के बीच अपने विश्वास की महत्ता को समझा।फादर जेफ्रेनियुस किंडो ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि परम प्रसाद ईश्वर पर विश्वास का प्रतीक है। जैसे प्रेमी-प्रेमिका एक-दूसरे से प्रेम करते हैं, वैसे ही ईश्वर मानव जाति से प्रेम करते हैं। उन्होंने बताया कि जब मानवों ने ईश्वर से संबंध तोड़ लिया था। तब ईश्वर ने मानव बनकर धरती पर आकर उन्हें पुनः अपने साथ जोड़ने का निर्णय लिया।फादर ने आगे कहा कि जिस प्रकार मानव भोजन के बिना जीवित नहीं रह सकता है, उसी प्रकार परम प्रसाद संस्कार आत्मा का भोजन है। उन्होंने यह भी बताया कि यीशु खीस्त ने अपने चेलों से कहा था कि मैं ही जीवन की रोटी और जल हूं। इस प्रकार फादर ने बच्चों को यह विश्वास दिलाया कि यीशु उनके दिलों में जीवन की रोटी और मित्र बनकर आ रहे हैं। समारोह में मौजूद जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सभी ने मिलकर बच्चों की खुशहाली की प्रार्थना की। जिससे यह आयोजन और भी विशेष बन गया। उजला रविवार पर्व ने समुदाय में एकता और प्रेम का संदेश फैलाया और बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया जो उनके भविष्य के प्रति आश्वस्ति और प्रेरणा का स्रोत बनेगा। इस प्रकार, यह समारोह न केवल बच्चों के लिए बल्कि पूरे समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बन गया।

# एसपी ने किया बिशुनपुर व गुरदारी थाना का निरीक्षण

- निरीक्षण के दौरान पंजी, संचिका व अभिलेख की जांच की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह के द्वारा रविवार को बिशुनपुर व गुरदरी थाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी गुमला, पुलिस निरीक्षक गुमला अंचल व थाना प्रभारी, गुरदरी एवं बिशुनपुर उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में थाना सिरिस्ता में संधारित होने वाले सभी पंजी, अभिलेखों एवं संचिकाओं का अवलोकन किये। सभी पंजी व संचिकाओं का रख-रखाव के संबंध में आवश्यक निर्देश एसपी ने दिया। वहीं सीमावर्ती थाना प्रभारियों के साथ संपर्क स्थापित कर सक्रिय अपराध कर्मियों एवं भाकपा माओवादी, जेजे एमपी, झांगुर गुट की गिरफ्तारी हेतु अभियान तेज करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। वहीं महिलाओं से संबंधित अपराध की रोक-थाम हेतु स्कूल व कॉलेज में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। थाना क्षेत्र के मुख्य चौक चौराहों पर सीसी टीवी कैमरा लगवाने तथा अपराध नियंत्रण के संबंध में थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही थाना भवन, थाना परिसर एवं पुलिस कर्मियों के रहने वाले बैरक का भी निरीक्षण एसपी ने किया। बैरक में रहने वाले पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को अपने आस-पास साफ सुथरा रखने का निर्देश दिया गया।

निरीक्षण के पश्चात थाना में पदस्थापित सभी पुलिस पदाधिकारी व चौकीदारों के साथ बैठक किये तथा सभी को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र व बीट से संबंधित सभी जानकारी रखेंगे। विशेष रूचि लेकर निगरानी रखेंगे तथा अधिक से अधिक सूचनाओं का संकलन करेंगे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुमला एवं अंचल निरीक्षक, गुमला को अनुपालन हेतु निर्देश दिया गया।

# पहलगाम हत्या के विरोध में झारखंड ऑफिसर टीचर एंप्लॉय फेडरेशन गुमला ने निकाला कैंडल मार्च

- अपराध करने वालों का कोई धर्म नहीं होता : सुमित कुमार नंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** झारखंड ऑफिसर टीचर एंप्लॉय फेडरेशन के तत्वाधान में पहलगाम आतंकी हिंसा के विरोध में कोऑपरेटिव कंपलेक्स गुमला से लेकर टावर चौक तक शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकाला गया। मौके पर झारखंड ऑफिसर टीचर एंप्लॉय फेडरेशन के जिला अध्यक्ष जयंत कुमार पांडे ने कहा कि यह देश की अखंडता पर प्रहार है। इस तरह के कायराना हिंसा से पूरा देश पुनः एकजुट होगा। झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंड एंप्लॉय फेडरेशन के प्रांतीय कमेटी के निर्देश के अनुसार गुमला जिला में प्रदेश के मुख्य प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुमित कुमार नन्द के अगुवाई में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर कैंडल मार्च निकाला गया। मौके पर सुमित कुमार नंद ने कहा कि नृशंस हत्या मानवता पर नहीं बल्कि भारत के अस्मिता पर सीधा प्रहार है। इस हृदय विदारक घटना के विरोध में आतंकवाद और उसके समर्थकों के प्रति जनाक्रोश प्रकट हुआ है। जिसमें 28 शहीदों के आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। साथ ही सभी शिक्षक व कर्मचारियों ने एक स्वर में आक्रोश जताते हुए केंद्र सरकार से ऐसी घटना में संलिप्त आतंकवादियों व उनके सरपरस्तों को नेस्तनाबूद करने की अपील की और कहा कि सरकार के हर कदम के साथ हम सभी मजबूती के खड़े है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष जयंत कुमार पांडे, जिला सचिव हरेंद्र कुमार, शुभम कुमार राय, शिल्पी कुजूर, मंजू कुमारी,अंजलि कुजूर, जाकिर हुसैन, मोहम्मद फैजयब, मोहम्मद दानिश अकरम, सतपाल बागड़िया, विजय सुमन भारती,श्याम सुंदर सिंह, बृजेश आनंद,उदय प्रताप शाही, विनीत नन्द, चंद्रभूषण साहू, अनिल कुमार, संदीप साहू, रंजना साहू सहित सैकड़ों की संख्या शिक्षक कर्मचारी सम्मिलित थे।

### बार एसोसिएशन गुमला के अध्यक्ष का हार्ट अटैक से निधन, शोक की लहर

**गुमला।** बार एसोसिएशन गुमला के अध्यक्ष गिद्धवार अघन उरांव का रविवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया। इससे अधिवक्ताओं सहित आम लोगों में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार अध्यक्ष सुबह दैनिक कामकाज के बाद घर में बैठे थे। इसी दौरान उन्हें हार्ट अटैक हुआ। तत्काल परिजनो के द्वारा सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका निधन हो गया। घटना की सूचना पर प्रिंसिपल जज ध्रुवचंद्र मिश्रा, बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव अमर कुमार, अधिवक्ता अनूपचंद अधिकारी सहित अन्य लोग अस्पताल पहुंचे और अध्यक्ष के निधन को अपूरणीय क्षति बताया। लगातार शहर के प्रबुद्धजनों का सदर अस्पताल में आने जाने का सिलसिला जारी है। वहीं मृतक के पार्थिव शरीर को सरनाटोली स्थित आवास पर रखा जाएगा।

### इंटक अध्यक्ष आलोक कुमार साहू का कांग्रेस मुख्यालय में किया गया स्वागत



**लोहरदगा।** कांग्रेस मुख्यालय राजेंद्र भवन में संविधान बचाओ अभियान के तहत 3 मई को रांची एवं 10 मई को लोहरदगा में आयोजित रैली को सफल बनाने के लिए लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में लोहरदगा इंटक के अध्यक्ष बनने पर आलोक कुमार साहू का स्वागत किया गया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखैर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, उपाध्यक्ष मोहन दुबे, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगू, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी, सभी प्रखंड अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, अग्रणी मोर्चा कांग्रेस के अध्यक्ष सहित अनेक कांग्रेसियों ने बधाई देते हुए उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### कुछ लोग कांग्रेस में रहकर भाजपा का स्लीपर सेल का काम कर रहे हैं : राजू कुरैशी



**लोहरदगा।** जिला के वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजू कुरैशी ने छोटा नागपुर बॉक्साइट वर्कर्स यूनियन हेसल साईडिंग के हातिम अंसारी द्वारा पुनः तथ्यों से परे एवं अमर्यादित बयान इंटक के अध्यक्ष पर जो दिया है उसकी हम कड़ी शब्दों में निंदा करते हैं। राजू कुरैशी ने हातिम अंसारी को चेतावनी देते हुए कहा कि इंटक अध्यक्ष के खिलाफ अनाप-शनाप बयान देना बंद करें अन्यथा कानूनी एवं प्रशासनिक स्तर पर सीधी कार्रवाई की जाएगी। राजू कुरैशी ने कहा कि इंटक अध्यक्ष आलोक साहू के बनने से छोटानागपुर बॉक्साइट वर्कर्स यूनियन के नेताओं में इतनी बेचैनी क्यों। आपके अनुसार आलोक साहू पेपर के नेता हैं तो उनसे इतना डर क्यों, इतना हड़कंप क्यों? हातिम इंटक एवं इंटक अध्यक्ष के बारे में क्या जानते हैं। इंटक कांग्रेस की अनुषांगिक इकाई है। हातिम अंसारी अगर कांग्रेसी हो तो भाजपा के मजदूर संगठन और आजसू के मजदूर संगठन के खिलाफ बयान नहीं देकर कांग्रेस अनुषांगिक इकाई इंटक के अध्यक्ष के खिलाफ यानी कांग्रेस पार्टी के खिलाफ बयान दे रहे हो। हमारे सर्वमान्य नेता राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं को चिन्हित करने के लिए कहा है कि जो पार्टी में रहकर भाजपा के स्लीपर सेल के रूप में काम करते हैं उसका संगठन स्वयं संज्ञान लेगा। आलोक साहू हवाबाज नेता हैं तो इंटक को मजबूत करने में यही लोहरदगा में हवा बहायेंगे।

# पहलगाम हमले को लेकर प्रयास मंच गुमला ने की श्रद्धांजलि सभा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादी द्वारा 28 भारतीय पर्यटकों की निर्माण हत्या पर आक्रोश जताते हुए प्रयास मंच गुमला द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन लक्ष्य फिजिकल अकेडमी के हाल में किया गया।

इस कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक रमेश चीनी ने कहा कि पाकिस्तान अपनी आर्थिक तबाही पर बौखला गया है। उसे कश्मीर की तरक्की अच्छी नहीं लग रही इसलिए वह चाहता है कि भारत में हिंदू- मुसलमान आपस में लड़ जाएं और भारत का विकास अवरुद्ध हो जाए। संस्था के अध्यक्ष संतोष झा ने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। विगत 10 सालों में कश्मीर में पर्यटकों की संख्या 30 हजार से 30 लाख पहुंच गई। वहां के लोग आर्थिक उन्नति से खुशहाल हो रहे हैं जो पाकिस्तान को खटक रहा है और पाक अधिकृत कश्मीर के लोगों को पाकिस्तान से मुक्त होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। संस्था के संयोजक पुनीत लाल ने कहा कि पाकिस्तान अपनी हरकतों को छोड़ दे वरना रेगिस्तान हो जाएगा। देवेंद्र लाल उरांव ने कहा कि भारत सरकार सख्त से सख्त रुख अपनाए समस्त भारत सरकार के साथ है। संस्था के सभी सदस्य और उपस्थित लोगों ने मृतक आत्मा की शांति के लिए मोमबत्ती जलाकर पुष्प अर्पित कर एक मिनट का मौन रखा। लक्ष्य फिजिकल अकादमी के निदेशक नेल्सन भगत ने लोगों को कार्यक्रम में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए धन्यवाद दिया।

# बीएस कॉलेज में 'विकसित भारत 2047' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

- चार राज्यों के 105 शोध पत्र किये गये प्रस्तुत

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**लोहरदगा।** बीएस कॉलेज में विकसित भारत 2047 विषयक आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन भव्यता के साथ हुआ। संगोष्ठी में देश के चार राज्यों से आए विद्वानों और शोधार्थियों ने 105 शोध पत्र प्रस्तुत किए, जिससे कार्यक्रम में गहन अकादमिक विमर्श का वातावरण बना। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए बीएस कॉलेज प्राचार्य डॉ शशि गुप्ता ने सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों, कर्मियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं और उनके बौद्धिक विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न थीमों पर उत्कृष्ट शोध प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित प्रतिभागियों में गोपीनाथ सिंह महाविद्यालय, गढ़वा की आभा मुखर्जी, डीएसपीएमयू, रांची की मानसी सिंघा, केओ कॉलेज, गुमला के डॉ. तेतरू, बीएस कॉलेज की सोनी कुमारी, पंकज कुमार सिंह, अर्जुन लकड़ा, डॉ. अजय नाथ सहदेव, श्रेया जेसिका दान, डॉ. स्नेल टेटे, आवेश मोहसिन, डॉ. प्रियंका करुणामय और डॉ. जयानंद शामिल रहे। समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रसंजित मुखर्जी ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि 'विकसित भारत' का सपना तभी साकार होगा जब हमारे युवा शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेंगे। उन्होंने प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। समापन अवसर पर बीएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. लोहरा उरांव और डॉ. नईम ने भी संगोष्ठी को संबोधित किया। दोनों वरिष्ठ शिक्षाविदों ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए इसे उच्च शिक्षा जगत के लिए एक प्रेरणादायी पहल बताया। दो दिवसीय संगोष्ठी के दौरान प्रस्तुत शोध पत्रों में झारखंड के परिप्रेक्ष्य में विकसित भारत की अवधारणा को लेकर सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, तकनीकी और स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर गंभीर चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने अपने शोधों के माध्यम से झारखंड के विकास की संभावनाओं को विस्तार से रेखांकित किया। आयोजन की सफलता ने बीएस कॉलेज लोहरदगा को शैक्षणिक क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाई। संगोष्ठी में प्रमुख रूप से डॉ. डीएन वर्मा रामपुरहाट, पश्चिम बंगाल, डॉ. प्रभात, डॉ. सुमित पाठक, डॉ. संगीता योगदा सत्संग कॉलेज, रांची, डॉ. आभा मुखर्जी डाल्टनगंज, डॉ. चित्र शर्मा, डॉ. तेतरू उरांव, डॉ. तेतरू तिर्की, डॉ. सोहेब अंसारी, डॉ. गजनफर अली सहित कई अन्य विद्वानों ने सहभागिता की और कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।

# जख्मी हाथी ने कई घरों पर हमला कर पहुंचाया नुकसान

- जान बचाकर खिड़की से भागे परिवार के सदस्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कैरो।** प्रखंड के नरौली में रहने वालों के लिए बीती रात दहशत के साये में गुजरा। मिली जानकारी के अनुसार रात के करीब 3 बजे जंगली हाथी पहुंच गया। उसके बाद एक के बाद एक कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। जिसके बाद जैसे गांव में आफत आ गई, लोगों को जैसे जैसे सूचना मिली सब जमा होने लगे, तबतक कई घरों को अपना निशाना बना चुका था। जिसमें राम उरांव का परिवार किसी तरह खिड़की तोड़कर भागने लगा। इसी क्रम में बताया जाता है कि खिड़की में युवक फंस गया और हाथी सामने आ गया किन्तु कहते हैं न कि जाको राखे साईंया मार सके न कोई। इसी कहावत को चरितार्थ करते हुए भागकर जान बचाया, किन्तु घर में रखे धान, चावल के अलावे मोटरसाइकिल इसकी चपेट में आ गया। गांव के राम उरांव, सुरेश उरांव, चेपवा उरांव का सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। इधर जब ग्रामीण घर से निकले तब कहीं जाकर हाथी को भगाया गया। इधर बिजली गायब रहने के कारण ग्रामीणों के सामने और भी ज्यादा समस्या उत्पन हो गई थी। मामल को लेकर अंचल अधिकारी कुमारी शीला उरांव से कई बार फोन में बात करने का प्रयास किया गया किन्तु फोन रिसीव नहीं करने के कारण बात नहीं हो सकी। वहीं वन क्षेत्र पदाधिकारी ने भी फोन नहीं उठाया। जिस कारण पीड़ित को क्या करना होगा इसकी जानकारी नहीं मिल सकी।

**घायल है हाथी :** प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हाथी के पीछे हिस्से में बड़ा जख्म है। संभवत कोई बम फटाखा या कुल्हाड़ी का वार किया गया हो, जिससे हाथी जख्मी है। संभव है इसी कारण उत्पात मचा रहा हो।

## नाबालिग के साथ यौन शोषण के मामले में आरोपी गया जेल

**चंदवा।** लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देशन में चंदवा पुलिस की टीम ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर नाबालिग के साथ यौन शोषण के एक मामले में आरोपी संजय मुंडा पिता पिता करमा मुंडा को थाना क्षेत्र के आरा गांव से गिरफ्तार कर मंडल कारा भेज दिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार संजय मुंडा के विरुद्ध एक नाबालिग किशोरी के द्वारा यौन शोषण का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया गया था, जिसके आलोक में चंदवा थाना कांड संख्या 93/25 में संजय के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। छापामारी अभियान में चंदवा थाना के अधिकारी व जवान शामिल थे।

# पशु जनित रोगों से बचाव पर वन विभाग की कार्यशाला

## पशु किसानों को दी गयी पशुओं में रोगों से बचाव की जानकारी, पशुधन रक्षा किट भी दिया

खबर मंत्र संवाददाता

**चंदवा।** पशुजनित रोगों से बचाओ को लेकर रविवार को स्थानीय वन विभाग कार्यालय प्रांगण में एक दिनी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लातेहार डीएफओ प्रवेश अग्रवाल, पशुपालन पदाधिकारी डॉ सरोज केरकेट्टा बोकारो से आए पशु चिकित्सक डॉ. अशोक कुमार, वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी नंदकुमार महतो मौजूद थे। कार्यक्रम में रेंजर नन्द कुमार मेहता ने डीएफओ समेत अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। लातेहार डीएफओ प्रवेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि आमलोगों के बीच पशु जनित रोगों की जानकारी कम होती है, जिस कारण कभी कभी पशुधन की मौत भी हो जाती है। ऐसे में पशु किसानों के बीच वन विभाग द्वारा पशुओं में होने वाले रोगों के रोकथाम एवं उपचार के लिए प्रखंड स्तर में कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पशु में होने वाले अनेक रोगों के बारे में जानकारी व बचाव हेतु उपाय बताएं जा रहे है। इसके अलावा वन विभाग की ओर से उन्होंने किट का वितरण उपस्थित पशुपालकों को बीच किया। पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सरोज केरकेट्टा ने पशुपालकों को


किसान को पशुधन कीट प्रदान करते रेंजर।

सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवाणु जनित वायरस और परजीवी रोगों के बारे में आवश्यक जानकारी साझा की। रोगों में खूरपका और मुंहपका रोग, एंथ्रेक्स, लंगड़ा बुखार, गलघोंटू और थनैला रोग शामिल है। इसके लक्षण रोकथाम और उपचार के बारे में उन्होंने विस्तृत जानकारी दी। आगे कहा कि पशुओं को इन रोगों से बचाने के लिए टीकाकरण करवाना महत्वपूर्ण है। इसके अलावे पशुओं के रहने की जगह की जगह को साफ सुथरा और उन्हें साफ पानी देना चाहिए। यदि पशुओं में किसी रोग के लक्षण दिखाई दे तो तुरंत पशु चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। बोकारो से आए पशु चिकित्सक डॉक्टर अशोक ने बताया की पशु में अनेकों बीमारियां हो सकती है। अपने पशु को स्वस्थ रखें। जंगली पशु के काटने से उनका बचना नामुमकिन है परंतु बीमारियों से उन्हें बचाया जा सकता है। पशु में भी टीवी रोग हावी है इसके लिए उन्हें खान-पान व विटामिन देकर स्वस्थ रखा जा सकता है। पशु के पेट में जोंक की समस्या पर कीड़े की दवा हर 6 महीने में अवश्य देनी चाहिए। इससे उनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी। वैक्सीनेशन से आंतरिक रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है इसलिए समय से वैक्सीनेशन कराना चाहिए। आगे बताया कि भारत सरकार के द्वारा पशुओं में होने वाले सीएमडी जैसी बीमारियों को राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 2030 तक जड़ से खत्म करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसको लेकर पशुपालन विभाग के द्वारा एक ठोस कार्यक्रम निशुल्क एफएमडी टीकाकरण चलाया जा रहा है। जिसका लाभ पशुपालक ले सकते हैं। मौके पर वन कर्मी सतीश पांडेय, सुनील कच्छप, अनिल कुमार, लव झा, आलोक तिग्गा, अनुराग पांडेय, वीरेंद्र कुमार समेत दर्जनों पशुपालक किसान मौजूद थे।

## संदिग्ध अवस्था में वृद्ध पति पत्नी की मौत हत्या या आत्म हत्या जांच मे जुटी पुलिस

खबर मंत्र संवाददाता

**बारियातू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हेसला ग्राम में वृद्ध पति-पत्नी का शव पाया गया। घटना के संबंध में परिजनों से जानकारी के अनुसार प्रसाधी साव (75) वर्ष पिता जटवा साव एवं उसकी पत्नी करमी देवी (73) वर्ष पति प्रसाधी साव ग्राम हेसला थाना बारियातू निवासी दोनों पति-पत्नी अपने बेटा खुशियाल साव व राजेंद्र साव पुतव से अलग एक अलग घर में रहते थे। शनिवार रात में सभी खाना खाकर के सो गए थे। सुबह होते ही दोनो का शव घर के अंदर अपने बिस्तर के पास मे पाया गया। अचानक इस तरह की घटना के बाद इलाके में सनसनी मच गयी है। वृद्ध दंपति के आसपास में रहने वाले लोगों ने आशंका जाहीर करते हुए कहा की जहर खाकर आत्म हत्या किया होगा। वही मृतक वृद्ध महिला के मांग में ताजा सिंदूर वही पुरुष के कंठ (गर्दन) में ताजा


मौत के बाद विलाप करते परिजन।

सिंदूर लगा हुआ था। ताजा सिंदूर से लगे होने से चर्चा का विषय बना हुआ है। लगे हुए सिंदूर से ऐसा प्रतीत होता है कि मरने से पहले एक दूसरे ने सिंदूर लगाया है। जितने मुंह उतनी बातें सुनने को मिल रहा है कोई कहता है की आत्महत्या हो सकता है या जादू टोना। गांव पहुंच कर कई पहलुओं पर जानकारी लेने के पता चला की दोनों मृत पति पत्नी को सुबह सात बजे के आसपास मृत अवस्था मे बालूमाथ अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक सुरेंद्र कुमार ने देखा तो पता चला की अस्पताल लाने के पूर्व ही मौत हो चुकी थी। दोनों मृतक पति पत्नी की शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया की प्रथम दृष्टी से संदेह होता है की पोइजन खाकर आत्म हत्या किया है हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट हो पायेगा की मौत कैसे हुई। अचानक दोनों पति पत्नी की मौत के बाद परिजनों मे रोरोकर बूरा हाल है। आसपास मे भी मातम पसरा हुआ है।

## बरवाडीह स्टेशन बना रेल प्रशासन की लापरवाही का अड्डा, यात्री परेशान

➡ बरवाडीह में ट्रेन पकड़ना अब भाग्य का खेल बन गया है, समय का नहीं

खबर मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह।** धनबाद रेल मंडल अंतर्गत बरवाडीह स्टेशन पर रेल प्रशासन की बेशर्मी अब सारी हदें पार कर चुकी है। यात्रियों की परेशानियों पर ध्यान देने की बजाय धनबाद रेल मंडल के अधिकारी मालगाड़ियों को भगवान मान बैठे हैं, और आम जनता को धूल फांकने के लिए मजबूर कर दिया गया है। रविवार को 63557 बरकाकाना-वाराणसी एक्सप्रेस पौने तीन घंटे लेट पहुंची, यात्री भीषण गर्मी में छटपटाते रहे। वहीं 53357 बरकाकाना-डेहरी ऑन सोन पैसेंजर एक घंटे लेट, 53343 गोमो-चोपन दो घंटे लेट और रांची-चोपन एक्सप्रेस आधा घंटा लेट रेंगती रही। लेकिन अफसरों के ठाठ में जरा भी फर्क नहीं पड़ा। बरवाडीह से खुलने वाली 53349 बरवाडीह-डेहरी ऑन सोन पैसेंजर ट्रेन का हाल तो और भी शर्मनाक है। रोज शाम 5:50 बजे खुलने वाली ट्रेन रोजाना घंटों देरी से सरकती है। ये वही ट्रेन है जिसके समयपालन के लिए धनबाद रेल मंडल के डीआरएम साहब ने सख्त आदेश दिए थे, लेकिन जमीनी हालात बताते हैं कि आदेश भी अब रेल की तरह पटरी से उतर चुके हैं।

स्टेशन पर घंटों फंसे यात्रियों ने कहा कि रेलवे हमसे टिकट के पूरे पैसे वसूलता है, लेकिन बदले में अपमान और परेशानी थमाता है। मालगाड़ियों के नाम पर पैसेंजर ट्रेनों की बलि चढ़ाई जा रही है। रेल प्रशासन ने यात्रियों को सिर्फ कमाई का जरिया समझ लिया है, इंसानियत तो कहीं गुम हो चुकी है। अब सवाल यह है कि कब धनबाद मंडल के अधिकारी नींद से जागेंगे? या फिर जब तक जनता सड़कों पर उतर कर आंदोलन नहीं करेगी, तब तक रेल प्रशासन यूं ही आंखें मूंदे रहेगा।

## स्कूल एसोसिएशन की बैठक संपन्न, कमिटी गठित



मौजूद एसोसिएशन के लोग।

➡ पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

खबर मंत्र संवाददाता

**चंदवा।** देवनद के समीप स्थित होटल कावेरी रेस्टोरेंट रविवार को प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत पहलगांव आतंकी हमले में जान गंवाने वाले सैलानियों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया साथ ही प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन को किस प्रकार मजबूती प्रदान की जा सके इसपर चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से नवनिर्मित कमिटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष मनोज सिंह, उपाध्यक्ष मनोज यादव, सचिव प्रमोद कुमार, उपसचिव प्रदीप ठाकुर, कोषाध्यक्ष दिलीप मुंडा, सिंकी कुमारी, राहुल मिश्र, अमरेश गुप्ता को बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज सिंह पप्पू एवं संचालन प्रदीप ठाकुर एवं धन्यवाद ज्ञापन राहुल मिश्रा ने की। मौके पर धनंजय कुमार रमेश कुमार, लव यादव, मुकेश कुमार, बलदेव, विनोद, प्रभु दयाल सिंह, मुनेश्वर, जॉन बॉस्को, अरुण साहू, शरद सिन्हा, खुशबू कुमारी, रंजू कुमारी समेत दर्जनों विद्यालय के संचालक उपस्थित थे।

## वक्फ बिल के खिलाफ तीन मई को विरोध प्रदर्शन करने का फैसला


वक्फ बिल को लेकर बैठक हुई।

खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** तंजिम ओलमाए अहले सुन्नत कमेटी लातेहार ने वक्फ बिल के खिलाफ तीन मई को विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। इसे लेकर शहर के करकट स्थित अंसार नगर में बैठक हुई। बैठक में मुफ्ती मुदस्सिर साहब, कारी जियाउद्दीन, हाफिज बरकतुल्लाह रिजवी, मौलाना गुलाम गौस साहब, कारी आफताब आलम, शमशुल होदा समेत कई लोग मौजूद थे। नेताओं ने कहा कि यह विधेयक देश को बांटने की बीजेपी की चाल है। बीजेपी ने अपने बहुमत के दम पर लोकसभा और राज्यसभा दोनों में इसे पारित करा लिया है। हम इस तानाशाही रवैये का विरोध करते हैं। तीन मई को जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह विधेयक मुस्लिम संपत्तियों को जब्त करने और हमें बदनाम करने की कोशिश है। मौके पर इरफान रजा, हाफिज इदरीस, आफताब आलम, हाफिज अब्दुल वकील, हाफिज जाबिर, हाफिज अफजल, हाफिज जुबैर, मौलाना नजीर, हाफिज अख्तर, हाफिज मुनीर, हाफिज हारून, आजाद खान, अयूब अंसारी, गफूर अंसारी, खुस्तर रजा, नेजाम अंसारी, वारिश अंसारी समेत कई गांवों के सादर सेक्रेटरी भी मौजूद थे।

## विधायक के सार्थक प्रयास से 24 घंटे के अंदर मनिका को मिला नया ट्रांसफार्मर


नये ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करते लोग।

खबर मंत्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के सार्थक प्रयास से सिर्फ 24 घंटे के अंदर मनिका स्थित बाजारटांड़ के खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदल कर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। वहीं नया ट्रांसफार्मर लगने से मनिका निवासियों के चेहरे पर खुशी दिखी। साथ ही नया ट्रांसफार्मर लगने के बाद कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मनिका दरोगी प्रसाद यादव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंदीप कुमार, समाजसेवी कामाख्या प्रसाद, कांग्रेसी नेता सुरेंद्र भारती,समेत अन्यों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़ कर ट्रांसफार्मर का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। मौके पर दिनेश राय, शंकर दुबे, बबन पासवान, डिंपल राजा, शिव प्रसाद, दिलीप विश्वकर्मा, विकास कुमार, बिजली विभाग मनिका के कर्मी, समेत कई लोग उपस्थित थे। वहीं सभी लोगों ने इस कार्य के लिए मनिका विधानसभा के उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## वार्ड पांच के नाली निर्माण कराने की मांग नगर प्रशासक से की

**लातेहार।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर पांच के जमीर मोहल्ला वासियों ने नाली निर्माण कराने की मांग नगर प्रशासक से की है। मोहल्ले के आजाद खान ने बताया कि सुविधा के नाम पर जमीर मोहल्ला में लोगों को कुछ नहीं मिला है। यहां नाली निर्माण कर स्लैप लगाना बेहद जरूरी है। कई सालों से स्थिति जस की तस बनी हुई है। इस मामले को लेकर कई बार नगर पंचायत के अधिकारियों और तत्कालीन वार्ड पार्षद को जानकारी दी गई थी। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।


साफ सफाई नहीं होने के कारण नालियों से निकलने वाली दुर्गंध से मोहल्ले वासी परेशान हैं। आजाद खान ने कहा कि अगर जल्द नाली का निर्माण नहीं कराया गया, तो मोहल्ले वासी आंदोलन करेंगे।

## हाईवा ने मोटरसाइकिल चालक को मारा धक्का पिता पुत्री घायल

खबर मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ पांकी मुख्य पथ पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के बनियों ग्राम के समीप रविवार को एक कोयल लदा अज्ञात हाईवा ने मोटरसाइकिल चालक लालदेव उरांव 48 वर्ष पिता सुखदेव उरांव ग्राम कटांग थाना हेरहंज एवं उसकी पुत्री विनीता कुमारी 15 वर्ष को धक्का मार दिया जिससे दोनों पिता पुत्री घायल हो गये। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से पिता दोनों पिता पुत्री को घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज किया गया। लालदेव उरांव ने बताया कि हम लोग शादी समारोह में शामिल होने अपने रिश्तेदार के घर चितरपुर ग्राम गए हुए थे एवं वापस अपने घर जाने के दौरान एक हाईवा ने मेरे बाइक को धक्का मार दिया। जिससे हमलोग गिरकर घायल हो गए। वही धक्का मारने वाला हाईवा फरार हो गया। ज्ञात हो कि इन दोनों तूबैद से कुसमाही रेलवे साइडिंग तक कोयला परिवहन करने वाले हाईवा से सड़क दुर्घटनाएं बहुत होती है।

## जंगली हाथियों के झुंड ने चकला के अरंडियाटांड़ में घर को किया ध्वस्त


हाथियों घर को क्षतिग्रस्त कर दिया।

चंदवा। प्रखंड के चकला पंचायत अंतर्गत अरंडिया टांड़ में शनिवार की रात्रि जंगली हाथियों ने झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि लगभग 10 बजे एक दर्जन की संख्या में हाथियों का झुंड अचानक आ धमका। हाथियों के झुंड के आ जाने के बाद गांव में अफरा तफरी मच गई व ग्रामीण सुरक्षित ठिकाने में जाकर अपनी जान बचाई। इस दौरान हाथियों ने ग्रामीण अनिल उरांव के घर को ध्वस्त कर दिया। इधर सूचना के बाद रात्रि में ही वन विभाग की टीम गांव पहुंची व झुंड को गांव से दूर भगाया। जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। भुक्तभोगी अनिल उरांव ने विभाग से मुआवजे को लेकर मदद की गुहार लगाई है।

## पिकअप वैन चोरी, मालिक ने थाना में दिया आवेदन

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के भैसादोंन ग्राम निवासी मो.मुस्ताक पिता मो. इलताफ ग्राम भैसादोंन निवासी बालूमाथ थाना में आवेदन देकर अपना पिकअप वैन चोरी हो जाने का शिकायत दर्ज कराया है । दिये आवेदन में मुस्ताक ने कहा है कि मैं मो. जसीम पिता मो. सलीम ग्राम चटवाल थाना मांडर के रहने वाले से पिकअप वैन जेएच01सीजी 9130 को वर्ष 2017 में खरीदा था। जिसमें मो. जसीम द्वारा मुझे नाम ट्रांसफर नही किया और सिर्फ एग्रीमेंट पर गाड़ी दे दिया। लगभग 8 वर्षों तक किसी प्रकार का कोई दिक्कत परेशानी नहीं हुई। उक्त गाड़ी को मैं हमेशा अपने घर के बगल में खड़ा करता था। पिता की बीमारी के कारण काफी दिनों से मैं अपना पिता का इलाज करने बाहर गया हुआ था और जब वहां से लौटा तो पाया कि घर के पास से गाड़ी गायब हो गया है। जिसके बाद काफी खोजबीन के बाद गाड़ी का कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद मैने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। वही दिए गए आवेदन आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदघाटन हुए 6 वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं मिला स्वास्थ्य सुविधा

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप मे चिकित्सक नियुक्त नहीं किए जाने से कई वर्षो से पड़ा है वीरान

खबर मंत्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड वासियों को स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए लगभग 6 वर्ष वर्ष पूर्व बारिखाप मे प्राथमिक स्वास्थ्य बनाया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिकिसीय सुविधा नहीं दिए जाने के कारण प्रखंड के 56 गांव के ग्रामीण बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर हैं। भवन उद्घाटन के बाद कोई चिकित्सक का प्रतिनियुक्त नहीं की गई। चिकित्सक नियुक्त नहीं किए जाने के कारण लाखों रुपए की लागत बने केंद्र भवन लोगों को मुंह चिढ़ा रही है। बारियातू प्रखंड मे अमरवाडीह, बालूभांग, साल्वे, फूलसु, सिबला, टोटी, बारियातू, गोनिया डाढा सभी नौ पंचायतों मे 56 गांव के लोग निवास करते है। यहां की आबादी लगभग 70 हजार के आसपास है। सड़क दुर्घटना होने पर या अन्य तरह के स्वास्थ्य सुविधा के लिए बारियातू प्रखंड वासियों को बालूमाथ जाना पड़ता है। क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारियातू।

के लिए पूर्व विधायक प्रकाश राम के पहल पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण करवाकर बिते 2019 मे उद्घाटन भी कर दी गई। नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र भवन मे कोरोनाकाल 2020-21 मे कोरोनटाइन सेंटर बनाया गया था। बारियातू प्रखंड क्षेत्र मे फूलसु, गोनिया, मनातू, बारियातू व मकरा मे स्वास्थ्य उपकेंद्र संचालित है जो एएनएम के भरोसे चल रहा है। प्रखंड कार्यालय बने तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी यहां के लोग स्वास्थ्य सुविधा के लिए बालूमाथ जाते हैं इससे आप समझ सकते हैं की ग्रामीणों को कितना परेशानी है। प्राथमिक स्वास्थ्य बारीखाप मे चिकित्सक प्रतिनियुक्ति के लिए कोई भी प्रतिनिधि एंव वरिये अधिकारी सुधि नहीं ले रहे हैं। जिसके कारण केंद्र भवन वीरान पड़ा हुआ है। कई महंगे जेनरेटर सहित अन्य सामग्री जंग लगने की कगार पर है। देख-रेख व रख रखाव के अभाव मे कई कीमती सामान धूल फांक रहा है। बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भी प्रयुक्त चिकित्सक नहीं हैं। चंदवा के चिकित्सा प्रभारी को बालूमाथ मे प्रभार दिया गया है। प्रभारी प्रकाश बड़ाईक को चंदवा व बालूमाथ दोनों जगहों पर देखना पड़ता है। बारियातू हेरहंज दोनों प्रखंड का उद्घाटन एक ही वर्ष हुआ था। हेरहंज प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे कई वर्ष पूर्व ही चिकित्सीय सुविधा बहाल की गई है लेकिन अभी तक बरियातू मे चिकित्सीय सुविधा बहाल नहीं की गई है। क्षेत्रवासियों ने सांसद व स्थानीय विधायक से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारियातू मे चिकित्सीय सुविधा बहाल कराने की मांग की है।

## नौजवानों का हुंकार : शहीदों को दी श्रद्धांजलि आतंकियों को फांसी देने की मांग

**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के खाखीपीपर गांव में शाम देशभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में शहीद हुए भारतीय जवानों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए गांव के सैकड़ों नौजवानों ने मीनाबाजार मोड़ से कैंडल मार्च निकाला। हाथों में जलती मोमबत्तियां और दिलों में शहीदों के प्रति सम्मान के भाव के साथ युवाओं ने 'भारत माता की जय' और 'शहीदों अमर रहें' के गगनभेदी नारे लगाए। कैंडल मार्च में शामिल युवाओं ने मांग उठाई कि इस नृशंस हमले में शामिल सभी आतंकवादियों को जल्द से जल्द पकड़कर फांसी दी जाए। गांव के युवाओं ने कहा कि शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। उन्होंने सरकार से आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील भी की। कार्यक्रम के अंत में शहीदों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर कमरुल अंसारी,कुर्बान अंसारी,मुस्लिम अंसारी, गुलजार अंसारी बड़ी संख्या में युवा, ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने पर कृषक मित्रों में नाराजगी

**ठाकुरगंगटी (गोड्डा )।** प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर परिसर में कृषक मित्र की बैठक संघ अध्यक्ष रविंदर यादव की अध्यक्षता में हुई, जिसमें क्षेत्र के कृषक मित्रों ने भाग लिया। विभाग से प्रोत्साहन राशि व मानदेय न मिलने पर नाराजगी जतायी। इस दौरान कृषक मित्रों ने कहा कि काम के बदले में प्रोत्साहन राशि नहीं मिल रही है।

### विद्यार्थियों ने दादा-दादी व नाना-नानी की उतारी आरती

**बोकारो।** नगर के सेक्टर-3सी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में दादा-दादी व नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन चास कॉलेज चास के पूर्व प्राचार्य प्रो पीएल वर्णवाल विद्यालय सचिव राजकुमार सिंह कोषाध्यक्ष स्वातिश्री प्राचार्य संजीव कुमार अभिभावक अंबिका प्रसाद फूल कुमारी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

### कपरदार की चौथी पुण्यतिथि मनाई गयी

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के बगदा में दिवंगत सक्रिय समाजसेवी एवं पत्रकार रमेश चंचल के पिता स्व शंकरलाल कपरदार की चौथी पुण्यतिथि उनके आवास पर मनाई गई। इस दौरान उपस्थित परिजनों एवं ग्रामीणों ने स्व कपरदार की तस्वीर पर पुष्प माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मुख्य सड़क के किनारे मिला सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मी का शव

**बेरमो।** गांधीनगर थाना क्षेत्र के जरीडीह मोड़ के समीप मुख्य सड़क के किनारे हनुमान मंदिर के बगल में बीते देर शाम एक वृद्ध का शव पड़ा मिला जिसकी सूचना लोगों द्वारा तत्काल पुलिस को दी गई और आनन फानन में पुलिस भी मौके पर पहुच शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल मे जुट गई। हालांकि जांच-पड़ताल के दौरान शव के शरीर पर कोई भी चोट आदि का निशान नही पाया गया था।

### साड़म पंचायत भवन को अतिक्रमण मुक्त करवाने की उठी मांग

**गोमिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत साड़म पश्चिमी के मंडेय टोला में स्थित पुराना पंचायत भवन को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए पंसस विष्णु लाल सिंह ने गोमिया अंचलाधिकारी अफताब आलम को लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में उल्लेख किया है कि मनसा युवा समिति नामक क्लब के द्वारा भवन का निर्माण करवाया गया था, जिसे बाद में सरकार द्वारा पंचायत भवन के रूप में चिन्हित किया गया था। हालांकि, राजकुमार करमाली नामक व्यक्ति ने इस भवन पर कब्जा कर लिया है। अंचलाधिकारी से अनुरोध किया है कि भवन को अतिक्रमण मुक्त कराकर पंचायत समिति सदस्य भाग 2 को कार्यालय आवंटित किया जाए, ताकि पंचायत स्तर के कार्यों का शीघ्र निष्पादन हो सके। उन्होंने इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

### एक दिवसीय टीकाकरण शिविर आयोजित

**गोड्डा।** सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में आज हज यात्रियों के लिए एक दिवसीय हज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। जहां शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। वहीं इस मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव ने कहा कि सिर्फ वही लोग हज पर जाते हैं जिनको बुलावा आता है। हज पर जाते समय दिखावे और गैर जरूरी खर्च से परहेज करें।

### आतंकी हमले के विरोध में आक्रोश रैली

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत सुभाषनगर मे स्थानीय लोगो की ओर से रविवार को दुर्गा मंडप से फिल्ड क्वारी तक पहलगाम आतंकी हमले और निर्दोष पर्यटक की हत्या के खिलाफ आक्रोश रैली निकाला गया। इस दौरान हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व वार्ड पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल ने की। उन्होंने आतंकियों को कड़ी सजा और घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

## एसकेएमयू कुलपति ने राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष गंगवार से मुलाकात कर शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों पर की चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता


कुलाधिपति से औपचारिक मुलाकात करते कुलपति

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने रविवार को राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान कुलपति प्रो. सिंह ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी कुलाधिपति को दी। उन्होंने विश्वविद्यालय में किए जा रहे नवाचारों, शोध कार्यों और अकादमिक उत्कृष्टता के लिए किए जा रहे प्रयासों से कुलाधिपति को अवगत कराया। कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने विश्वविद्यालय की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की दिशा में निर्देश दिए।

# पिस्तौल के बल पर की लूटपाट, जांच में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**सरैयाहाट।** दुमका जिला के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के बंदरी गांव में पुलिस की वर्दी में पिस्तौल की नोंक पर लूटपाट का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार बीते रात करीब दस की संख्या में हथियार के साथ कुछ लोग मोहन यादव के घर पर पहुंच दरवाजा तोड़ घुस गए थे। जिसके बाद घर के लोगों को पिस्तौल के


घर का बिखरा समान

बल पर अपने कब्जे में लिया और लूटपाट की घटना को अंजाम दे चलते बने। गृह स्वामी के अनुसार घर से करीब 35 हजार रुपए नगद, 50 भर चांदी के जेवरात सहित करीब दो लाख रुपए मूल्य के सामनों की लूटपाट हुई है। लूटपाट के दौरान जब वर्दी धारियों ने घर के लोगों को कब्जे में लिया तब उनलोगों ने अपने आप को पुलिस पदाधिकारी बताया था। साथ वे लोग गाली गलौज भी कर रहे थे। मामलें को लेकर सरैयाहाट थाना में आवेदन देकर लिखित शिकायत की गई है। सूत्रों के अनुसार सरैयाहाट के बंदरी सहित कई गांवों में बिना स्थानीय पुलिस को सूचना दिए सीमावर्ती बिहार की पुलिस रोजाना पहुंचती है और साईबर फ्रोड के नाम पर यहां के लोगों को उठा कर थाना लेजाकर फिर छोड़ देती है। बीते रात भी जब गांव में वर्दी पहने हुए लोग पहुंचे थे तो सभी को लगा कि बिहार पुलिस है। लेकिन उनलोगों ने जब लूटपाट शुरू किया तो सब को यह अहसास हुआ कि वर्दी में पहुंचे लोग पुलिस नहीं है।

## कोयला यार्ड अन्यत्र स्थानांतरण की मांग को लेकर कहा-सुनी

**दुमका।** रेलवे स्टेशन पर कोयला डंपिंग यार्ड हटाने की मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे धरनार्थियों की रविवार को आरपीएफ इंचार्ज मनोज कुजूर की कहा सुनी हो गई। दरअसल रेलवे स्टेशन पर दो वर्षों से लगातार कोयला डंपिंग यार्ड हटाने की मांग को लेकर स्थानीय निवासी धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इस मामले में धरनार्थियों की एक ही मांग है कि कोयला डस्ट से लोगों को बचाने के लिए यहां से डंपिंग यार्ड को हटा लिया जाए। इस बात को लेकर आज आरपीएफ इंचार्ज मनोज कुजूर से धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को स्टेशन परिसर से हटा कर अन्यत्र करने को कहा गया। लेकिन धरनार्थियों ने उनकी अनसुना कर दी। इधर आसनसोल डीआरएम को भी एक मांग पत्र सौंप कर कोयला रैक हटाने की मांग की गई। जिस पर आठ माह के अंदर कोयला रैक हटाने का आश्वासन दिया गया। यहां बताते चलें कि इस संबंध में गोड्डा सांसद डॉ निशीकांत दूबे भी स्थानीय लोगों को आश्वासन दे चुके हैं। इस मामले को लेकर एनजीटी में एक मामला भी दर्ज है। धरना प्रदर्शन में रवि शंकर मंडल, हेमंत श्रीवास्तव,मनोज कुमार पंडित ,संजय मंडल ,ध्रुव कुमार, विष्णु यादव, मंजू गुप्ता, आशा देवी, आदि उपस्थित रहे।

## युवक की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**दुमका।** जिला के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के सीमावर्ती रामपुरहाट थाना के सालभादरा पेट्रोल पंप के समीप हथियारबंद अपराधियों ने गोलो मारकर हत्या कर दी। घटना रविवार के दिन के 11 बजे के आसपास की है। जानकारी के अनुसार 28 वर्षीय पत्थर व्यवसायी सुदीप बास्की एक दुकान में बैठे थे। उस वक्त पांच बाइक में दस अपराधी जो नकाब में थे। वे वहां पहुंचे और ताबड़तोड़ गोलियाँ चलाकर उसकी हत्या कर दी। जैसे ही घटना घटी चारों ओर सनसनी फैल गई। मामले में थाना प्रभारी अमित लकड़ा को भी यह सूचना मिलने पर फौरन मौके पर पहुंचे।

## महिला कोषांग सदस्यों ने सात पारिवारिक विवादों का किया निपटारा

**दुमका।** महिला कोषांग की बैठक महिला थाना परिसर में रविवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रशिक्षु आईपीएस डॉ सैयद मुस्तफा हाशमी ने किया। कोषांग सदस्यों ने आपसी सुलह-समझौता से सात पारिवारिक वाद का निपटारा किया। जिसमें जिला के मसलिया थाना क्षेत्र के दलाही गांव के काजल पाल एवं नगर थाना क्षेत्र के मोरटंगा गांव निवासी राकेश पाल के बीच समझौता हुआ। वहीं जिले के रामगढ थाना क्षेत्र के कोनहारा गांव निवासी सकोदी हांसदा एवं थाना क्षेत्र के ही हाट गोड़ाचापड़ गांव निवासी बिनोद मरांडी के बीच सुलह हुआ। जिला के हंसडीहा थाना क्षेत्र बासकी गांव निवासी श्रीफुल सोरेन एवं धमनी गांव निवासी मिसर मरांडी के बीच समझौता हुआ। नगर थाना क्षेत्र के मोनालिसा निवेदिता मुर्मू एवं राकेश रंजन सोरेन के बीच सुलह हुआ। नगर थाना क्षेत्र के जिला स्कूल रोड निवासी अविनाश मोदी एवं धनबाद जिला के झरिया थाना क्षेत्र के राज हॉस्पिटल रोड निवासी आकांक्षा मोदी के बीच का वाद का निपटारा हुआ। इस अवसर पर एसडीपीओ, सदर विजय महतो, थाना प्रभारी अनुपमा सेरेंग, अधिवक्ता वीणा सिंह, कुमार प्रभात, समाजसेवी मनोज घोष, मेडिकल ऑफिसर डॉ बबिता अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## 'एलईओ' कार्यक्रम संपन्न

**बोकारो।** ऑपरेशनल पैरामीटर्स एंड बॉटम मैनेजमेंट इन बीओएफ पर आयोजित दो दिवसीय एलईओ कार्यक्रम का समापन किया गया। मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा परम्परागत तरीके से दीप प्रज्वलन के साथ किया गया था। अधिशासी निदेशक संकार्य सीआर महापात्रा अधिशासी निदेशक वित्त एवं लेखा सुरेश रँगानी मुख्य महाप्रबंधक-प्रभारी स्टील अरविन्द कुमार मुख्य महाप्रबंधक एसएमएस - न्यू व एमआरडी आरके धवन के साथ विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक विभागाध्यक्ष तथा वरीय अधिशासी उपस्थित थे। बोकारो स्टील प्लांट के साथ सेल की सभी सहयोगी इकाइयाँ दुगार्पुर स्टील प्लांट भिलाई स्टील प्लांट इस्को बर्नपुर राउरकेला स्टील प्लांट तथा देश भर के इस्पात संयंत्रों जैसे टाटा स्टील जिंदल स्टील एनएमडीसी लिमिटेड आरआईएनएल के प्रतिभागियों ने अपने प्लांट परफॉर्मेंस बीओएफ संचालन कन्वर्टर के लांस का संचालन तथा अनुरक्षण हुड एंड स्कर्ट के अनुरक्षण जैसे विषय पर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अपने अनुभवों को एक दूसरे के साथ साझा किए।

## राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय लकड़ाखंदा बोकारो में शिक्षकों ने दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय लकड़ाखंदा बोकारो में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर पहलगाम आतंकी हमले में हताहत हुए निर्दोष सैलानियों इसरो के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर के कस्तूरीरंगन एनजी+2 उच्च विद्यालय पत्थरगामा गोड्डा की युवा पीजीटी शिक्षिका आरती कुमारी एवं क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय चास के लिपिक बिनोद कुमार के निधन पर शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्माओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिक्षकों ने आतंकवादी हमले में हताहत हुए निर्दोष सैलानियों की निर्मम हत्या पर क्षोभ प्रकट किया एवं प्रभु से सभी सैलानियों के परिवारजनों को इस संकट की घड़ी में शांति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि मानवता के एकीकृत प्रयास से आतंकवाद का समूल नाश होकर रहेगा। शिक्षक सत्य अहिंसा और पराक्रम का ज्ञान प्रदान कर देश को मजबूत करने का काम करते रहेंगे। संबोधित करते हुए झारखंड +2 शिक्षक संघ बोकारो के सचिव डॉ अवनीश कुमार झा ने दिवंगत अंतरिक्ष वैज्ञानिक पद्म भूषण एवं पद्मश्री से सम्मानित प्रोफेसर के कस्तूरीरंगन के योगदान के लिए उनको आदर पूर्वक याद किया एवं उन्हें महान आत्मा बताया। डॉ झा ने गोड्डा जिले की दिवंगत युवा पीजीटी शिक्षिका आरती कुमारी के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया। उपस्थित इंटरमीडिएट कॉलेजों के शिक्षकों एवं +2 उच्च विद्यालय के स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों ने क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय चास में पदस्थापित लिपिक बिनोद कुमार जी के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया एवं उनके परिवारजनों की प्रति गहरी संवेदना प्रकट कीं। मौके पर मूल्यांकन केंद्र निदेशक कुमारी सविता +2 उच्च विद्यालय हरनाद के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार दत्ता वरीय शिक्षक कंचन कुमार संतोष कुमार सिंह धनंजय कुमार संतोष कुमार महतो राजीव रंजन तिवारी अर्चना कुमारी चंद्र नारायण सिंह मुकेश कुमार यादव रुकमणी गोराईं मो निसार अहमद मनीषा प्रिया बलजीत कौर राजेश कुमार समेत बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

## पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन

**बोकारो।** महिला समिति बोकारो की अध्यक्ष अनीता तिवारी के कुशल नेतृत्व में समिति ने बोकारो क्लब के अभिनंदन कक्ष में सदस्याओं के लिए एक पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया। पाक कला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। निर्णायक मंडली में अध्यक्ष अनीता तिवारी तथा उपाध्यक्ष इति रथ और देवजानी मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों के पाक कला का बारीकी से निरीक्षण किया तथा अपना निर्णय सुनाया। प्रथम व द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर क्रमशः शुक्ला बिस्वास ज्योति रंजना दीप यामिनी व मिन्नी विजेता रहीं तथा सभी को सहभागिता के लिए पुरस्कार प्राप्त हुआ। मनोरंजक खेल तथा संगीत के माध्यम से कार्यक्रम का संचालन श्वेता कुमार ने किया। समिति की सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी ने सदस्याओं को समाज सेवा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। समिति की कार्यकारिणी दल के सदस्य अभिरुचि प्रिया अंजली अनिशा जया प्रीति सिम्मी एवं आशा ने पूरे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया।

## रतन चक आदिवासी बहुल गांव में गहराया पेयजल संकट



खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगंगटी (गोड्डा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत फुलबडिया पंचायत के आदिवासी बहुल गांव रतनचक में इन दिनों पेयजल संकट गहरा गया है। गांव के लोग पीने के पानी को लेकर त्राहिमाम हो रहे हैं। गांव में 40 घर में ढाई सौ की आबादी रहती है, जो कि मात्र एक जलमीनार पर आश्रित है। गांव सड़कों के दोनों किनारों तक लंबी दूरी तक बसा है। गांव के पूर्वी दिशा में गांव के बाहर एक जलमीनार लगी है, जहां गांव के ग्रामीणों को लंबी दूरी सफर कर पानी पीने के लिए अपने सिर पर ढोकर लाना पड़ता है। हालात में भी गांव के ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पाती है। भीषण गर्मी में लोगों की प्यास तक नहीं बुझ पाती है। ग्रामीण दिलीप हसदा, सोनेलाल टुड्डू, पृथा मरांडी, सुनील टुड्डू, बबलू मुर्मू ने बताया की पानी के लिए काफी हाहाकार मचा है। गांव के चारों तरफ पानी के लिए ग्रामीण परेशान है।

गांव के बाहर नदी है, पूरी तरह से सुख चुकी है। इसके पूर्व इस नदी में सालों भर पानी भरा हुआ रहता था। जिससे की गांव के लोग स्नान करने के साथ साथ मवेशियों को भी पानी पिलाने का काम किया करते थे, पर बारिश नहीं होने के कारण परेशानी बढ़ गयी है। अब तो गांव के ग्रामीण काफी चिंतित होने लगे हैं, इस साल कौन-सी आफत आ गयी है। ऐसा लगता है कि भोजन करने से पहले गांव में पेयजल की समुचित व्यवस्था हो जाये। गांव के सैकड़ों की आबादी पीने के पानी को लेकर हलकान है। इन दिनों पेयजल की घनघोर किल्लत के कारण ग्रामीणों के साथ साथ मवेशियों को भी काफी कठिनाई हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर यही हाल रहा तो पानी के बगैर लोग तपड़ने लगेंगे। बीच गांव में एक चापाकल है परंतु दो चार बाल्टी पानी देते देते बंद हो जाता है।

## 34वें वार्षिक उत्सव 'इंद्रधनुष' धूमधाम से मना

### बच्चों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो में मिथिला सांस्कृतिक परिषद द्वारा संचालित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल सेक्टर 4/ई का 34वां वार्षिकोत्सव इन्द्रधनुष धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों शिक्षकों अभिभावकों और अतिथियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा कि मिथिला सांस्कृतिक परिषद हमारे शहर की बहुत ही प्रतिष्ठित संस्था है। यह संस्था शिक्षा के क्षेत्र में देश समाज और इस शहर की आवश्यकता की बहुत बड़ी पूर्ति कर रही है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य- दोनों ऐसे मुद्दे हैं जहां राष्ट्र को अभी और आगे जाना है और ये सारे काम हम सरकार के भरोसे नहीं छोड़ सकते। राष्ट्र के निर्माण में विद्यालय की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने मिथिला सांस्कृतिक परिषद के सभी सदस्यों व पदाधिकारियों के अलावा विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन अगर हम देखें तो एक निवेश का समय है-जब एक व्यक्ति अपने अन्दर ज्ञान का संस्कार का निवेश करता है और यह निवेश उसका जितना ज्यादा होता है उतना वह मानव के नजदीक होता है पशुता से दूर होता है और देवतुल्य हो जाता है। इसलिए यह समय आपके लिए विशेष महत्वपूर्ण समय है। इसके पूर्व विद्यालय के अध्यक्ष हरि मोहन झा सचिव प्रमोद कुमार झा संरक्षक प्रभात कुमार झा मिथिला सांस्कृतिक परिषद के महासचिव नीरज चौधरी प्राचार्य अशोक कुमार पाठक एवं गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम इस समारोह के मुख्य आकर्षण रहे जिसमें भगवती वंदना माटी के रंग कव्वाली वामन अवतार पंचतत्व लोक नृत्य एवं नन्हें बच्चों द्वारा राज कपूर की अविस्मरणीय यादों को नृत्य में पिरोकर प्रस्तुत किए गए। साथ ही विद्यालय की शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक गतिविधियों के लिए मेधावी छात्रों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार पाठक ने स्वागत भाषण देकर सभी को विद्यालय की उपलब्धियों से अवगत कराया। सचिव प्रमोद कुमार झा ने कहा कि प्रयास और अनुशासन हमें आश्वस्त करते हैं जीवन में बड़ी सफलता प्राप्त करने के लिए। मंच का संचालन आर्यन संजीव पीयूसी सानिया एवं एकता ने किया जबकि कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## एक नजर में

### टीएनए टेस्ट परीक्षा शुरू, शैक्षणिक दक्षता की होगी जांच



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा /महागामा।** बीआरसी परिसर स्थित पीएम श्री मिडिल स्कूल बालक परिसर में छह दिवसीय टीएनए टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। बीपीओ मनोज बालहंस ने बताया कि परीक्षा का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों की शैक्षणिक दक्षता को परखना और उन्हें प्रभावी शिक्षण कार्य के लिए तैयार करना है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए प्रखंडस्तरीय टीम का गठन किया है। टीम में बीआरपी शमीम इकबाल, सीआरपी राकेश ठाकुर, सुभाष चंद्र शुक्ला, अब्दुल रशीद और ईश्वर चंद्र मंडल शामिल है। इनकी देखरेख में परीक्षा का संचालन किया जा रहा है। परीक्षा में पहली कक्षा से लेकर 12वीं तक के शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित की गयी है। सभी शिक्षकों का टेस्ट सेंटअप के माध्यम से लिया जा रहा है, जो डिजिटल माध्यम से परीक्षा प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाता है।

हर दिन 149 शिक्षक परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। बीपीओ मनोज बालहंस ने बताया कि परीक्षा का उद्देश्य विद्यालयों में शैक्षणिक कार्यों को अधिक प्रभावी और गुणवत्ता-संपन्न बनाना है, इससे शिक्षकों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं का पता लगाया जा सकेगा, उन्हें उपयुक्त प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। यह प्रयास शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम है, जो छात्रों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने और शिक्षकों की क्षमताओं को मजबूत करने में सहायक होगा।

### हादसे में मृतकों के आश्रितों को मिला तीन तीन लाख का चेक

**बेरमो /खेतको।** 29 जुलाई 2023 का दिन खेतको वासियों के लिये काफी दुख भरा था जबकि मुहर्रम के ताजिया जुलूस के दौरान ताजिया का उपरी हिस्सा 11 हजार बिजली के तार से टकरा गया जिसमें 13 लोग बुरी तरह झुलस गए जबकि इस घटना चार युवाओं क्रमशः गुलाम हुसैन, इनामुल रब, आसिफ रजा तथा साजिद अंसारी का नाम शामिल था। इस घटना के बाद खेतको ही नहीं आसपास के क्षेत्रों में मातम पसर गया था। घटना की सूचना पाते ही पुलिस प्रशासन के अलावे क्षेत्र के सांसद, विधायक के अलावे दर्जनों समाजसेवी पहुचे और दुखी परिजनों का दुख का हिस्सा बना जबकि इस घटना की सबसे अधिक पिड़ा बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप कुमार सिंह के चेहरे पर देखने को मिली जो लाजमी था क्योंकि घटना स्थल उनके ही विधानसभा का हिस्सा था और मरने वाले युवा उन्ही के वेटर थे। घटना के बाद बिजली विभाग और अन्य लोगो द्वारा मदद के अलावे पीड़ित परिजनों के दुखों को कम करने का हर संभव प्रयास किया।

### बेरमो कोयलांचल क्षेत्र में इस वर्ष 100 माइनिंग स्टाफ की प्रोमोशन होगी: विजय

**बेरमो।** इनमोसा ढ़ोरी क्षेत्र द्वारा एसडीओसीएम परियोजना से सेवानिवृत्त सिनियर ओवरमैन मुरारी प्रसाद सिंह और माइनिंग सरदार सरयू चौहान को सम्मान समारोह आयोजित कर सेन्ट्रल कॉलोनी स्थित आफिसर्स क्लब में रविवार को भावभीनी विदाई दी गई। इनमोसा नें इस विदाई समारोह को यादगार बनाया। उपस्थित इनमोसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार सिंह और सीसीएल अधिकारियो ने दोनो को फूल माला पहनाकर ढेरो उपहार एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इनमोसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा का दोनो बेदाग सेवानिवृत्त हुए, यह इनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। कहा कि मुरारी प्रसाद सिंह और सरयू चौहान सरल स्वभाव एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी रहे हैं। कहा कि माईनिंग स्टाफ के हित में हमेशा तत्पर रहते थे। इनके आदर्शो को आत्मसात करने की जरूरत है। एक लंबी अवधी तक नौकरी में रहकर सबका बेहतरी के लिए सहयोग किए है। यही वजह है इस विदाई समारोह में सभी ने भरपूर प्यार दिखा रहे है। सिंह ने बताया कि बेरमो कोयलांचल क्षेत्र के ढोरी, बीएंडके और कथारा क्षेत्र के 100 माइनिंग स्टाफ की प्रोमोशन इस वर्ष होगी।

### माई तोहरी चुंदरी बा लाल लाल रे बघवा चलेली कमाल चाल रे...

**बेरमो /फुसरो।** चैती छठ एवं रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य पर महावीर क्लब रेस्ट हाउस कॉलोनी करगली गेट के द्वारा शनिवार की देर रात को माता जागरण कराया गया. यहाँ सर्वप्रथम पंडित नंदकिशोर पांडेय ने विधिवत पूजन किया. इसके बाद माता रानी का ज्योत स्थानीय मंदिर से बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह, बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, फुसरो नप के पूर्व वार्ड पार्षद रशिम सिंह व कैलाश ठाकुर, युवा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष बैभव चौरसिया, मारवाडी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, समाजसेवी चिकू सिंह, अजय रवानी आदि ने गगनभेदी जयकारा लगाते हुए लाये एवं अतिथियों ने फीता काटकर जागरण का शुभारंभ किया. इसके पश्चात माता जागरण में हाजरी लगाने के लिए सर्वप्रथम गायक मुन्ना यशस्वी व बबलू बवाली ने गणेश बंदना से शुभारंभ किया. इसके पश्चात स्वागतम मईया तेरा स्वागतम मईया... आदि एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को खूब झुमाया. भजन गायक अनीश सिंह भोजपुरिया, जुगनू, जितेन कुमार और गायिकाओ में श्वेता तिवारी व अमृता रॉय ने 'तुम्हे प्रथम पुकारू आज गजानन्द आ जायो..., गणपति आयो बाबा रिद्धि सिद्धि लायो गजानन्द आयो रिद्धि सिद्धि लायो..., माई तोहरी चुंदरी बा लाल लाल रे बघवा चलेली कमाल चाल रे..., लेके पूजा के थाली में ज्योत मन की जलाली तेरी आरती उतारू भोली माँ..., मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है... सहित अनेको भजन प्रस्तुत किए।

### भेड़मुक्का बस्ती स्थित गैसिया जमा मस्जिद कमेटी का चुनाव संपन्न

**बेरमो /फुसरो।** भेड़मुक्का बस्ती स्थित गैसिया जमा मस्जिद कमेटी का चुनाव रविवार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। यहां सदर मनिर अंसारी ने अपने प्रतिद्वंद्वी ताहिर अंसारी को 18 वोट से हरा कर जीत हाशिल किया। वहीं सेक्रेटरी के चुनाव में अबुल कलाम ने अपने प्रतिद्वंद्वी शहादत कादरी को 69 वोट से शिकस्त दिया। जबकि निर्विरोध में उपसदर श्यामुद्दीन, उपसेक्रेटरी जमील अंसारी व खजांची मो. करीम अंसारी ने जीत दर्ज किया। सभी विजेता पदाधिकारियों को चुनाव पदाधिकारी जसीम रजा, साजिद हुसैन, जाविद अख्तर, मसीर आलम, तैसिफ अंसारी व गुलाम जिलानी ने प्रशस्ति पत्र व माला पहना कर स्वागत किया। सदर पद पर मनिर अंसारी व ताहिर अंसारी के बीच मतदान हुआ। जिसमें 156 मतदाताओं में 129 मतदाओं ने मतदान किया। जिसमें मनिर अंसारी को 71 वोट मिले जबकि ताहिर अंसारी को 53 मत प्राप्त हुआ एवं पांच मत रद्द हुआ।

# अटारी सीमा पर वाहनों की लंबी कतार

## मेरी मां भारतीय हैं और उन्हें पाकिस्तान जाने की नहीं दी जा रही अनुमति : सरिता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर पाकिस्तान के नागरिकों के वीजा रद्द किए जाने की समयसीमा रविवार को समाप्त होने के बीच स्वदेश लौट रहे पाकिस्तानी अपने रिश्तेदारों से विदा होते समय भावुक हो गए। पाकिस्तानी किशोरी सरिता ने रोते हुए कहा कि मेरी मां भारतीय हैं और उन्हें हमारे साथ पाकिस्तान जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। सरिता नहीं जानतीं कि अब वह अपनी मां से व्यक्तिगत रूप से कब मिल पायेगी।

सरिता, उनके भाई और पिता रविवार को भारत से पाकिस्तान जाने के लिए अटारी सीमा पर कतार में खड़े सैकड़ों लोगों में शामिल थे। भारत ने घोषणा की है कि पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा 27 अप्रैल से रद्द माने जाएंगे तथा पाकिस्तान में रहने वाले भारतीयों को जल्द से जल्द स्वदेश लौटने की सलाह दी गई है। पाकिस्तानी नागरिकों को जारी मेडिकल वीजा 29 अप्रैल

- **पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किये गये सभी वीजा 27 अप्रैल से रद्द माने जायेंगे**
- **अटारी में कई भारतीय अपने पाकिस्तानी रिश्तेदारों को विदा करने आए थे, बिछड़ने का दर्द साफ झलक रहा था**

तक वैध हैं। पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। इस हमले में 26 लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। अमृतसर जिले में अटारी सीमा पर वाहनों की कतार लग गई, क्योंकि बड़ी संख्या में पाकिस्तानी नागरिक अपने देश जाने के लिए पहुंचे।

अटारी में कई भारतीय अपने पाकिस्तानी रिश्तेदारों को विदा करने आए थे और बिछड़ने का दर्द साफ झलक रहा था। सरिता का परिवार 29 अप्रैल को होने वाली एक रिश्तेदार की शादी के लिए भारत आया था। सरिता ने कहा कि हम नौ साल बाद भारत आए हैं। सरिता, उनका भाई और उनके पिता



पाकिस्तानी हैं, जबकि उनकी मां भारतीय है। भावुक हुई सरिता ने कहा कि वे (अटारी के अधिकारी) हमें बता रहे हैं कि वे मेरी मां को साथ नहीं जाने देंगे। मेरे माता-पिता की शादी 1991 में हुई थी। वे कह रहे हैं कि भारतीय पासपोर्ट धारकों को अनुमति नहीं दी जाएगी। कई पाकिस्तानी नागरिकों ने बताया कि वे भारत में अपने रिश्तेदारों से मिलने आए थे। कुछ लोग यहां शादी में शामिल होने आए थे, लेकिन अब उन्हें शादी में शामिल हुए बिना ही घर लौटना पड़ रहा है। जैसलमेर के एक व्यक्ति ने बताया कि उसके मामा, मामी और बच्चे 36 साल बाद उनसे मिलने आए थे, लेकिन वीजा रद्द होने से उन्हें समय सीमा से पहले ही वापस जाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वे 15 अप्रैल को अमरकोट से 45 दिन के वीजा पर आए थे। किसी को नहीं पता था कि स्थिति ऐसी हो जाएगी। उन्हें अपने सभी रिश्तेदारों से मिलने का समय भी नहीं मिला।

### भारत नहीं छोड़ने वाले पाकिस्तानियों को तीन साल जेल

नयी दिल्ली। कोई भी पाकिस्तानी नागरिक, जो सरकार की तरफ से निर्धारित समय-सीमा के भीतर भारत छोड़ने में विफल रहता है, उसे गिरफ्तार किया जायेगा, उस पर मुकदमा चलाया जायेगा और उसे तीन साल तक की जेल या अधिकतम तीन लाख रुपये का जुर्माना या दोनों सजाओं का सामना करना पड़ सकता है।

### झेलम में अचानक बढ़ा जलस्तर, पीओके में बाढ़ जैसे हालात

इस्लामाबाद। झेलम नदी में अचानक जल स्तर बढ़ने से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बाढ़ के हालात पैदा हो गए हैं। नदी किनारे रहने वाले लोगों ने पूरी रात जागकर काटी है। इससे घबराए पाकिस्तान प्रशासन ने हट्टियन बाला क्षेत्र में वाटर इमरजेंसी की घोषणा तक कर दी है। साथ ही लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया है। मस्जिदों से भी लगातार लोगों को सचेत किया जा रहा है। उधर पाकिस्तान ने भारत पर जानबूझ कर नदी में अधिक पानी छोड़े जाने का आरोप लगाया है। हालांकि भारत की ओर से अभी इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गई है। मुजफ्फराबाद के डिप्टी कमिश्नर फारुक के मुताबिक अचानक शनिवार की शाम को झेलम नदी का जल स्तर बढ़ने लगा। इसके चलते कई इलाकों में बाढ़ के हालात पैदा हो गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक हर सकेंड 22 हजार घन फीट पानी बह रहा है, जिससे गारी दुपट्टा, मझोई व मुजफ्फराबाद आदि इलाकों में बाढ़ के हालात पैदा गए हैं। फारुक ने आरोप लगाया कि भारत ने जानबूझकर झेलम नदी में एकाएक जल को छोड़ा है।

## स्पीड न्यूज

### ईरान के बंदरगाह पर धमाके में अब तक 25 मरे और 800 घायल

तेहरान। ईरान के दक्षिणी प्रांत होर्मोजगन में शनिवार को एक बंदरगाह पर हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गयी और 800 अन्य घायल हो गये। मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने बताया कि घटना का सटीक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### दंतेवाड़ा में 61 लाख की ठगी, पांच गिरफ्तार

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के गीदम निवासी भूपेंद्र तेलामी से 61 लाख रुपए की ठगी मामले में पुलिस ने महाराष्ट्र से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। दिनेश दत्ताराम साबले मलाड वेस्ट मुंबई महाराष्ट्र, वैशाली गणेश नगर पुणे महाराष्ट, नूर मोहम्मद साकीनाका मुंबई महाराष्ट्र, अंसारी असद महमूद जिला नासिक महाराष्ट्र, अबु तलहा अब्दुल अली जिला नासिक, महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पांच बैंक पासबुक एवं अन्य सामान आदि भी मिले।

### मुंबई इडी ऑफिस में भीषण आग

मुंबई। दक्षिण मुंबई स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय में रविवार तड़के भीषण आग लग गयी। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मुंबई दमकल सूत्रों ने यहां बताया कि आग दक्षिण मुंबई के बैलार्ड एस्टेट में स्थित केंद्रीय एजेंसी कार्यालय कैसर-ए-हिंद बिल्डिंग में लगी। दमकलकर्मी और बचाव दल घटनास्थल पर तड़के करीब 02:39 बजे पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि आग पांच मंजिला इमारत की चौथी मंजिल तक ही सीमित रही।

### इजरायल के हमले से 34 फिलिस्तीनी मरे

गाजा। गाजा पट्टी में इजरायली सेना की ओर से किए गए हवाई हमलों में कम से कम 34 फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए हुए हैं। नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने शनिवार को चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि इजरायली सेना ने तटीय परिक्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में कई आवासीय घरों, सभाओं और विस्थापित व्यक्तियों के तंबुओं को निशाना बनाया।

### वडोदरा में 300 घुसपैठिये गिरफ्तार

**वडोदरा।** राज्य के अहमदाबाद और सूरत के बाद अब अन्य शहरों में बांग्लादेश के अवैध घुसपैठियों को पकड़ने का सिलसिला रविवार को भी जारी रहा। वडोदरा शहर के पूर्व क्षेत्र एकतानगर में पुलिस की 10 टीम ने सर्च ऑपरेशन कर 300 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इसमें 200 पुरुषों के वैरिफिकेशन के लिए थाने ले जाया गया है। इस क्षेत्र में देश के विभिन्न राज्यों से आकर लोग बसे हैं। 26 अप्रैल की देर रात अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन जब वडोदरा रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो इसकी जांच में 5 बांग्लादेशी नागरिक मिले थे।

### मंदसौर : कुएं में गिरी वैन, नौ की मौत व चार घायल

मंदसौर। मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक वैन मोटर साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में उससे टकराकर सड़क किनारे खेत में स्थित एक बिना मुंडेर के कुएं में गिर गयी, जिससे मोटर साइकिल सवार सहित नौ लोगों की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गए। वैन सवार लगभग दस लोग नीमच जिले में स्थित माता मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे। तभी नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के काचरिया चौपाटी के समीप वैन सामने से आ रहे मोटर साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में उससे टकरा गयी और इसके बाद अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में बने एक बिना मुंडेर के कुएं में गिर गयी।

## पाकिस्तान ने एलओसी पर लगातार तीसरी बार की गोलीबारी

# सेना ने दिया करारा जवाब

एजेंसी

**श्रीनगर।** पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी कर संघर्षविराम का उल्लंघन किया है। सेना के सूत्रों ने रविवार को बताया कि यह गोलीबारी लगातार तीसरी रात गई है। उन्होंने बताया कि कुपवाड़ा जिले के नौगाम सेक्टर और बारामूला जिले के बोनियार सेक्टर से गोलीबारी की खबर है। सेना ने गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया। सेना के सूत्रों ने कहा कि 26 से 27 अप्रैल की रात को पाकिस्तान सेना की चौकियों ने तुतमारी गली (नौगाम सेक्टर) और



रामपुर (बोनियार उरी) सेक्टरों के सामने के इलाकों में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के गोलीबारी की। और हमारे जवानों ने गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि नौगाम सेक्टर में करीब दो घंटे तक भीषण गोलीबारी हुई। गोलीबारी

**कुपवाड़ा जिले के नौगाम सेक्टर और बारामूला जिले के बोनियार सेक्टर में की नापाक हरकत**

रात करीब एक बजे शुरू हुई। गोलीबारी के दौरान किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। यह लगातार तीसरी रात है जब पाकिस्तानी सेना ने संघर्ष विराम का उल्लंघन किया और नियंत्रण रेखा के कई स्थानों पर छोटे हथियारों से गोलीबारी की। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के बाद भारत व पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव में नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी हुई है। इस हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय की जान चली गई थी।

### जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में अभाविप ने लहराया परचम

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (अभाविप) ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्रसंघ चुनाव में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय के 16 स्कूलों और विभिन्न संयुक्त केंद्रों के 42 काउंसलर पदों में से 23 पदों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। यह किसी भी अन्य छात्र संगठन की तुलना में सर्वाधिक है। अभाविप जेएनयू के इकाई अध्यक्ष राजेश्वर कांत दुबे ने बताया कि रविवार को अभाविप ने जेएनयूएसयू काउंसिल में 42 में से 23 सीटों पर विजय प्राप्त कर काउंसिल में पचास प्रतिशत से अधिक की उपस्थिति पर कब्जा कर लिया है, जिससे जेएनयूएसयू द्वारा किए जाने वाले फैसलों में अब अभाविप की अहम जगह प्राप्त हो सकेगी।

## अंतरिक्ष के क्षेत्र में नयी ऊंचाइयां जल्द छूयेगा भारत : प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि आने वाला समय अंतरिक्ष के क्षेत्र में बहुत सारी नई संभावनाएं लेकर आ रहा है और भारत इस क्षेत्र में नयी ऊंचाइयों को छूने वाला है। मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में महान वैज्ञानिक डॉ के. कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दो दिन पहले हमने देश के महान वैज्ञानिक डॉ के. कस्तूरीरंगन को खो दिया है। उन्होंने कहा कि जब भी डॉ. कस्तूरीरंगन से मुलाकात हुई, हम भारत के युवाओं के प्रतिभा, आधुनिक शिक्षा, अंतरिक्ष विज्ञान ऐसे विषयों पर काफी चर्चा करते थे। विज्ञान, शिक्षा और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नयी ऊंचाई देने में उनके योगदान को हमेशा याद किया

- **मन की बात में पीएम मोदी ने महान वैज्ञानिक कस्तूरीरंगन को दी श्रद्धांजलि**

जाएगा। उनके नेतृत्व में इसरो को एक नयी पहचान मिली। उनके मार्गदर्शन में जो अंतरिक्ष कार्यक्रम आगे बढ़े, उससे भारत के प्रयासों को वैश्विक मान्यता मिली। उन्होंने कहा कि आज भारत जिन सैटेलाइट का उपयोग करता है, उनमें से कई कस्तूरीरंगन की देखरेख में ही लांच की गई थी। उनके व्यक्तित्व की एक और बात बहुत खास थी, जिससे युवा-पीढ़ी उनसे सीख सकती है। उन्होंने हमेशा नवाचार को महत्व दिया। कस्तूरीरंगन ने देश की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तैयार करने में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी।



### नीतीश ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारियों का लिया जायजा

**पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पाटलिपुत्र खेल परिसर में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारियों का रविवार को निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नीतीश ने उद्घाटन समारोह में होनेवाल कार्यक्रम के लिए खिलाड़ियों और कलाकारों द्वारा किए जा रहे अभ्यास का निरीक्षण किया। बिहार में पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स का उद्घा टन 4 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 28 खेलों के लिये 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों से 8500 खिलाड़ी तथा 1500 प्रशिक्षक और तकनीकी अधिकारी शामिल होंगे।**

## भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा होगी कड़ी

एजेंसी

**लखीमपुर खीरी।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच पड़ोसी देश नेपाल ने बेहतर रिश्तों और सीमा सुरक्षा को लेकर एक पहल शुरू की है। नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र के अधिकारियों ने भारतीय क्षेत्र के अधिकारियों के बैठक में सीमा पर चौकसी बरतने, अपराधियों पर लगाम लगाने सहित कई विषयों पर चर्चा की। रविवार को भारत और नेपाल के बीच आपसी विश्वास और सीमा सुरक्षा को और प्रगाढ़ बनाने के उद्देश्य से पलिया में स्थित 39 बटालियन एसएसबी गदनिया में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक हुई। इस बैठक में दोनों देशों के अधिकारियों ने सुरक्षित और अपराधमुक्त सीमाएं बनाए रखने का साझा संकल्प लिया। बैठक में भारत की ओर से लखीमपुर खीरी जिले के डीएम

- **पहलगाम में हमले के बाद दोनों देशों के अधिकारियों ने सीमा को सुरक्षित बनाने का लिया संकल्प**

दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, वन विभाग तथा एसएसबी के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं नेपाल की ओर से कैलाली और कंचनपुर अंचल के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच केवल भौगोलिक सीमाएं नहीं हैं, बल्कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक रिश्तों की एक गहरी और मजबूत नींव भी है। दोनों देश ऐसे मित्र राष्ट्र हैं, जिनके बीच सीमाएं तो हैं, लेकिन दिलों की दूरियां कभी नहीं रहीं। हमारी साझा सांस्कृतिक, सामाजिक और ऐतिहासिक विरासत हमें जोड़ती है। आज हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस विरासत को सुरक्षित रखते हुए




अपनी सीमाओं को भी पूरी तरह सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाएं। एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि सीमा सुरक्षा तभी संभव है जब दोनों देशों की एजेंसियां एक-दूसरे के साथ निरंतर संवाद करें, सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान हो और संयुक्त कार्रवाई की प्रभावी प्रणाली विकसित की जाए। हमें तस्करी, मानव तस्करी, अवैध शिकार और अन्य अपराधों पर मिलकर सख्त नियंत्रण करना होगा। नेपाल के सीडीओ कैलाली गोगन बहादुर हमाल व सीडीओ कंचनपुर लक्ष्मण ढकल ने कहा कि भारत और नेपाल के संबंध सदियों पुराने, गहरे और विश्वास से भरे हुए हैं। दोनों देशों के अधिकारियों ने सीमा स्तंभ, नो मैन्स लैंड पर अतिक्रमण, सीमा पर संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने के उपाय, सीमा चौकी, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, वाहन चोरी, आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण, अवैध शिकार, अवैध वनों की कटाई पर गहन मंथन किया। बैठक में अधिकारियों ने मादक पदार्थों की तस्करी, अपराधियों की धर पकड़ करने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और कार्ययोजना बनाई।

# आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी शेयर बाजार की नजर

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के चीन से होने वाले आयात पर शुल्क (टैरिफ) में कमी किये जाने के संकेत और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तरलता बढ़ाने के उपाय की बदौलत स्थानीय स्तर पर हुई दमदार लिवाली से बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक चढ़े घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह आर्थिक आंकड़ों के साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफएफआई) के रुख पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 659.33 अंक अर्थात 0.83 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 79212.53 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का



निफ्टी 187.7 अंक यानी 0.8 प्रतिशत की तेजी के साथ 24039.35 अंक हो गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 548.51 अंक अर्थात 1.3 प्रतिशत मजबूत होकर सप्ताहांत पर 42528.71 अंक और स्मॉलकैप 58.96 अंक यानी 0.12 प्रतिशत बढ़कर 48005.62

- **अगले हफ्ते जीडीपी व वाहन बिक्री के आंकड़े जारी होंगे**

अंक पर बंद हुआ। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 का देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े जारी होने वाला है। साथ ही अप्रैल 2025 के वाहन बिक्री के आंकड़े भी आने वाले हैं। इन आंकड़ों पर बाजार की नजर रहेगी। इसके अलावा अगले सप्ताह एफएफआई के निवेश प्रवाह का भी बाजार पर असर रहेगा। इस वर्ष अप्रैल में अबतक बाजार से एफएफआई 2,175.26 करोड़ रुपये निकाल चुके है। हालांकि इस अवधि में घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीडीआई) ने 22,249.47 करोड़ रुपये की लिवाली की है। बीते सप्ताह शेयर बाजार में तीन दिन तेजी जबकि दो दिन गिरावट रही। ट्रंप के भारत समेत 75 देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने के निर्णय को 09 जुलाई तक टालने से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 860.06 अंक की छलांग लगाकर 79,413.26 अंक और निफ्टी 273.90 अंक उछलकर 24125.55 अंक पर बंद हुआ। आरबीआई की तरलता से एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थकेयर और रियल्टी समेत ग्यारह समूहों में हुई लिवाली से मंगलवार को शेयर बाजार में लगातार छठे दिन तेजी रही।

### छह कंपनियों का मार्केट कैप 1.18 लाख करोड़ बढ़ा

देश की शीर्ष 10 मूल्यवान फर्मों में छह का संयुक्त मार्केट कैप पिछले सप्ताह 1,18,626.24 करोड़ रुपये बढ़ गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को सबसे अधिक लाभ हुआ। इंडस्ट्रीज लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस और आईटीसी का मूल्यांकन बढ़ा। दूसरी ओर भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में कमी आई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 53,692.42 करोड़ रुपये बढ़कर 12,47,281.40 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 34,507.55 करोड़ रुपये जोड़े, और उसका मूल्यांकन 17,59,276.14 करोड़ रुपये रहा। इंफोसिस का बाजार मूल्यांकन 24,919.58 करोड़ रुपये बढ़कर 6,14,766.06 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 2,907.85 करोड़ रुपये बढ़कर 14,61,842.17 करोड़ रुपये हो गया।